kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-196 | बुधवार, 20 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



वैश्विक परिप्रेक्ष्य में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। भू-राजनीतिक परिस्थितियां, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद की चुनौतियां सामने हैं। ऐसे समय में युवा अधिकारियों की चपलता और अनुकूलन क्षमता, भारत की सफलता की कुंजी होगी। **द्रौपदी मुर्मु**

केंद्र ने 6-लेन भुवनेश्वर बाईपास को दी मंजूरी 11

बिहार में नीतीश कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर 12

## संक्षेप

### ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** भारत ने कहा है कि ताइवान को लेकर उसके पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। चीन के विदेश मंत्रालय के हवाले से कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह माना कि ताइवान चीन का हिस्सा है। सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि इन मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा गलत है। उन्होंने कहा कि भारत के ताइवान के साथ रिश्ते आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित है । सूत्रों ने कहा, ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत का ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है। हम इसे जारी रखने का इरादा रखते हैं।

### डा शंकुतला पुनर्वास विवि के पूर्व कुलपति निशीथ राय का निधन

**लखनऊ।** डा. शंकुतला पुनर्वास विवि के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो निशीथ राय का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वह करीब 61 वर्ष के थे। श्री राय पैंक्रियाज के कैंसर की गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। उन्हे पिछले दिनो संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया था जहां देर रात उन्होने अंतिम सांस ली। श्री राय का नाम लखनऊ के प्रख्यात शिक्षाविदों में लिया जाता है। वह लखनऊ से प्रकाशित डेली न्यूज एक्टिविस्ट (डीएनए) के संस्थापक थे। परिजनो के अनुसार मंगलवार देर शाम उनका अंतिम संस्कर भैसाकुंड शवदाह गृह में कर दिया गया।

### घूसखोरी पर गन्ना विकास विभाग ने मुरादाबाद के प्रधान सहायक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास विभाग ने मुरादाबाद के प्रधान सहायक संजय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। यह कारवाई घूसखोरी के मामले में की है। रिश्वत से संबंधित एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। विभाग ने इसका संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। गन्ना विकास विभाग के मुरादाबाद परिक्षेत्र में तैनात प्रधान सहायक संजय कुमार सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। इस संबंध में एक वीडियो क्लिप सामने आने पर यह कार्रवाई की गई है। क्लिप की जांच में यह सामने आया कि संजय कुमार सिंह ने सेवानिवृत्ति के देयों के भुगतान की स्वीकृति में रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद से प्राप्त पत्र में ओवर राइटिंग कर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया। ग्रेच्युटी भुगतान से संबंधित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब किया। उनके इस कृत्य को उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

# भारत को उर्वरक और रेयर-अर्थ मेटल देगा चीन

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है। सूत्रों के अनुसार चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है।

श्री वांग यी सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे। उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। श्री वांग यी यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मंगलवार को सीमा वार्ता के 24वें दौर की बातचीत करेंगे। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं, और इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि संबंधों को तीन परस्पर मूल्यों पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक हित द्वारा निर्देशित होना चाहिए। इसको मतभेद, विवाद या प्रतिस्पर्धा में नहीं बदलना चाहिये। डॉ. जयशंकर ने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारी चर्चाएँ भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी, जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा और हमारी चिंताओं का समाधान करेगा। बैठक के दौरान डॉ जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर तनाव कम करने की



**राहत**

- चीन का भारत की उर्वरक, दुर्लभ खनिज और सुरंग खोदने वाली मशीनों संबंधी चिंताओं को हल करने का आश्वासन
- चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था

प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्री वांग यी, का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करने कार्यक्रम भी है। यह यात्रा प्रधानमंत्री मोदी की सात वर्षों में संभावित पहली चीन यात्रा से कुछ ही दिन पहले हो रही है। चीन के विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार श्री वांग यी ने कहा कि सीमा पर धौंस-धमकी देना सामान्य बात है इसलिए दोनों पक्षों को दुनिया के बहुध्रुवीकरण को बढ़ावा देने में योगदान देना चाहिए।ङ्क इसमें आगे कहा गया है कि चीन और भारत को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी या खतरा नहीं, बल्कि साझेदार और अवसर के रूप में देखना चाहिए। ● शेष पेज 11 पर

### भारत-चीन के विश्वसनीय संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए महत्वपूर्ण: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और चीन के बीच स्थिर, विश्वसनीय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार शाम श्री मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद श्री मोदी ने कहा कि पिछले साल कज़ान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाक़ात के बाद से, भारत-चीन संबंधों ● शेष पेज 11 पर

### भारत चीन संबंधों में आये सुधार से आगे बढ़ने में मदद मिली: डोभाल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। श्री डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में श्री वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएँ शांत रही हैं। शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मज़बूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जायेंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएँ बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्री डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्टता आयेगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आये श्री वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ एस़ जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी।

# राष्ट्रपति के संदर्भ का उत्तर देने से तमिलनाडु में विधेयकों की मंजूरी प्रभावित नहीं होगी: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय करने से संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ पर मंगलवार को सुनवाई शुरू की।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर की संविधान पीठ ने तमिलनाडु और केरल द्वारा व्यक्त की गई आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया।

पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति के 13 मई 2025 को दिए गए संदर्भ का उत्तर देने से विधेयकों को मंजूरी देने की समयसीमा पर शीर्ष अदालत के तमिलनाडु के संदर्भ में दिए गए फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पीठ ने कहा, हम यह तय नहीं कर रहे हैं कि तमिलनाडु का फैसला सही है या नहीं। हम उस मुद्दे पर फैसला नहीं कर रहे हैं। हम केवल राष्ट्रपति द्वारा दिए गए संदर्भ का उत्तर दे रहे हैं। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु और केरल सरकारों का पक्ष रख रहे अधिवक्ता की ओर से राष्ट्रपति के संदर्भ की स्वीकार्यता पर ही सवाल उठाने पर ये टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर राष्ट्रपति स्वयं राष्ट्रपति के संदर्भ के माध्यम से विचार मांग रही हैं तो इसमें क्या गलत है। शीर्ष अदालत केवल सलाहकार क्षेत्राधिकार के तहत कार्य कर रही है।

पीठ ने कहा कि अदालत केवल कानून पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त करेगा और तमिलनाडु मामले पर कोई निर्णय नहीं सुनाएगा। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की (शीर्ष



अदालत) पीठ ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा 10 विधेयकों पर अपनी स्वीकृति न देने के निर्णय को 8 अप्रैल, 2025 को ''अवैध'' और ''मनमाना'' बताया और राष्ट्रपति द्वारा इन विधेयकों को मंजूरी देने के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की। दो सदस्यीय पीठ के इस फैसले के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए शीर्ष न्यायालय से यह जानने का प्रयास किया कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं। तमिलनाडु सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि वर्तमान मामले की प्रकृति ऐसी है कि पीठ तमिलनाडु मामले के निर्णय को प्रभावित कर सकती है। अदालत ने हालांकि कहा कि पीठ केवल कानून पर अपना दृष्टिकोण रखेगी और तमिलनाडु मामले पर कोई निर्णय नहीं सुनाएगी। उसने यह भी कहा कि पीठ केवल अपनी राय देगी और इससे निर्णय प्रभावित नहीं होगा। राष्ट्रपति के इस संदर्भ को ● शेष पेज 11 पर

# एसपी गोयल छुट्टी पर गए, दीपक कुमार को मुख्य सचिव का प्रभार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- छुट्टी से वापस आने तक उनके पास उनके सभी प्रभारों का दायित्व

लखनऊ। एसपी गोयल के छुट्टी पर जाने की वजह से कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास आयुक्त के साथ उनके सभी दायित्वों का प्रभार दिया गया है। दीपक कुमार के पास यह प्रभार उनके छुट्टी से वापस आने तक रहेगा। मनोज कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद 31 जुलाई को एसपी गोयल को मुख्य सचिव बनाया गया है। उनके पास अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा और उपशा तथा परियोजना निदेशक यूपीडास्प का प्रभार है। उनके छुट्टी पर जाने की वजह से इन सभी पदों का प्रभार कृषि उत्पादन आयुक्त को दिया गया है।

एसपी गोयल को मुख्य सचिव बने हुए मात्र अभी 20 दिन हुए हैं। इसलिए उनके छुट्टी पर जाते ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। चर्चा यह है कि वह छुट्टी में दिल्ली गए थे और वहीं पर उनकी तबियत खराब हो गई और स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने छुट्टी ले ली है। बताया जा रहा है कि इसके चलते ही उनके छुट्टी से आने तक दीपक कुमार को उनके सभी दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ब्यूरोक्रेसी में जल्द बड़ा बदलाव उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में जल्द ही बड़ा बदलाव होने वाला है। अपर मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव और कई सचिव के साथ कुछ मंडलों के मंडलायुक्तों के दायित्वों में बदलाव किया जाना है। बताया जा रहा है कि जिन विभागों के मुखिया कई सालों से एक ही विभाग में हैं उनको दूसरे विभागों में भेजा जाने पर मंथन चल रहा है। बताया रहा है कि कई विभागों के मुखिया को बदलने पर सहमति बन गई है और कुछ में अभी चर्चा होना बाकी है।

**यूपी सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच समझौता**

# युवाओं में ग्लोबल लीडरशिप तैयार करेगी चिवनिंग-यूपी छात्रवृत्ति योजना : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ। इसके तहत चिवनिंग-भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह



छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को ग्लोबल लीडरशिप रोल के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रेरणा से प्रारंभ की गई यह योजना प्रदेश के युवाओं को वैश्विक शिक्षा और नेतृत्व में नई ऊंचाइयां हासिल करने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि ● शेष पेज 11 पर

## अब तक 22 जिलों ने ही भेजी वार्डों के पुनर्गठन की रिपोर्ट

लखनऊ। अगले साल होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर जिलों में वार्डों के पुनर्गठन का कार्य भले ही 10 अगस्त को पूरा हो चुका है लेकिन अभी तक पंचायतीराज निदेशालय को सिर्फ 22 जिलों ने ही रिपोर्ट भेजी है। जिसके कारण सभी जिलों की समग्र अंतिम सूची तैयार नहीं हो पा रही है। ऐसे में अब 53 जिलों को चेतावनी पत्र जारी कर जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के बाद वार्डों के पुनर्गठन का कार्य बीते 18 जुलाई को शुरू हुआ था। जिन 22 जिलों से वार्डों के पुनर्गठन की रिपोर्ट आई है, उनमें अलीगढ़, फतेहपुर, हापुड़, इटावा, हाथरस, अयोध्या, लखनऊ, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, अमरोहा, सिद्धार्थनगर, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, कन्नौज, अंबेडकरनगर, एटा, जालौन, चंदौली और देवरिया शामिल हैं। जिलों में 18 जुलाई से शुरू हुई वार्डों के पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत पांच अगस्त तक आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद छह से 10 अगस्त तक जिलों में ● शेष पेज 11 पर

# अयोध्या में स्थापित होगी एटीएस की नई यूनिट

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के सदर तहसील क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) की नई यूनिट स्थापित होगी। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उपजिलाधिकारी सदर शासन के मानक के अनुसार भूमि का प्रबंध करने का निर्देश दिया। इसके साथ साथ तीन पुलिस चौकियों का उच्चीकृत कर थाना बनाया जाएगा, इसके लिए भी भूमि उपलब्ध कराने का आदेश दिया। अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरूस्त करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने एटीएस की यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। उसके लिए जिला प्रशासन को उचित स्थान पर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। आज डीएम ने इससे जुड़े सभी अधिकारियों के साथ बैठक किया और




अभिलंब भूमि उपलब्ध कराने का आदेश दिया। एसडीएम आरपी तिवारी ने डीएम की बैठक से आने के बाद अपने विभागीय अधिकारियों को लैंड सर्च का आदेश दिया। अयोध्या नगर कोतवाली की देवकाली चौकी, थाना कैंट की सहादतगंज पुलिस चौकी और थाना महाराज गंज की अरवत पुलिस चौकी को थाना बनाने का आदेश भी शासन से मिला था। डीएम ने इन चौकियों को भी थाना निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध कराने की निर्देश दिया था उस पर भी संबंधित लेखपालों ● शेष पेज 11 पर

# मोदी की विपक्ष से राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी सी पी राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की है।

श्री मोदी ने यहां संसद भवन के सभागार में राजग सांसदों की बैठक में सभी सांसदों विशेष रूप से विपक्षी दलों से श्री राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की ताकि उन्हें सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति चुना जाये। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, मंगलवार सुबह दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाग लिया। उपराष्ट्रपति पद के लिए सी पी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के पक्ष में उत्साह देखकर प्रसन्नता हुई। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग उम्मीदवार श्री राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया। सांसदों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। सांसदों ने श्री राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाने पर प्रधानमंत्री का भी



आभार व्यक्त किया। श्री रिजिजू ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार के तौर पर सी पी राधाकृष्णन का नाम तय किया गया है, उन्हें सभी दल एकजुट होकर सर्वसम्मति से समर्थन दें। प्रधानमंत्री ने खासकर विपक्षी दलों से अपील की है कि वे सी पी राधाकृष्णन का समर्थन करें। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी राजग प्रत्याशी के समर्थन और सर्वसम्मति से चुनाव को लेकर सभी दलों से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सब मिलकर उपराष्ट्रपति के चुनाव में श्री राधाकृष्णन का समर्थन करें। यह लोकतंत्र के लिए, देश के लिए और राज्यसभा को चलाने में भी बहुत उपयोगी होगा। श्री रिजिजू ने श्री राधाकृष्णन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके जीवन अविवादित है। उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया। उनके ऊपर कोई दाग नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, उन्होंने बहुत ही सादे जीवन का निर्वहन ● शेष पेज 11 पर

## पूर्व न्यायाधीश सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का एलान किया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी संदोष कुमार, कांग्रेस के के सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर,



समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे। बिहार में 1300 किमी की वोटर अधिकार यात्रा कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्री रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मैं श्री बी. सुदर्शन रेड्डी गारू को भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में नामित किए जाने पर हार्दिक बधाई देता हूँ। वह एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता और न्याय के प्रणेता हैं और लोगों के अधिकारों, समानता और हमारे लोकतंत्र की रक्षा की संविधान की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम इस वैचारिक ● शेष पेज 11 पर

# सिराथू तहसील परिसर में लेखपालों की गुंडागर्दी, दलित किसान और बेटों की पिटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज/ कौशांबी। प्रयागराज मंडल के कौशाम्बी जिले के सिराथू तहसील परिसर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब रिश्वतखोरी और दबंगई के आरोप में कुख्यात लेखपालों ने एक दलित किसान और उसके बेटों की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित किसान की पहचान उदहिन बुजुर्ग गांव निवासी राम प्रसाद सरोज के रूप में हुई है। गांवक गांव के ही राम प्रसाद और रमेश कुमार नाम मत्स्य पालन का पट्टा 6 अगस्त को मिला था। मंगलवार को मत्स्य विभाग के अधिकारी ने लेखपाल से आवेदन पत्र रिपोर्ट तैयार कर लिखवाने को कहा था । इतने में राम प्रसाद रमेश लेखपाल से कई बार जाकर आवेदन पत्र पर रिपोर्ट लगाने के लिए कहा लेकिन वह परेशान कर रहा था और आज 4 -4 हजार और मांग रहा था ।जानकारी के मुताबिक राम प्रसाद सरोज ने मत्स्य पालन के लिए तालाब का पट्टा कराया था। आरोप है कि पट्टे की रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल रियाज अहमद ने किसान से ?5000 की रिश्वत मांगी थी। किसान ने 18 अगस्त को ?1000 एडवांस भी दिया था, लेकिन मंगलवार को जब वह तहसील पहुंचा तो लेखपाल ने शेष ?4000 की मांग की। किसान द्वारा इंकार करने पर दोनों के बीच बहस हो गई। तभी दबंग लेखपाल सुल्तान अहमद समेत अन्य कई लेखपालों ने किसान को कक्ष के अंदर घेरकर जमकर पिटाई की। इस दौरान बीच-बचाव करने आए किसान के दोनों बेटों को भी पीट दिया गया। किसान ने लेखपाल को सादा कागज दिया और बात हो रही थी तभी सुल्तान अहमद ने जाती सूचक गालियां देते हुए मारपीट करने लगा । मारपीट की इस घटना से तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि हमला झेलने वाले किसान को ही बाद में पुलिस थाने ले गई और उसे हिरासत में डाल दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लेखपाल सुल्तान अहमद पहले से ही कई अवैध प्लॉटिंग और भूदान की जमीनों में गड़बड़ियों में शामिल रहा है। आरोप है कि उसने करोड़ों रुपये की काली कमाई कर रखी है। बताया जाता है कि उसके पिता ईशा पुत्र मूसा भी लेखपाल रहे थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में भूदान की जमीन को हेराफ़ेरी कर अपने नाम करा लिया था। उनकी मृत्यु के बाद यह जमीन सुल्तान और उसकी मां के नाम चढ़ी और बाद में सुल्तान ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये में अपने हिस्से की जमीन प्रयागराज के एक व्यक्ति को बेच दी। इसी पैसे से उसने कई अन्य जगहों पर जमीनें खरीदीं और अवैध प्लॉटिंग का धंधा शुरू कराया।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सुल्तान अहमद की दबंगई और भ्रष्टाचार की शिकायतें पहले भी कई बार उठ चुकी हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। अब तहसील परिसर में खुलेआम हुई इस मारपीट ने लेखपालों की कार्यशैली और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इस घटना पर एसडीएम सिराथू का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तहसील परिसर में हुई इस शर्मनाक वारदात से आम किसानों में गुस्सा और भय का माहौल है ।

## करेला बाग में वर्चस्व की लड़ाई, जन्माष्टमी मेले में भिड़े दो पक्ष, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। करेला बाग क्षेत्र में जन्माष्टमी मेले के दौरान वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद भयंकर मारपीट हो गई। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, सोमवार रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में मामूली विवाद वर्चस्व की लड़ाई का रूप ले बैठा। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में कई लोग घायल हुए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों में तनाव बढ़ता चला गया।घटना की जानकारी मिलते ही करेली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर भी आरोपियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने करेला बाग इलाके में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने क्षेत्र में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

## जिला उद्यान अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, आलू निकासी पर दिया जोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने मंगलवार को जनपद के निजी शीतगृहों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने जीएमसी कोल्ड स्टोरेज चिल्ला गौहानी का निरीक्षण कर आलू भंडारण एवं निकासी की स्थिति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अब तक शीतगृह से केवल 20 प्रतिशत आलू की ही निकासी हो पाई है। जबकि भंडारण अवधि की समाप्ति में मात्र दो माह का समय शेष है।अधिकारी ने निर्देश दिया कि शीतगृह स्वामी लगातार कृषकों को आलू की निकासी के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि मंडी में नियमित रूप से आलू की आवक बनी रहे और भंडारण की अवधि के अंत में डम्प जैसी स्थिति न उत्पन्न हो।उन्होंने कहा कि समय पर निकासी से न केवल किसानों को लाभ होगा बल्कि भंडारण की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। साथ ही, मंडी में आपूर्ति और मूल्य नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा

## बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : अनिल कुमार

**लखनऊ।** विपक्ष के वोट चोरी के आरोप को निराधार बताते हुये उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था है और बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है। इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला के आधुनिकीकरण के उपरांत लोकार्पण के मौके पर पहुंचे अनिल कुमार ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नही है। बिहार में चुनाव है और उन्हें पता है कि उनकी जमीन खिसक चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में एनडीए दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। राहुल गांधी की यात्रा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नही पड़ने वाला है।

## 21 अगस्त को ग्रामीण पर्यटन के प्रोत्साहन के लिये संगोष्ठी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 अगस्त, को लखनऊ में एक कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा।
इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विषेशज्ञों, फार्म स्टे और होम स्टे मालिकों, ग्रामीण एवं जिला समन्वयकों और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं, चुनौतियों और विभिन्न रणनीतियों पर विचार मंथन किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में एग्री टूरिज्म को नई पहचान दिलाने की दिशा में काम कर रही है। कृषि और पर्यटन क्षेत्र को जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। पर्यटन विभाग द्वारा फार्म स्टे, होम स्टे और ग्रामीण अनुभव यात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ताकि, देश-विदेश से आने वाले पर्यटक ग्रामीण जीवनशैली, खेती-बाड़ी, जैविक कृषि और पारंपरिक खानपान से सीधे जुड़ सकें।

## औरैया में हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में एक व्यक्ति को उम्रकैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है।
सदर कोतवाली क्षेत्र में आठ साल पहले हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक द्वितीय) विनय प्रकाश सिंह ने दोषी राजू मेंबर (निवासी हरचंदपुर कदौरा, जालौन) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, कोर्ट ने अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद राजपूत ने बताया कि ग्राम मैडी, हमीरपुर के रहने वाले प्रेमपाल ने 8 साल पहले सदर कोतवाली में यह केस दर्ज कराया था। प्रेमपाल ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसका अविवाहित भाई प्रह्लाद (28), जो राधा स्वामी ईंट-भट्ठे पर काम करता था। 6/7 अप्रैल 2017 की रात अपने बहनोई राजू मेंबर के साथ था। किसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसी झगड़े से नाराज होकर राजू मेंबर ने प्रह्लाद की गर्दन पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की। अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक द्वितीय) की कोर्ट में चले इस मुकदमे का फैसला मंगलवार को सुनाया गया। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि दोषी को कठोर से कठोर सज़ा मिलनी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, अपर सत्र न्यायाधीश विनय प्रकाश सिंह ने आजीवन कारावास की सजा का एलान किया।

## शाहजहांपुर में अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले की जैतीपुर पुलिस ने मंगलवार को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो किलो 54 ग्राम फाइन क्वालिटी अफ़ीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग छह लाख रुपये आंकी गयी है।
क्षेत्राधिकारी तिलहर दिव्या गुप्ता ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बण्डिया खुर्द तिराहे के पास घेराबंदी कर पुलिस ने तस्कर अताऊल हक (33) और मोहम्मद नौसाद (35) को गिरफ्तार किया है। झारखंड निवासी बदमाशों के कब्जे से कुल दो किलो 54 ग्राम फाइन क्वालिटी अफीम और 2150 रूपये बरामद हुये है।
पकड़े गए दोनो तस्कर झारखण्ड में लातेहर जिले के रहने वाले है। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत छह लाख रुपये है।

## काशी रुद्रास ने कानपुर सुपरस्टार्स को 24 रन से हराया

**लखनऊ।** यूपी टी20 लीग के चौथे मुकाबले में काशी रुद्रास ने मंगलवार को क्रिकेट के हर विभाग में कानपुर सुपरस्टार्स को बौना साबित करते हुये 24 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम पर काशी रुद्रास ने पहले खेलते हुये तीन विकेट पर 201 रन बनाये जिसके जवाब में कानपुर सुपरस्टार्स निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 177 रन ही बना सकी। कानपुर सुपरस्टार्स की मौजूदा संस्करण में लगातार यह दूसरी हार है। काशी रुद्रास की ओर से अभिषेक गोस्वामी 52 गेंदो पर सर्वाधिक 84 रन बनाये। उन्होने उवैस अहमद (48) के साथ 96 रनो की भागीदारी निभायी। बाद में विकेटकीपर बल्लेबाज उपेन्द्र यादव ने मात्र 19 गेंदो पर 45 रन ठोक कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे कानपुर सुपरस्टार्स के बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी नजर आयी। शौर्य सिंह और यशु प्रधान के तौर पर सलामी जोड़ी मात्र सात रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। हालांकि एक छोर पर आदर्श सिंह (100 नाबाद) ने गजब का उत्साह दिखाते हुये एक छोर पर खूंटा गाड़ दिया मगर दूसरे छोर पर उन्हे साथी बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिला। आदर्श अंत तक क्रीज पर डटे रहे। उन्होने 59 गेंद खेलकर नौ चौके और पांच छक्के लगाये। कप्तान समीर रिजवी (25) ने हालांकि कुछ समय तक क्रीज पर डटे रहने का साहस दिखाया। कानपुर के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने का श्रेय सुनील कुमार (25 रन पर तीन विकेट) और अटल बिहारी राय (33 रन पर दो विकेट) को जाता है। उनके अलावा शिवम मावी,करन शर्मा और रिषभ राजपूत को एक एक विकेट मिला।

## ग्रेटर नोएडा में ग्रेनाइट के ट्रक में पकड़ी नशीले पदार्थ की बड़ी खेप

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश स्थित ग्रेटर नोएडा इकोटेक तीसरी थाना पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर हाइवे पर जा रहे मुख्य सड़क मार्ग से हरियाणा नंबर के ट्रक को चेकिंग के लिए रोका गया जिसमें लोड ग्रेनाइट टाइल्स के बीच में रखे एक कुंटल 64 किलो से अधिक की मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 40 लाख बताई जा रही है। ट्रक समेत पकड़े गए दोनों अभियुक्त अलीहसन ड्राइवर और साथी योगेंद्र पुलिस को गुमराह करने के लिए ग्रेनाइट टाइल्स का बिल्टी दिखाकर टोल और पुलिस चैकिंग से आसानी से निकल जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्त ट्रक/गाडी से ग्रेनाइट पत्थर को आंध्र प्रदेश से गाडी में लोड करते थे और उड़ीसा से अपने साथी के साथ मिलकर गांजे की खरीद कर ग्रेनाइट पत्थर के बीच में रखकर विभिन्न स्थानों पर अधिक आर्थिक लाभ कमाने के लिए सप्लाई करते थे। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्हें ये माल ओडिशा राज्य से खरीदकर अरविन्द किशोर उर्फ टोनी देता था तथा विभिन्न स्थानों पर भिजवाने के लिए सप्लाई करता था ।
पुलिस की छानबीन में पता चला कि पकड़े गए दोनों अभियुक्त पहले भी ओडिशा राज्य से जेल जा चुके हैं। डीसीपी सेंट्रल द्वारा दोनों अभियुक्तों को गांजा सप्लाई करने वाले तीसरे अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीम गठन कर तलाश में जुट गई है।

## लखनऊ में अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा हो सकेगा पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ शहर में होटल का निर्माण कराना अब और भी आसान होगा। इसके लिए भू-उपयोग की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। न्यू बिल्डिंग बायलॉज के तहत अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा पास किया जाएगा। इससे शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर के साथ-साथ होटल व्यवसाय को भी पंख लगेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में मंगलवार को एलडीए की टीम ने चारबाग में होटल व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय व मानचित्र सेल के सहायक अभियंता सतीश यादव ने व्यापारियों को नये नियमों के फायदे बताये। उन्होंने बताया कि नये नियमों का उद्देश्य भवन निर्माण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाना है। नये नियमों के तहत बिल्डर छोटे भूखंडों पर नक्शा अनुमोदन कर सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण से समय और लागत की बचत होगी। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति से लोगों को अधिक आय के अवसर मिलेंगे। साथ ही अधिक निर्माण क्षेत्र और ऊंचाई की छूट से कम जमीन पर बड़े प्रोजेक्ट्स संभव होंगे।

संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति के अंतर्गत होटल व्यवसाय को वाह्य विकास शुल्क एवं प्रभाव शुल्क से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा होटल, चिकित्सालय और पेइंग गेस्ट सुविधाओं के लिए एनओसी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।

## गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का होगा शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया-दिल्ली मार्ग पर नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया**

**यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी। रेलवे के अनुसार, 22 अगस्त 2025 को गया से दिल्ली तक उद्घाटन विशेष ट्रेन (संख्या 03621) चलाई जाएगी**

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया-दिल्ली मार्ग पर नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलेगी।रेलवे के अनुसार, 22 अगस्त 2025 को गया से दिल्ली तक उद्घाटन विशेष ट्रेन (संख्या 03621) चलाई जाएगी। यह ट्रेन गया से सुबह 10:50 बजे खुलेगी और अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी, टूंडला और गाजियाबाद होते हुए दिल्ली सुबह 04:30 बजे पहुंचेगी।उद्घाटन विशेष में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 2 एसएलआर/डी, 11 सामान्य, 8 स्लीपर और 1 पैंट्री कार शामिल होंगे।नियमित सेवा 28 अगस्त सेइस गाड़ी की नियमित सेवा 28 अगस्त 2025 से शुरू होगी। ट्रेन संख्या 13697 गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस हर रविवार और गुरुवार को गया से चलेगी, जबकि 13698 दिल्ली-गया अमृत भारत एक्सप्रेस हर सोमवार और शुक्रवार को दिल्ली से संचालित होगी।मुख्य ठहराव और समयगया से प्रस्थान : 16:30 बजेदिल्ली आगमन : अगले दिन 12:00 बजेप्रमुख ठहराव : अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी, टूंडला, गाजियाबादवापसी में दिल्ली से गाड़ी सुबह 08:55 बजे (मंगलवार और शनिवार) खुलेगी और अगले दिन 14:00 बजे गया पहुंचेगी।रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन यात्रियों को बेहतर और तेज सुविधा देने की दिशा में एक अहम कदम है। इस ट्रेन से गया, प्रयागराज और दिल्ली मार्ग के यात्रियों को काफी सुविधा होगी।?? मुख्य बिंदु:गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलेगी।उद्घाटन विशेष ट्रेन 22 अगस्त को गया से दिल्ली।नियमित संचालन 28 अगस्त से शुरू।कुल 22 कोच, जिनमें स्लीपर, सामान्य व पैंट्री कार शामिल।प्रयागराज सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव।

# अक्टूबर से शेष अवतार समेत सभी मंदिरों के होंगे दर्शन

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर स्थित रामलला मंदिर परिसर के परकोटा में शेष अवतार मंदिर के साथ सभी मंदिरों में अक्टूबर माह से श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अक्टूबर के अंत तक वृद्धजनों को राम दरबार राजा राम के दर्शन के लिये लिफ्ट की सुविधा मिलेगी। श्री राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद कारसेवक पुरम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को नंगे पैर अधिक दूर न चलना पड़े, इसके लिए परकोटे के पास जूता चप्पल रखने के लिए बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है जिसमें एक साथ 12000 श्रद्धालु अपना जूता चप्पल रख सकेंगे। पूरे दिन में एक लाख श्रद्धालुओं की क्षमता का यह भवन बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम लला, राजाराम और पराकोटे में विराजमान सभी मंदिरों को नंगे पांव दर्शन के बाद श्रद्धालु जूता चप्पल पहनकर जटायु और कुबेर टीले पर भ्रमण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर में राममंदिर सहित राममंदिर में स्थित सभी मंदिरों में ध्वजारोहण होगा तिथि सोच ली गई है, और इस बार अयोध्या और आसपास के लोगों को ही आमंत्रित किया जाएगा और निश्चित रूप से 22 जनवरी का जो प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव इतिहास में दर्ज हुआ है वैसे ही ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी अद्वितीय होगा। राय ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति की अगली बैठक सात, आठ और 9 सितंबर को होगी और ट्रस्ट के ट्रस्टी गणों की बैठक 9 सितंबर को मणिरामदास छावनी में निश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि 70 एकड़ में 30 एकड़ में पंचवटी का निर्माण किया जाएगा जिसमें एक तालाब होगा और बंदरों और पक्षियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था होगी। लगभग 15 एकड़ में सड़के होगी और शेष 25 एकड़ में मंदिर और बिल्डिंग होगा। उन्होंने बताया कि 50 एकड़ ओपन एरिया होगी जिसमें 30 एकड़ पूरी हरियाली होगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि आज फसाड लाइट के लिए तीन कंपनियों ने अपने डेमो दिखाएं हैं। अब उसी में से एक कंपनी को जिम्मेदारी दी जाएगी जो करार के अनुसार पांच या 10 वर्ष तक इसका मेंटेनेंस भी करेगी। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में कल सुबह 10 बजे बैठक होगी जिसमें वहां के बारे में निर्णय किया जाएगा।

## लखनऊ में अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा हो सकेगा पास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ शहर में होटल का निर्माण कराना अब और भी आसान होगा। इसके लिए भू-उपयोग की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। न्यू बिल्डिंग बायलॉज के तहत अब किसी भी तरह के लैंड यूज में होटल का नक्शा पास किया जाएगा। इससे शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर के साथ-साथ होटल व्यवसाय को भी पंख लगेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में मंगलवार को एलडीए की टीम ने चारबाग में होटल व्यापारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान एलडीए के संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय व मानचित्र सेल के सहायक अभियंता सतीश यादव ने व्यापारियों को नये नियमों के फायदे बताये। उन्होंने बताया कि नये नियमों का उद्देश्य भवन निर्माण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाना है। नये नियमों के तहत बिल्डर छोटे भूखंडों पर नक्शा अनुमोदन कर सकेंगे और ऑनलाइन पंजीकरण से समय और लागत की बचत होगी। आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति से लोगों को अधिक आय के अवसर मिलेंगे। साथ ही अधिक निर्माण क्षेत्र और ऊंचाई की छूट से कम जमीन पर बड़े प्रोजेक्ट्स संभव होंगे।

संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति के अंतर्गत होटल व्यवसाय को वाह्य विकास शुल्क एवं प्रभाव शुल्क से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा होटल, चिकित्सालय और पेइंग गेस्ट सुविधाओं के लिए एनओसी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। पर्यटन क्षेत्र में होटल, होम स्टे के लिए मानकों में छूट से होटल कारोबारियों को बड़ा लाभ होगा।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर,किसान बेहाल : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।

श्री यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गयी है। उन्होने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फ़ेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

सपा मुखिया ने कहा कि इस वर्ष तो खरीफ की फसल की शुरूआत से ही खाद को लेकर मारामारी है। इसके पहले किसानों को गेंहू, चना, सरसों, आलू के लिए डीएपी और यूरिया नहीं मिल पायी। भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार के मकड़जाल में खाद, बीज सब लूट लिया जा रहा है। सरकार बेईमानी और लूट रोकने में पूरी तरह विफल है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को धोखे पर धोखा दे रही है। झूठे वादे करती है। कोई वादा पूरा नहीं करती है। भाजपा सरकार अकर्मण्यता की शिकार है। यह सरकार समय से कोई तैयारी नहीं करती है। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। पहले किसानों को खाद नहीं दे पाती, उसके बाद किसानों की फसलों को सही मूल्य नहीं दिला पाती है। धान, गेहूं, गन्ना, आलू, मक्का, हर फसल का किसान परेशान हैं किसानों की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। उनकी दुर्दशा हो रही है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में बाढ़ चौपाल का आयोजन

**बाढ़ चौपाल का आयोजन कर लोगों किया गया जागरूक , आपदा प्रबंधन टीमों व स्थानीय अधिकारियों को सतर्क रहने के दिए गए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उपजिलाधिकारी ऊंचाहार राजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ऊंचाहार तहसील स्थित ग्राम खरौली में बाढ़ की संवेदशीलता को देखते हुए, बाढ़ चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी ऊंचाहार, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। चौपाल में ग्रामीणों को बाढ़ के खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। बाढ़ से पहले आवश्यक तैयारियों, जैसे कि सुरक्षित स्थानों पर आवागमन, आवश्यक वस्तुओं का भंडारण, और आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बाढ़ के दौरान और बाद में आवश्यक सहायता, जैसे कि राहत सामग्री का वितरण, चिकित्सा सहायता, और पुनर्वास के बारे में भी जानकारी दी गई।आपदा प्रबंधन टीमों और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना, ताकि बाढ़ की स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। आपदा प्रबंधन टीमों व स्थानीय अधिकारियों/ कर्मचारियों को सतर्क रहते हुवे क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 20/08/25 को पशुपालन विभाग की टीम गांव में पशुओं की स्वास्थ्य की देखभाल करेगी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को कैंप स्थापित करेगी, राजस्व विभाग की टीम तथा बाढ़ चौकी पर तैनात सभी कार्मिक 247 तैनात है तथा गंगा जल स्तर पर निगाह बनाए हुए हैं ।

# रेलवे में तय मानक से ज़्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है । अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त लगेज नियमङ्क लागू करने जा रहा है।

प्रस्तावित नियमों के अनुसार, यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा। ट्रेनों में सामान सीमा अलग-अलग श्रेणी में अलग-अलग होती है, जैसे एसी फर्स्ट क्लास के यात्रियों को 70 किलोग्राम तक, एसी टू टियर के यात्रियों को 50 किलोग्राम तक, जबकि एसी थ्री टियर और स्लीपर क्लास के यात्रियों को 40 किलोग्राम तक सामान ले जाने की अनुमति है। सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए 35 किलोग्राम तक सामान ले जाने की सीमा होगी। ट्रेन में जगह घेरने वाले बड़े आकार के बैग पर भी, चाहे उनका वजन कितना भी हो, जुर्माना लगाया जा सकता है।

एनसीआर के प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) हिमांशु शुक्ला ने कहा, इस कदम का उद्देश्य विशेष रूप से लंबी दूरी के मार्गों पर यात्रियों के लिए अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करना है। शुरुआती तौर पर इसकी शुरुआत एनसीआर क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर होगी, जिनमें प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सूबेदारगंज, कानपुर सेंट्रल, मिर्ज़ापुर, टूंडला, अलीगढ़ जंक्शन, गोविंदपुरी और इटावा शामिल हैं।

# समितियों से खाद गायब, गोदाम में भरी

## किसान समितियों के लगा रहे चक्कर





कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। काकोरी ब्लॉक क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों में किसानों के लिए यूरिया विलुप्त खाद होने की कगार पर पहुंची गई है।जिससे किसानों को खरीफ फसल की पैदावार करने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

काकोरी ब्लॉक के पहिया आजम पुर ,सिरगामऊ ,पलिया ,मुबारक पुर सहित करीब 7 साधन सहकारी समितियों पर विश्ववार्ता संवाददाता ने जीरों ग्राउंड पर जाकर स्थिति से रूबरू हुवा तो सामने आया कि इन समितियों पर पिछले कई दिनों से यूरिया खाद ना होने के कारण किसान बिना खाद के लौट रहे है जिससे किसानों को साल भर की खरीफ की फसल के साथ साथ रवि की फसल की बुवाई का काम प्रभावित होने की चिंता सता रही है। किसानों में खाद की किल्लत की चर्चा आम लोगों में इस कदर फैल गई है कि चाय होटलों व पान की दुकानों पर ये कहते सुना जा रहा है कि इस सीजन में कभी खाद की मारामारी नही हुई है इस बार ऐसा क्यों हो रहा है कुछ समझ नही आ रहा है।

पहिया आजमपुर की समिति पर खाद की आस में पहुंचे किसान सर्वेश असद खेड़ा बाबूलाल अशोक ने बताया कि बाहरु,मुबारकपुर ,मुजफ्फरनगर जाने के बाद पहिया आजमपुर की समिति पर आए हैं लेकिन यहां भी खाद न होने का बोर्ड लिखा है और कर्मचारी समिति से गायब हैं। जब समितियों पर खाद का सूखा देख कर मुख्य गोदाम पर जाकर देखा तो वहाँ खाद की बोरियों से पूरा गौदाम भरा पड़ा था। और किसान इधर उधर खाद के लिए भटक रहे थे।जब गौदाम प्रभारी दिलीप सिंह से अचानक खाद की किल्लत से किसानों में अफरातफरी होने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि खाद का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है समितियों पर निरन्तर मंगलवार को खाद की गाड़िया भेजी गई है और एक दो दिन में खाद की मारामारी खत्म हो जाएगी किसानों को कहा कि खाद के लिए कोई किसान परेशान न हो अपने नजदीकी समिति पर लें खाद की कमी नही होगी।

किसानों को खाद वितरण प्रणाली में दिक्कत क्यों

एक सचिव को कई कई समितियों का कार्यभार सौंपा गया है जिससे किसानों को खाद लेने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर किसानों ने बताया कि कुशालगंज गया तो वहाँ के सचिव पहिया आजमपुर जाने की बात वहाँ पर मौजूद व्यक्ति ने बताया। सचिव ईस्वरदीन सकरा ,बाहरू,मुजफ्फरनगर पलिया सहित तीन समितियों के कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी गई है अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक व्यक्ति कितनी जगह खाद वितरण प्रणाली को सही ढंग से करा सकता है। वही मुबारक पुर की समिति का पैसा न जमा होने की वजह से खाद का उठान नही गया है।

# आधार नागरिकता, पता या जन्मतिथि का प्रमाण नहीं: भुवनेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मलेन के दूसरे दिवस 40 वक्ताओं ने प्रतिभाग कर अपने व्याख्यान दिये

## यूपीएसआईएफएस अपने गुणवत्ता और विशेषज्ञता के लिए दुनिया भर में जाना जायेगा: डॉ जीके गोस्वामी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय शिखर सम्मलेन के आज दूसरे दिन देश विदेश के विभिन्न संस्थानों से आये लगभग 40 विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर अपने व्याख्यान दिये । इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जी0के0 गोस्वामी एवं अपर निदेशक श्री राजीव मल्होत्रा ने अतिथि वक्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया ।

इस अवसर पर अतिथि वक्ता भुवनेश कुमार आईएएस भारत सरकार नई दिल्ली ने गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा के बदलते स्वरूप विषय पर भारत में गोपनीयता कानूनों के विकास की चर्चा की, जो 2011 के एसपीडीआई नियमों से शुरू हुई, जब डिजिटल जागरूकता कम थी और सोशल मीडिया तथा मोबाइल एप्लिकेशन सीमित थे। उन्होंने आधार परियोजना के क्रांतिकारी योगदान को रेखांकित किया, जिसने बायोमेट्रिक पहचान के माध्यम से पहचान प्रबंधन में नया मुकाम हासिल किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार नागरिकता, पता या जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है, बल्कि केवल पहचान सत्यापन के लिए उपयोगी दस्तावेज है। यह 182 दिनों से अधिक भारत में रहने वाले विदेशी नागरिकों को भी दिया जाता है।

श्री भुवनेश कुमार ने कहा कि बिना उचित सत्यापन के आधार स्वीकार नहीं करना चाहिए तथा आधार नंबर आकस्मिक रूप से बेमेल बनाया गया है ताकि गोपनीयता बनी रहे। उन्होंने हाल ही में पारित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम पर प्रकाश डाला, जो अनधिकृत डेटा प्रसंस्करण पर कड़ी कार्रवाई करता है और व्यक्तियों को डेटा संरक्षण बोर्ड में शिकायत करने का अधिकार प्रदान करता है यह अधिनियम डेटा सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा भारत को वैश्विक गोपनीयता मानकों के अनुरूप लाने में सहायक है।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर उ0प्र0 पवन कुमार ने कहा कि किसी भी अपराध से निपटने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम उसे स्वीकारना और उसके अस्तित्व को समझना है। भारत समेत विश्व में साइबर अपराध का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ गया है, वैश्विक साइबर अपराध से होने वाले नुकसान की राशि 11 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, जो भारत की पूरी अर्थव्यवस्था से तीन गुना अधिक है। भारत में अब तक 60 लाख से अधिक साइबर अपराध दर्ज हो चुके हैं, जो इस खतरे की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से मुकाबला केवल पुलिस का काम नहीं है, बल्कि बैंकिंग, शिक्षा और तकनीक समेत सभी क्षेत्रों का समन्वित प्रयास चाहिए। इस सहयोग से ही भारत साइबर अपराध को प्रभावी ढंग से कम कर सकता है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश तलबंत सिंह ने डिजिटल साक्ष्य को किसी भी डिजिटल रूप में निर्मित और संग्रहित डेटा के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि बढ़ते साइबर अपराध के कारण इसकी आवश्यकता अत्यंत बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि चोरी, डकैती या साइबर अपराध जैसी लगभग हर जांच में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अनिवार्य हो गया है, जो अभियोजन पक्ष को सशक्त बनाता है। उन्होंने भा.साक्ष्य अधिनियम का संदर्भ देते हुए बताया कि यह अधिनियम वीडियो और वीडियो कॉल द्वारा रिकॉर्ड किए गए मौखिक साक्ष्य को भी वैधता प्रदान करता है। उन्होंने उट्टइ की धारा 63 के अंतर्गत साक्ष्य की स्वीकार्यता के लिए आवश्यक शर्तें बताईं, जिसमें डिवाइस का नियमित उपयोग, डेटा का सामान्य प्रवाह, और सिस्टम की अखंडता सुनिश्चित करना शामिल है। इसके लिए एक प्रमाणपत्र जारी करना अनिवार्य है।

इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जी0के गोस्वामी ने आज के सत्र में छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि इन्सान को अपने भीतर नेतृत्व करने की क्षमता का विकास करना चाहिए । उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित यह संस्थान एक दिन अपने गुणवत्ता और विशेषज्ञता के लिए दुनिया भर में जाना जायेगा । समूह सत्र में साइबर एक्सपर्ट पवन शर्मा ने बताया कि डिजिटल ऑडिट किसी संगठन के जोखिम को समझने की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ऑडिट फ्रेमवर्क में महारत हासिल करना बेहद आवश्यक है और ऐसे पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है जो ऑडिट के निष्कर्षों की व्याख्या कर उपयुक्त साइबर इंश्योरेंस सुनिश्चित कर सकें। साइबर विशेषज्ञ डॉ. मनीष राय ने समूह सत्र में उद्योग के विशेषज्ञों का स्वागत कर कहा कि कानूनी, नैतिक और तकनीकी ढांचे की समझ आवश्यक है।

## उत्तराखंड की धामी सरकार मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने का काम कर रही हैं:अकील खान

**लखनऊ।** पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज तंजीम उत्तर प्रदेश के सदर मोहम्मद अकील खान ने उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री और कैबिनेट पर सवाल करते हुए कहा कि जिस तरह से मंत्रिमंडल द्वारा अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दिए जाने पर कहा कि उत्तराखंड में जिस तरीके से मजहब की बुनियाद पर भेदभाव किया जा रहा है मुसलमानों पर जुल्म किये जा रहे हैं और उनके हक और हुकुक को खत्म करने के फैसले लिए जा रहे हैं ये किसी से छिपा नहीं है एक तरफ हमारी केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी कहते हैं कि सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की बात करते हैं फिर वहीं पर उत्तराखंड के अंदर मुसलमानों के प्रति नफरत के बीज क्यों बोये जा रहे हैं वहीं पर केंद्र सरकार मदरसा मॉडर्न एजुकेशन स्कीम लाती है और कहती है कि हम मुसलमानों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं एक हाथ में कुरान और कंप्यूटर देखना चाहते हैं और मदरसा को आधुनिक बनाया जाएगा वहां के तालीमी निजाम को बेहतर बनाया जाएगा प्रदेश सदर मोहम्मद अकील खान ने कहा कि दूसरी ओर उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड को ही खत्म करने का फैसला लिया जा रहा है यह जाहिर करता है कि उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की वहां के मुसलमानों के प्रति क्या नीति क्या नियत क्या मनसा है यह जग जाहिर है उत्तराखंड की विधानसभा में मंत्रिमंडल द्वारा अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दिए जाने से मालूम होता है। एक तरफ तो केंद्र सरकार और प्रदेश की सरकारी पसमांदा मुस्लिम समाज की बात करती है लेकिन काम के प्रति सिर्फ नफरत ही नफरत है।

## दबंगों ने मां बेटी को पीटा-बेटी से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सरोजनीनगर, संवाददाता।** बिजनौर के शारदा नगर विस्तार में दबंगों द्वारा एक महिला और उसकी बेटी से मारपीट व छेड़छाड़ की गई। पीड़ित महिला ने अपनी बेटी और बेटे के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया कि रामप्रताप और करीब 40 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला किया। आरोपियों ने न केवल मारपीट की, बल्कि उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ भी की। आरोपियों ने बेटी की छाती पर हाथ लगाने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना बीते 17 अगस्त रविवार को सुबह करीब 9 बजे की है। पीड़िता ने सोमवार को रिर्पोट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसकी पीठ पर खरोंच के निशान हैं और शरीर में कई जगह दर्द है। उसकी बेटी के बाएं हाथ में चोट आई है। पुलिस ने दोनों को महिला आरक्षी के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी सरोजनीनगर भेजा तथा मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की छानबीन कर रही है।

## लखनऊ नगर निगम ने 'कर' चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने 'कर चोरी' के खिलाफ सोमवार को एक विशेष अभियान के तहत ज़ोन एक, तीन, चार और पांच में 24 से अधिक भवनों पर सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने ज़ोन एक में छह भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की जबकि ज़ोन तीन में दस भवनों पर कार्रवाई की गयी। पेपरमिल वॉर्ड स्थित ज़ोन चार में निगम की टीम ने दो भवनों पर कुर्की और चार भवनों को सील करने की कार्रवाई की। ज़ोन पांच में कुल छह भवनों को निगम ने निशाने पर लिया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि बड़े बकायेदारों को अब किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारी बकायेदारों पर कार्रवाई में ढिलाई बरतेंगे, तो उन्हें भी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लगातार ऐसे बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाएं और समयबद्ध तरीके से राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। नगर निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि बकायेदार समय पर कर का भुगतान नहीं करेंगे तो उनकी संपत्तियों को सील या कुर्क करने में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। निगम का यह कदम शहर में कर अनुशासन स्थापित करने और राजस्व बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है। नगर निगम ने अपील की है कि शहरवासी समय से अपना टैक्स जमा करें और ऐसी कार्यवाही से बचें।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को मिले विशेष सम्मान : मोहसिन रज़ा

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद मोहसिन रज़ा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी से पत्र लिखकर लखनऊ निवासी एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को विशेष सम्मान देने की मांग की है। मोहसिन रज़ा ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि 26 जून 2025 को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के कैनेडी स्पेस सेंटर से सफल अंतरिक्ष यात्रा कर शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचकर उत्तर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया।

# लखनऊ के अस्पतालों में 5,000 बेड्स की आवश्यकता : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई परिभाषा देने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनपद के प्रमुख अस्पतालों में 5,000 अतिरिक्त अस्पताल बेड सृजन का एक व्यापक प्रस्ताव सौंपा है।

यह प्रस्ताव एक सुविचारित स्वास्थ्य विज़न के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक लखनऊ को उत्तर भारत की स्वास्थ्य राजधानी बनाना है। लखनऊ की स्वास्थ्य प्रणाली पर अत्यधिक दबाव है। एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएल, सिविल व लोक बंधु जैसे प्रमुख संस्थान अपनी स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक मरीजों का उपचार कर रहे हैं। 45 लाख से अधिक आबादी और निरंतर बढ़ते शहरीकरण के साथ, आने वाले वर्षों में अस्पताल अवसंरचना की मांग-आपूर्ति खाई गंभीर हो सकती है। डॉ. सिंह ने कोविड-19 महामारी से मिले सबक पर भी जोर दिया, जिसने बेड उपलब्धता, आईसीयू क्षमता और ऑक्सीजन आपूर्ति में कमज़ोरियों को उजागर किया था।

अगले 3 से 5 वर्षों में 5,000 बेड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. सिंह का रोडमैप लखनऊ को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य अवसंरचना, एआई-आधारित चिकित्सा सेवाओं, वैश्विक शोध सहयोग और मेडिकल टूरिज़्म का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखता है। यह पड़ोसी देशों व अफ्रीकी राष्ट्रों तक को सेवा प्रदान करेगा। साथ ही, आयुष्मान भारत व राज्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत सुलभ और किफायती उपचार सुनिश्चित करेगा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में 15,000 से अधिक नए रोजगार उत्पन्न करेगा। यह प्रस्ताव, यदि लागू होता है, तो न केवल लखनऊ की स्वास्थ्य रीढ़ को मज़बूत करेगा बल्कि शहर को पूरे उत्तर भारत के लिए चिकित्सा शक्ति केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

# जमीन विवाद में अधिवक्ता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

## हेलमेट बचा गया जीवन, बार एसोसिएशन में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दबंग ने अपने पांच साथियों संग अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने अधिवक्ता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया। गनीमत रही कि अधिवक्ता हेलमेट पहने थे, वरना वारदात जानलेवा साबित हो सकती थी। हमले में अधिवक्ता लहूलुहान हो गए और इलाके में दहशत फैल गई।

पीड़ित अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा निवासी मीरखनगर थाना निगोहां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह बाइक से पुराने घर जा रहे थे। तभी मोहनलालगंज क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग बैरीसलपुर के पास विपक्षी रमाकांत मिश्रा उर्फ दीपू अपने साथियों संग घात लगाए खड़ा मिला। अधिवक्ता के पहुंचते ही आरोपी ने रोककर गाली-गलौज शुरू की और कहा बहुत वकील बनते हो, इसे खत्म कर दो ताकि जमीन का झंझट खत्म हो जाए। इसके बाद आरोपी ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया। हेलमेट होने के बावजूद अधिवक्ता सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान भीड़ जुटती देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित का मोबाइल छीनने की कोशिश भी की गई, लेकिन घटनास्थल पर छोड़कर भाग निकले। घटना की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। हमले की खबर मिलते ही मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला, महामंत्री राम लखन यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता शिव अटल सिंह भारी संख्या में अधिवक्ताओं संग थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# आपदा राहत में एक कदम मानवता की ओर: देव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीके टी,लखनऊ। डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ के द्वारा मंगलवार को इटौंजा के आस-पास के गांवों में बाढ़ आपदा से प्रभावित हजारों लोगों को लंच पैकेज उपलब्ध कराएं गए।देव ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के चेयरमैन ''लाल महेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय की चेयरपर्सन ''शैल सिंह ,देव ग्रुप के डायरेक्टर डॉ ''आशीष सिंह,मैनेजमेंट के संवाहक भावेश प्रताप सिंह, डीपीएस एकेडमी की प्रशासनिक अधिकारी ''गरिमा सिंह के साथ ही क्षेत्र के समाजसेवी संजय सिंह,समाजसेवी धीरज पाण्डेय मौजूद रहें।विद्यालय की ओर से यह पहल न केवल सहयोग की भावना को दर्शाती है बल्कि,समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को भी उजागर करती है। देव ग्रुप कॉलेजेज और देव परिवार इटौंजा लखनऊ क्षेत्र में शिक्षा के साथय्साथ समाजिक कार्यों में भी अपना गिलहरी सहयोग करता आया है।मानव सेवा ही सच्ची सेवा है।

# यूपी में आधुनिक तकनीक से अब गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## एआई के प्रयोग से योगी सरकार करेगी सख्ती, समाज कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में होगा तकनीक का पहरा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार समाज कल्याण की योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और गड़बड़ी-मुक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का उपयोग करने की तैयारी में है। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी रूप से सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल योजनाओं को सही लाभार्थियों तक पहुंचाना है, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पेपरलेस, तेज और जवाबदेह बनाना भी है।

योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता से निपटने के लिए समाज कल्याण विभाग एआई-आधारित निगरानी तंत्र को अपनाने पर विचार कर रहा है। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की मौजूदगी में 'एआई का समाज कल्याण की योजनाओं में उपयोग' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस तकनीक के माध्यम से डाटा सत्यापन, लाभार्थियों की पहचान और योजनाओं के कार्यान्वयन में सटीकता सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल गड़बड़ियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदारों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचेगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं में पारदर्शिता और सुगमता लाने के लिए पहले ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग को मजबूत किया गया है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को बार-बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ेगा, क्योंकि विभाग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू की है। यह नई प्रणाली न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पात्रों को बिना किसी रुकावट के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेगी। एआई के उपयोग से इस प्रक्रिया में और अधिक सटीकता आएगी, जिससे फर्जी आवेदनों पर लगाम लगेगी और पात्रों को त्वरित लाभ मिलेगा। यही नहीं डाटा विश्लेषण के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वास्तविक लाभार्थी ही योजना का लाभ उठा सकें। एआई-आधारित सत्यापन प्रणाली से आवेदनों की जांच तेजी से होगी और फर्जी आवेदनों को तुरंत पकड़ा जा सकेगा। योगी सरकार की इस पहल से समाज कल्याण विभाग की योजनाएं डिजिटल युग में एक नया मुकाम हासिल करेंगी। पेपरलेस कार्यप्रणाली को अपनाने से न केवल कागजी कार्रवाई कम होगी, बल्कि योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। एआई तकनीक के उपयोग से डाटा प्रबंधन, लाभार्थी सत्यापन और योजना निगरानी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी, बल्कि जनता का विश्वास भी सरकार पर बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। एआई-आधारित निगरानी तंत्र इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। समाज कल्याण विभाग जल्द ही इसकी विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप देगा।

# सरकार के लाखों खर्च के बाद दर दर भटक रहा किसान

## पंचायत भवन होने के बावजूद नहीं मिल पा रही सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा, सीतापुर। कहावत है ,परम, स्वतंत्र न सिर पर कोई , भावहि मनहि करहूं तुम सोई ,सरकार चाहे लाखों प्रयास क्यों न कर ले अधिकारी मनमानी करने से बाज़ ही नहीं आते कुछ ऐसा ही नजारा बेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतापुर में देखने को मिलता है जहां पर सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से पंचायत भवन का निर्माण तो कराया गया लाखों रुपयों की कीमत से तकनीकी सिस्टम भी वित्त की धन राशि से खरीदा गया पर योगी सरकार की मंशा के अनुसार ग्रामीणों को बिना किसी भाग दौड़ के आय, जाति,निवास पेंशन पी,एम किसान परिवार रजिस्टर नकलआदि विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना जहां सरकार की प्राथमिकता रही वही पर ग्रामीण दर दर भटकने को मजबूर है यहां तक एक परिवार रजिस्टर नकल लेने के लिए लोगों को व्यक्तिगत स्थान पर महीनों दौड़ाया जाता है ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी रवींद्र कुमार यादव जो अपनी ब्लॉक की तैनाती से सैकड़ों किलो मीटर की दूरी पर रहने वाले हैं तैनाती क्षेत्र व ब्लॉक परिसर से दूर दराज किसी कस्बे में किराए से मकान लेकर रहते हैं जहां किसी कार्य हेतु ग्रामीणों को ग्राम विकास अधिकारी से मिलने के लिए कोई अता पता भी नहीं लग पाता है न तो किसी ऑफिस कार्यालय में मिलने का कोई समय जब ग्रामीणों की समस्या के समाधान हेतु कैनविज टाइम्स दैनिक हिंदी पेपर के संवाददाता ने पुष्टि के लिए संपर्क करना चाहा तो महोदय ने फोन उठाना उचित नहीं समझा जिस पर आक्रोशित संवाददाता ब्लॉक परिसर पहुंचा और खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया जहां योगी सरकार किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए अधिकारी के पास किया गया फोन किसी कारण वश न उठने के कारण अधिकारी द्वारा बैक काल कर समस्या का समाधान करने का आदेश दे रहे हैं वही उन्ही के कर्मचारी अपने ही मुखिया के आदेशों का उल्लंघन करते नजर आ रहे है।

## एसपी ने संग्रामपुर के थानाध्यक्ष को किया लाइन हाजिर

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने नाबालिग लड़की के साथ हुये अपराधिक मामले में हीला हवाली बरतने के मामले में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है और अखिलेश सिंह को संग्रामपुर थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की की फोटो से अश्लील वीडियो तैयार कर बिहार के रहने वाले एक युवक के द्वारा वायरल की जा रही थी जिस पर पीड़ित परिजन परेशान थे। परिजनों द्वारा स्थानीय थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई लेकिन उन्हें कोई राहत नही मिल रही थी। थानाध्यक्ष पर पीड़ित परिवार से मुकदमा दर्ज करने के लिये पैसे की मांग की जा रही थी। पुलिसिया कार्यप्रणाली से असंतुष्ट परिजन रविवार को पुलिस अधीक्षक के आवास पर पहुंचकर आपबीती सुनाई थी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराते हुये पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया तो परिजनों में न्याय की उम्मीद जगी। एसपी ने थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह पर लगे आरोपों की जांच अपने स्तर से कराई।

# स्टडी प्वाइंट इंटर कालेज के दो छात्रों का नीट में चयन

## प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक ने छात्रों को किया सम्मानित, मेधा का सम्मान राष्ट्र विकास में सहायक: आमिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। नगर क्षेत्र के स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज में दो छात्रों ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है।छात्रो की सफलता से पूरे विद्यालय मे हर्ष की लहर दौड़ गयी है।इस अवसर पर विद्यालय के? प्रबंधक आमिर रिजवी प्रशासिका लुबना रिजवीश तथा प्रधानाचार्य अमित कर्ण अवस्थी ने विद्यालय के नीट परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों क्रमशः मोहम्मद फैजा तथा समीर अहमद खान को सम्मानित किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आमिर रिजवी ने कहा कि राष्ट का भविष्य विद्यालयो में छात्र-छात्राओं के रूप में पुष्पित तथा पल्लवित होता है मेधा का सम्मान राष्ट्र उत्थान की ओर एक कदम है।प्रशासनिक आ लुबना रिजवी ने कहा कि हर वर्ष विद्यालय के छात्र-छात्राएं मेडिकल इंजीनियरिंग तथा विभिन्न प्रतियोगी ?परीक्षाओ में सफलता अर्जित कर रहे हैं। प्रधानाचार्य अमित करण अवस्थी ने कहा कि विद्यालय के पठन पाठन में आया गुणात्मक सुधार विद्यालय का तो नाम रोशन करता ही है छात्र छात्राओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति में भी सहायक हो रहा है।इस अवसर पर दोनों छात्रो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमिय करण अवस्थी प्रबंधक आमिर रिजवी? प्रशासिका लुबना रिजवी नीरज श्रीवास्तव अरविंद श्रीवास्तव सहित शिक्षक शिक्षिकाओं मौजूद थे।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को मिली राहत

## सीएम के निर्देश पर डीएम ने कराई 16.34 लाख की सहायता

**प्रदेश में सबसे पहले खीरी जिले में मिला कृषि निवेश, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निगरानी में 05 तहसीलों में किसानों को मिली सहायता**

**तहसीलों में बंटी राहत, जनप्रतिनिधि बने किसानों के हमदर्द**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सपनों की फसलें बाढ़ में डूब गईं, खेतों की हरियाली मुरझा गई३ लेकिन किसानों के चेहरे अब राहत से खिल उठे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सबसे पहले लखीमपुर खीरी के बाढ़ प्रभावित किसानों की मुआवजे की सौगात मिली। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निगरानी में पांचों तहसीलों में गत दिवस आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को डेमो चेक दिए गए, जबकि वास्तविक राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सीधे खातों में पहुंचाई गई।*विधायकों संग अधिकारियों ने सौंपी राहत, खिले किसानों के चेहरे*सदर तहसील में विधायक योगेश वर्मा, धौरहरा में विधायक विनोद शंकर अवस्थी और निघासन में विधायक शशांक वर्मा मौजूद रहे। इन जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम व तहसीलदारों के साथ किसानों को राहत के प्रतीकात्मक चेक सौंपे। पलिया तहसील में एसडीएम पलिया डॉ अवनीश कुमार और गोला में एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने किसानों को राहत राशि के डेमो चेक प्रदान किए। सभी जगह किसानों ने राहत पाकर मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।बताते चलें कि गोला तहसील में 60 किसानों को 10 लाख 25 हजार रुपये से अधिक का मुआवजा मिला। लखीमपुर तहसील के 22 किसानों को 3.66 लाख, निघासन के 13 किसानों को 37 हजार, धौरहरा के 10 किसानों को 1.10 लाख और पलिया के 15 किसानों को 94 हजार रुपये की सहायता दी गई। कुल मिलाकर 120 किसानों को 16 लाख 34 हजार 368 रुपये की राहत राशि उपलब्ध कराई गई।*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बोलीं, राहत देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बाढ़ प्रभावित किसानों तक शीघ्र और पूर्ण राहत पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश के अनुरूप, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में राहत वितरण पूरी तरह पारदर्शी ढंग से किया गया। राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है।*किसानों ने जताया आभार*किसानों ने कहा कि बाढ़ से फसलें पूरी तरह चौपट हो गई थीं। ऐसे समय में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत है। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि समय पर मिली यह सहायता परिवार की मुश्किलें काफी हद तक कम करेगी।*कम प्रकोप, लेकिन मदद पूरी*गत वर्ष की तुलना में इस बार जनपद में बाढ़ का असर कम रहा है, लेकिन जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित गांवों को हर संभव सहायता पहुंचाई। प्रशासन ने पूरे प्रदेश में सबसे पहले खीरी जिले में कृषि निवेश का वितरण कर मिसाल पेश की। अब तक तीन हजार राहत किट और एक लाख नौ हजार 220 लंच पैकेट प्रभावित परिवारों को बांटे जा चुके हैं। वहीं शेष प्रभावित किसानों की फीडिंग का कार्य जारी है और जल्द ही अन्य किसानों को भी कृषि निवेश का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# शिकायतों के निस्तारण में खराब प्रदर्शन पर चार एडीओ पंचायत को चेतावनी

**बैठक की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आईजीआईएस सात्विक श्रीवास्तव ने की**

**खराब निस्तारण करने वाले एडीओ पंचायत भेंटुआ, बहादुरपुर, शाहगढ़ व अमेठी को चेतावनी दी गई तथा भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। पंचायती राज विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की एक विशेष बैठक मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आईजीआईएस सात्विक श्रीवास्तव ने की। बैठक में प्रभारी अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल समय सीमा में पूरा करना ही पर्याप्त नही है बल्कि उसमें पारदर्शिता और तथ्यात्मक गुणवत्ता भी आवश्यक है ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक समाधान मिल सके। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण करते समय विस्तृत एवं सटीक आख्या प्रस्तुत करें जिससे उच्च अधिकारियों के समक्ष विभाग की कार्यप्रणाली पर सकारात्मक छाप पड़े। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता के निर्देश पर बैठक में ईडीएम अमित विश्वकर्मा द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में अधिकारियों को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने से लेकर अंतिम निस्तारण तक की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण आख्या तैयार करने के लिये आवश्यक बिंदुओं और तकनीकी पहलुओं पर भी मार्ग दर्शन दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि समयबद्ध निस्तारण न होने या आख्या में कमी पाये जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जायेगी। इस दौरान खराब निस्तारण करने वाले एडीओ पंचायत भेंटुआ, बहादुरपुर, शाहगढ़ व अमेठी को चेतावनी दी गई तथा भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। निस्तारण के दौरान रिपोर्ट में जीपीएस फोटो, ग्रामीणों के बयान, मोबाइल नंबर आदि लिखकर ही लगाने को कहा गया। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए आश्वस्त किया कि वे आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ करेंगे।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता**

**बंद दरवाज़ों के भीतर, व्यवस्था की खुली पड़ताल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया।*बैरकों में नहीं मिली आपत्तिजनक वस्तु, संवेदनशील बंदियों पर रखी जाए खास नजर*डीएम-एसपी ने सभी बैरकों व बंदियों का गहन निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। जेल अधीक्षक की ओर से बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ की ओर से जेल की चेकिंग की जाती है। डीएम-एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें।डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौड़, प्रतिभा सिंह सेंगर, भोजराज सिंह और रीता राजभर मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर बाढ़ प्रभावित लोगों में सहायता चेक का हुआ वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा गोला तहसील क्षेत्र के बाढ प्रभावित परिवारों में राहत सहायता वितरण के तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक अमन अरविंद गिरी के कर कमलो द्वारा चेको का वितरण किया गया। भाजपा विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हम और हमारी सरकार आप लोगों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी साथ ही वहाँ पर आए हुए लोगों की समस्याएं सुनी व वहाँ पर उच्च अधिकारियों से बात कर तहसील प्रशासन को निर्देश किया कि आए हुए सभी लोगों की समस्याएं जल्द ही दूर की जाए साथ ही बार एशियोसन अध्यक्ष के के शुक्ला व अन्य अधिवक्ताओं के साथ में बैठ कर कई विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी , तहसीलदार भीम चंद्र, राकेश वर्मा , सन्तकुमार कुमार भारतीय, रामकुमार गौतम, पूर्व बार एशियोसन अध्यक्ष गोला देहात प्रधान राजेश गिरी , पूर्व प्रधान शेरू वर्मा एडवोकेट, आशीष मिश्रा, महेंद्र शर्मा , अचल श्रीवास्तव, अमित मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के निधन पर जताया शोक

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के जोनल सेक्रेटरी/ कार्यकारी अध्यक्ष श्री रमेश मिश्रा जी अध्यक्षता में और सहायक महामंत्री एन एफ आई आर / महामंत्री श्री विनोद राय जी नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय गोरखपुर मे बैठक किया गया जिसमें बनारस डिवीजन के छपरा में प्रमुख मुख्य इंजीनियर अभियंता के निरीक्षण के दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य श्री राकेश कुमार यादव का आकस्मिक निधन होने पर गहरी चिंता व्यक्त की और प्रशासन से मांग किया कि ऐसे निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी और सुरक्षा संबंधी भी समस्याओं पर ध्यान दे संघ मांग करता है कि निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों पर मानसिक दबाव कम से कम रहे जिससे कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाया जा सके और इस प्रकार की घटना का पुनर्विवर्ती ना हो, संघ मांग करता है कि कर्मचारी के परिवार को जल्द से जल्द अनुग्रह राशि और आश्रित को नौकरी देने कि करवाई किया जाए तदुपरांत एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया( जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारीयो ने श्री राकेश यादव की आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजलि व्यक्त किया और परिवार के लोगों को भगवान से प्रार्थना करता है कि उन्हें शक्ति दे इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी मुरारी मिश्रा,दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, संजीवधर फिरोज़ उल हक, कौशल सिंह, शमशाद अहमद, जयप्रकाश सिंह, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, बृजपाल सिंह,सतीश श्रीवास्तव, अनिल गौतम, योगेंद्र पाल, अखिलेश तिवारी, अंशुमाल पाठक,अभिषेक गुप्ता, अल्बर्ट पीटर, शशि भूषण सिंह, धीरज यादव,कैलाश राजवीर अजय त्रिपाठी,दीपक प्रजापति, एसके खरे,अजय त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव, नूर ए आलम, अजय गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## हरियाणा कमाने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बम्हनपुर खीरी। हरियाणा कमाने गए एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शीशम के पेड़ से लटकता मिला। घटना की सूचना पर हरियाणा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।मझगईं थाना क्षेत्र के रामपुर मजरा गंगाबेहड़ निवासी 21 वर्षीय अजीत कुमार पुत्र विशेश्वर पंद्रह अगस्त को हरियाणा के झज्जर जिले के गांव पराना कमाने गया था। वहां वह अपने गांव के ही अमित, शिवकुमार और दिनेश के साथ रहता था। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात करीब 11 बजे अजीत मोबाइल पर बात करते हुए अचानक कहीं चला गया। साथियों ने सोचा कि वह किसी काम से बाहर गया होगा। मंगलवार सुबह करीब चार बजे जब वह कमरे पर नहीं लौटा तो साथियों ने उसे फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव के बाहर शीशम के पेड़ से उसका शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर घर रवाना हुए। अजीत की मौत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। घर में मां घनश्यामा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नदी का बिगड़ा मिजाज निगलती जा रही परियोजना ग्रामीणों की धड़कने हुई तेज

बेहटा, सीतापुर। एक बार फिर शारदा नदी का बिगड़ा मिजाज, विगत वर्ष कोल्हू पुरवा पर सितम ढा रही नदी ने अपस्ट्रीम की तरफ बढ़ते हुए 90 अंश के कोड से बसंतापुर परियोजना पर अटैक करना शुरू कर दिया नतीजन परियोजना का 150 मीटर तट बंध निगलने के बाद बसंतापुर सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ का प्रलय छा गया थोड़ा बहुत बचाव कार्य करने व बारिश का मौसम खत्म होने के बाद समय टल गया अगले वर्ष 2025 में बसंतापुर की सुरक्षा हेतु 90 अंश से अटैक कर रही प्रभावित स्थान पर डैमेज कार्य को समय से पूरा करवाने व ड्रेजिंग कार्य द्वारा नदी की दिशा बदलने का दावा सिंचाई विभाग द्वारा किया गया ड्रेजिंग कार्य तो हुआ लेकिन किसी हद तक पूर्ण रूप से कामयाब नहीं हुआ नदी बराबर बैकरोलिंग करती ही जा रही ही हफ्तों से परियोजना के कटरो से संघर्ष करती हुई एप्रन के पास पहुंच रही हैं यदि युद्ध स्तर पर सिंचाई विभाग द्वारा जिम्मेदारों की देख रेख में कोई ठोस कार्य न कराया गया तो ग्रामीणों पर संकट के बादल टूट पड़ेंगे एप्रन धराशाई होते ही नदी ग्रामीणों पर कहर ढाना शुरू कर देगी

# बेहजम में रात के अंधेरे में उड़ते दिखे ड्रोन, गांवों में मचा हड़कंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। बेहजम चौकी क्षेत्र के बहादुरपुर, अल्हवापुर, लूकेपारा समेत कई गांवों में बीती रात ग्रामीणों ने रहस्यमयी ड्रोन उड़ते हुए देखे। अचानक आसमान में ड्रोन दिखाई देने से पूरे इलाके में दहशत और अफरातफरी का माहौल फैल गया।ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और ड्रोन की गतिविधियों को देखते रहे। सूचना मिलते ही बेहजम पुलिस हरकत में आई। हेड कॉन्स्टेबल निसार अहमद और कॉन्स्टेबल विकास मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों संग जांच-पड़ताल में जुट गए। फिलहाल ड्रोन कहां से और किसने उड़ाए, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर बैठक

**एडीएम ने असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को दी कड़ी चेतावनी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण नियत तिथि से पहले किया जाए और गुणवत्ता ऐसी हो कि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल औपचारिक निर्धारण पर्याप्त नहीं है बल्कि समस्याओं का समाधान धरातल पर सुनिश्चित होना चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों में अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम, एलडीएम, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहकारिता विभाग, खण्ड विकास अधिकारी गौरीगंज, संग्रामपुर, सिंहपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर, बहादुरपुर व शुकुल बाजार एडीओ पंचायत अमेठी, सिंहपुर, बहादुरपुर, तिलोई और गौरीगंज तथा सभी तहसीलों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाय अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी आइजीआरएस सात्विक श्रीवास्तव, ईडीएम अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यमुना नदी में डूबे पिता-बेटियों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

जालौन । यमुना नदी में अपनी दो पुत्री को पानी में फेंक कर स्वयं छलांग लगाने वाले युवक की तलाश में पुलिस द्वारा लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटना की 33 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई है।रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ेपुरा निवासी रज्जन निषाद ने सोमवार को सुबह 9 बजे पारिवारिक विवाद के चलते अपनी दो मासूम बेटियों को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। घटना को 33 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक तीनों का कोई पता नहीं चल पाया है।जानकारी के अनुसार, रज्जन की पत्नी मायके चली गई थी, जिससे वह नाराज था। सोमवार को वह अपनी तीन बेटियों के साथ यमुना नदी पर बने जुहीखा पुल पर पहुंचा। यहां उसने पहले दो वर्षीय छोटी बाबू और चार वर्षीय अला को नदी में धक्का दे दिया। इसके बाद वह छह वर्षीय सुनयना को भी फेंकने लगा, लेकिन सुनयना ने किसी तरह हाथ छुड़ाकर भागकर अपनी जान बचा ली।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ किसान दिवस

## किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह द्वारा जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता पर जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में किसान यूनियन के साथ वार्ता एवं किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह द्वारा जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता पर जिलाधिकारी की सराहना की तथा ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट कर्मी रखे जाने की समस्या को रखा जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अंश निर्धारण में आ रही समस्या को भी रखा गया जिसके संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम वार कितने गाटा के अंश निर्धारित नहीं हैं उनकी सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अंश निर्धारण में जिस लेखपाल या संबंधित अधिकारी द्वारा त्रुटि की गयी है उसपर कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व चौपाल भी लगायी जाएं। नहर से संबंधित बिन्दु पर भी किसानों द्वारा चर्चा की गयी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गृह ग्राम पंचायत का बीएलओ न बने इसको लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जैविक कृषि को बढ़ावा दिये जाने के संबंध में किसानों को जागरूक करने की किसान यूनियन के प्रतिनिधियों से अपील की तथा किसान गायों को घर पर ही रखें उसके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्युत का फिक्स बिल आना एवं मीटर खराब के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। किसानों द्वारा महावा नदी के जीर्णोद्धार के रखे गये बिन्दु पर जिलाधिकारी ने वर्षा के बाद कार्य पुनः प्रारम्भ कराने के विषय में जानकारी दी। वारिसान प्रमाणपत्र को लेकर भी दिशा निर्देशित किया। किसानों द्वारा रखे गये बिन्दु यारा फर्टिलाइजर का एक सेंटर जनपद में खुले उसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। किसानों द्वारा प्राप्त समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा कृषि उपनिदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक संबंधित विभाग को यह शिकायत भेजते हुए एक सप्ताह में किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराते हुए आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी जी ने संविधान के अन्तर्गत अधिकार तथा कर्तव्यों के विषय में बताया उन्होंने कहा कि सभी को अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए तथा जब तक कर्तव्यों का पालन नहीं किया जाएगा तब तक कल्याण सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवतगीता कर्म करने की स्वतंत्रता देती है। स्वामी कृष्णानंद झा जी द्वारा भी भगवतगीता पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उप निदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी, एआर कॉपरेटिव वीरेंद्र प्रकाश उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा किसान बंधु फूल सिंह,बुद्ध सेन, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## होटल पर तोड़फोड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज

गुन्नौर। थाना गुन्नौर क्षेत्र में रविवार को मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी मुनेश पुत्र स्वामी निवासी शाहपुर ने तहरीर दी कि उसके भाई और ममेरे भाई सुभाष पुत्र चरण सिंह के साथ ग्राम उदयभानपुर के दयाराम, श्रीपाल, दुर्गेश, विजय सिंह, अमरजीत, अजय, सोनू सहित 7-8 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी और वादी के होटल में तोड़फोड़ की। पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है

## डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की दो दिवसीय गोष्ठी

सम्भल, बहजोई । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत कर्मयोगी एवं विकसित भारत को लेकर एक कार्यशाला का दो सत्र प्रथम सत्र प्रातः 9 बजे से तथा द्वितीय सत्र 10:30 बजे से आयोजन किया गया। कार्यशाला के अन्तर्गत मुख्य अतिथि भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी जी द्वारा श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश तथा भारतीय संविधान की प्रमुख बातों का सार कार्यशाला के अन्तर्गत बताया गया तथा उन्होंने आत्मा, परमात्मा, व्यक्तित्व के निर्माण तथा, कर्मयोग, पंच तत्वों, आदि पर चर्चा की उन्होंने कहा कि सभी लोग निष्ठा के साथ कार्य करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। स्वामी कृष्णानंद झा ने भी भगवतगीता के संदेशों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक तथा एएनएम, सीएचओ आदि उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालय आटा में लगा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप



सम्भल, बहजोई। पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालय आटा में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की प्रेरणा से सम्राट हॉस्पिटल चन्दौसी के सुविख्यात समाजसेवी युवा डॉक्टर शेखर वार्ष्णेय एमबीबीएस, एमएस, एफ आईएजीईएस लेपरोस्कोपिक सर्जन एवं आंखों के सुप्रसिद्ध, युवा डॉक्टर रोहित वार्ष्णेय ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट द्वारा विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया । बच्चों की विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों का परीक्षण कर मौके पर ही बच्चों को , जो मलेरिया ,टाइफाइड, बुखार ,डेंगू ,जुकाम ,खांसी, आंखों में खुजली आदि बीमारियों से पीड़ित थे , उनको डॉक्टर्स की टीम द्वारा दवाइयों के पैकेट, ट्यूब मल्लम, सीरप , आई ड्रॉप आदि दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं । उनके द्वारा आज विद्यालय में अध्यनरत बच्चों में से 455 बच्चों का मेडिकल परीक्षण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चयनिका द्वारा जिलाधिकारी एवं डॉ शेखर वार्ष्णेय का आभार प्रकट किया। कैंप में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बेलीपार गोरखपुर की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 16वीं बैठक आज दिनांकः19 मई 2025 को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के निदेशक प्रसार महोदय के प्रतिनिधि के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र , बस्ती के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एस.के. तोमर की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि उपकृषि निदेशक डॉ धनंजय सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एस.के.यादव ने केंद्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार-पूर्वक से बताया साथ ही सलाहकार समिति बैठक की 15वीं बैठक की कार्यवाही का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया। केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ एस.के.यादव,डॉ एस.पी. सिंह, डॉ एस.के. सिंह, डॉ कंचन , डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह ने क्रमसः सस्य विज्ञान, उद्यान, पशुपालन, गृह विज्ञान, पादप रक्षा, कृषि प्रसार एवं पादप प्रजनन विषयों की वर्ष 20224- 25 की कार्य प्रगति एवं वर्ष 2025 - 26 की कार्य योजना प्रस्तुत की। केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक श्री एन पी शाही द्वारा केंद्र के प्रक्षेत्र की प्रगति एवं कार्य योजना प्रस्तुत किया। इस बैठक में जनपद के जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, पादप रक्षा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, सहायक निदेशक रेशम, प्रबंधक बीज विकास निगम, प्रक्षेत्र प्रबंधक राष्ट्रीय बीज निगम, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको ,क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको के साथ-साथ विभिन्न एफ.पी.ओ. के निदेशक, कृषि सखी ,ड्रोन दीदी एवं प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया तथा जनपद की कार्य योजना को और प्रभावी बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ एस.के. तोमर ने अपने संबोधन में बताया कि आगामी कार्य योजना में केंद्र द्वारा गया कराए गए परीक्षणों, प्रदर्शनों एवं प्रशिक्षणों के प्रभाव का भी आंकड़ा के माध्यम से प्रस्तुतीकरण होना चाहिए। फसलों में कीट नियंत्रण के लिए फ़ेरोमोन ट्रैप एवं अन्य जैविक नियंत्रण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अरहर की फसल में पंक्ति से पंक्ति की उचित दूरी एवं मेड़ पर बुवाई के साथ-साथ अन्य दलहन एवं तिलहन फसलों में , बीजोपचार, मोटे अनाजों की खेती एवं प्राकृतिक खेती को सम्मिलित कर कार्य कराए जाएं जिससे किसानों की आय को और अधिक बढ़ाया जा सके। विशिष्ट अतिथि उपकृषि निदेशक डॉ धनंजय सिंह ने जनपद में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना करते हुए सुझाव दिए की कृषकों की आय बढ़ाने हेतु कृषि एवं पशुपालन पर और अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जाएं, जिससे नवयुवक कृषि एवं पशुपालन आधारित रोजगार स्थापित कर सकें।

## एमए संस्कृत परीक्षा परिणाम घोषितः डौली शर्मा ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमए संस्कृत परीक्षा परिणाम में डीपीबीएस कालेज की डौली शर्मा ने 90.40 व टेविका शर्मा ने 89.93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया।डीपीबीएस कालेज के संस्कृत विभाग प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एमए संस्कृत परीक्षा परिणाम में कालेज की डौली शर्मा पुत्री मुकेश चंद निवासी गांव यावापुर तथा टेविका शर्मा पुत्री रमेश चंद्र शर्मा निवासी गांव अनीवास ने विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राएं 18 सितंबर को विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित की जाएगी। प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, समर्पण एवं संस्कृत विषय के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है। संस्कृत विभागाध्यक्ष डा. लक्ष्मण सिंह ने छात्राओं की सफलता पर उनके द्वारा किया गया सतत परिश्रम और विषय के प्रति गहन रुचि का परिणाम बताया। आचार्य सोहन आर्य ने कहा कि संस्कृत जैसे शास्त्रीय विषय में छात्राओं की यह उपलब्धि नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी । उन्होंने बताया कि टेविका शर्मा ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट जेआरएफ में भी सफलता प्राप्त कर ली है। दोनों छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय महाविद्याल के प्राध्यापकों को दिया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।

## कई मार्गों पर रोडवेज बस की नई सेवाएं शुरू

अनूपशहर। परिवहन विभाग द्वारा कई मार्गों पर रोडवेज बस की नई सेवाएं शुरू की गई है। जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी सुगमता मिलेगी।रोडवेज बस अड्डा अनूपशहर के प्रभारी मनोज कुमार गोला ने बताया है, कि खुर्जा से अनूपशहर के लिए सुबह 7 बजे तथा सुबह 9:30 बजे अनूपशहर से दिल्ली कौशांबी तक प्रतिदिन रोडवेज की बस संचालित होगी। इसके अलावा बुलंदशहर तथा अलीगढ़ के लिए पूरे दिन प्रत्येक घंटे पर बस सेवा उपलब्ध है।

## जेपी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने कई मेडल



अनूपशहर। बड़ौत में आयोजित सीबीएसई एथलेटिक्स क्लस्टर में जेपी विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने कई मेडल जीते। जे पी विद्या मंदिर सिटी केंपस की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने बताया कि मदर टेरेसा स्कूल बड़ौत में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र कृष्णा शर्मा ने अंडर-14 डिस्कस थ्रो में 31 मीटर का शानदार थ्रो कर द्वितीय स्थान हासिल किया, व मीट रिकॉर्ड बना कर इतिहास रच दिया और साथ ही नेशनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। अमित यादव ने अंडर-19 डिस्कस थ्रो में 31.50 मीटर का दमदार प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनो खिलाड़ी विद्यालय के हॉस्टल में रहकर हॉस्टल इंचार्ज विवेक वर्मा की देखरेख में प्रतिदिन कठिन अभ्यास करते हैं। उनकी मेहनत ने स्कूल, शहर और अभिभावकों का मान बढ़ाया है।विद्यालय की प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी ने भी खिलाड़ियों और कोच का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मानवता की मिसाल बने सिटी मजिस्ट्रेट

### हादसे के बाद खुद ही पहुंचाया घायल मां-बेटे को सरकारी अस्पताल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आसीवन, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मियागंज चौरहा एक सड़क हादसे का गवाह जरूर बना, लेकिन साथ ही इंसानियत की एक मिसाल भी पेश की गई। जहां उन्नाव सिटी मजिस्ट्रेट की गाड़ी से हुई दुर्घटना में घायल हुए एक वृद्ध महिला और उनके बेटे को सिटी मजिस्ट्रेट ने तुरंत मानवीय संवेदनाएं दिखाते हुए अपने वाहन से मियागंज सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उन दोनों मां और बेटे का प्राथमिक इलाज किया गया। तो वहीं वृद्ध महिला की स्थिति ज्यादा गम्भीर ख़राब होने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। ये घटना सुबह उस समय हुई जब मुस्तफाबाद, बांगरमऊ निवासी सुषमा देवी अपने बेटे अंश के साथ रक्षाबंधन मनाकर लखनऊ से वापस मुस्तफाबाद लौट रही थीं। तो वहीं मियागंज चौराहे पर सामने से आ रही मजिस्ट्रेट की गाड़ी के अचानक मुड़ जाने से बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई और बेटा भी मामूली रूप से चोटिल हो गया। वहीं इस हादसे के बाद आमतौर पर जहां लोग अपनी जिम्मेदारी से कतराते हैं, तो वहीं उन्नाव सिटी मजिस्ट्रेट ने तुरंत गाड़ी से उतरकर दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से उठाया और बिना देरी किए उन्हें मियागंज सीएचसी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद सुषमा देवी की स्थिति गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया।

## पंचायत सहायकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### पंचायत सहायकों ने किया क्रॉप सर्वे का बहिष्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जनपद बदायूं के पंचायत सहायक यूनियन के बैनर तले मंगलवार को पंचायत सहायकों ने जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन कार्यक्रम में सबसे अधिक संख्या में महिला पंचायत सहायकों की भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम का प्रभाव और भी सशक्त दिखाई दिया। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आपकी समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लिया जाएगा और जो भी उचित कार्यवाही होगी वह की जाएगी। यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से विशेष आग्रह किया कि क्रॉप सर्वे कार्य के लिए पंचायत सहायकों को बाध्य न किया जाए। उनका सुझाव है कि प्रशासन स्थानीय अखबारों में विज्ञापन देकर प्राइवेट सर्वेयर नियुक्त करे और पंचायत सहायकों को इस अतिरिक्त कार्य से मुक्त किया जाए, ताकि वे ग्राम पंचायत स्तर पर अपनी मूल जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। पंचायत सहायकों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं और यदि जल्द ही ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। नेतृत्वकर्ता - पंचायत सहायक यूनियन जनपद बदायूं से जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार प्रजापति, समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं सभी ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष अपने अपने ब्लॉक के पंचायत सहायकों के साथ मौजूद रहे।

## किसान के घर में घुसकर तीन दर्जन लोगों ने परिजनों को पीटा

अनूपशहर । गांव बगसरा में किसान के घर घुसकर तीन दर्जन लोगों ने परिवार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों तथा 30-40 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।कोतवाली क्षेत्र के गांव बगसरा निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र रौदास सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि 10 अगस्त की रात्रि को वह अपने घर में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बैठा हुआ था। तभी गांव के संतोष कुमार, दिनेश पुत्रगण खेमचंद, अंशु पुत्र अशोक तथा अज्ञात 30-40 लोग लाठी-डंडों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने लगे। आरोपियों ने पीड़ित की बेटी, पत्नी तथा भाई की पत्नी के साथ मारपीट कर छेड़छाड़ की। आरोपियों ने जाते समय उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अश्लील डांस का वीडियो वायरल, पुलिस ने आयोजक को चेतावनी देकर छोड़ा

बदायूँ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले में कालसेन बाबा मंदिर पर हो रहे अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आयोजक मंडल को तलब किया है। पुलिस ने आयोजकों को तत्काल महिला पोशाक में लड़कों के फूहड़ व अश्लील डांस पर रोक लगाने को कहा है। पुलिस का कहना है कि केवल भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न रासलीलाओं का ही मंचन करें। वहीं उसहैत थाना प्रभारी ने आयोजक को केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया है। वही सोशल मीडिय अश्लील वीडियो वायरल होने पर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं लोगों का कहना है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर यह अश्लील कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। जिसको लेकर मंदिर में आस्था और विश्वास रखने वाले लोग दुखी है। और उनकी भावनाओं को आहत पहुंची है। वही इस मामले को लेकर सीओ उझानी देवेंद्र कुमार का कहना है कि वीडियो की जांच कराकर आयोजकों पर कार्यवाही की जाएगी।

## घंटों की दूरी अब मिनटों मेंः कोलकाता मेट्रो का नया विस्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही कोलकाता में मेट्रो कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने वाले हैं, जहाँ सफर में कभी घंटों लग जाते थे, वहीं अब मेट्रो की नई लाइनों के साथ दूरी मिनटों में सिमट जाएगी। शहर और आसपास के इलाकों को जोड़ने वाली ये नई सेवाएँ कोलकाता के जीवन में एक नई ऊर्जा भर देंगी।सबसे पहले ग्रीन लाइन S एस्प्लानेड से सियालदह (2.45 किमी)। यह छोटा सा खंड शहर की सबसे बड़ी राहत साबित होगा। अभी हावड़ा और सियालदह जैसे दो बड़े रेलवे टर्मिनलों के बीच पहुँचने में सड़क से 40S45 मिनट तक लगते हैं। अब मेट्रो से यह सफर सिर्फ़ 11 मिनट में पूरा होगा। रोज़ाना लाखों यात्रियों के लिए यह समय बचत किसी वरदान से कम नहीं होगी।दूसरी बड़ी उपलब्धि है येलो लाइन S नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर (6.77 किमी)। अब एयरपोर्ट तक पहुँचने के लिए लंबी सड़क यात्रा की ज़रूरत नहीं रहेगी। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री, एयरलाइन स्टाफ और एयरपोर्ट कर्मचारी सब तेज़, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव करेंगे। दमदम कैंटोनमेंट से इंटरचेंज सुविधा मिलने से पूरे शहर और प्रमुख रेलवे स्टेशनों तक सीधा कनेक्शन भी आसान हो जाएगा। एस्प्लानेड से एयरपोर्ट तक अब यह दूरी सिर्फ़ 30 मिनट में पूरी होगी।तीसरी कड़ी है ऑरेंज लाइन S हेमंत मुखोपाध्याय से बेलेघाटा (4.4 किमी)। यह विस्तार साइंस सिटी, बड़े अस्पतालों, स्कूलों और व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ेगा। यात्रियों की संख्या यहाँ दोगुनी होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि बेलेघाटा से कवि सुभाष तक की यात्रा भी अब सिर्फ़ 32 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इससे दक्षिणी कोलकाता और पूर्वी कोलकाता के बीच सफर बेहद आसान हो जाएगा।इन नई लाइनों के जुड़ने से न सिर्फ़ कोलकाता बल्कि उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के यात्रियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। शहर के विभिन्न हिस्सों तक पहुँचने में जो समय पहले घंटों लेता था, अब वही सफर कुछ ही मिनटों में संभव होगा।कोलकाता मेट्रो का यह नया अध्याय केवल पटरियों पर चलती मेट्रो नहीं, बल्कि शहर की रफ्तार और कोलकाता के निवासियों का जीवन आसान बनाने वाला कदम है।

## निफ्ट रायबरेली में आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन

रायबरेली। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) रायबरेली में आज आधुनिक बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। इस अत्याधुनिक खेल मैदान का उद्घाटन संस्थान की निदेशक डॉ. जोनाली डी. बाजपेई ने किया।इस अवसर पर स्पोर्ट क्लब के प्रमुख दिलीप सिंह राठौर सहायक प्रोफ़ेसर सहित संस्थान के संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।निदेशक डॉ. बाजपेई ने कहा कि निफ्ट रायबरेली न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि खेल और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। नए बास्केटबॉल कोर्ट के माध्यम से छात्रों को खेल के क्षेत्र में भी प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी शारीरिक फिटनेस के साथ टीम स्पिरिट भी विकसित होगी।खेल क्लब प्रमुख दिलीप सिंह राठौर ने बताया कि यह कोर्ट छात्रों के लिए खेल और प्रशिक्षण की नई संभावनाएं खोलेगा और राष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगा। यह नया बास्केटबॉल कोर्ट निफ्ट रायबरेली के परिसर में छात्रों के लिए खेल-सुविधाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, एसएसपी दफ्तर तक जाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। मुख्य सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाता है। जिससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक घंटों जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी गाड़ियां और टोटो चालक कहीं भी वाहन रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने की प्रवृत्ति इस समस्या को और गंभीर बना रही है। बाजार इलाकों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। जहां पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती। शहर की सड़कों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने के कारण जाम को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन जाता है। शहरवासियों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं लोगों का कहना है कि शहर में लगातार जाम की समस्याएं बढ़ रही है। लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। जाम को नियंत्रण करने के लिए भी किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा रही है। वहीं बाजार जाने में काफी परेशानी होती है। पैदल चलने की भी जगह नहीं मिलती स्कूल बसें भी जाम में फंसी रहती हैं। प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करना चाहिए। बता दें कि लावेला चौक से कचहरी से एसएससी दफ्तर तक लालपुल चौराहा, इस रूट पर जाम की स्थिति ज्यादा रहती है। जिसको लेकर ट्रैफिक व्यवस्था फ़ेल दिखाई दे रही है। वही दातागंज चौराहे पर अवैध टेंपो स्टैंड से दातागंज चौराहे पर दुकानदार बहुत परेशान रहते हैं। जिससे दुकानदारों की बिक्री पर फर्क पड़ता है। वहीं कुछ पुलिसकर्मी सिगरेट पीते, तंबाकू खाते हुए, मोबाइल पर बात करते हुए, आपस में गुपचुप करते हुए नजर आते हैं। वहीं शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जनता बहुत परेशान नजर आ रही है।

# गोण्डा में डग्गामार वाहनों पर अधिकारी मेहरबान ! आफत में लोगों की जान

**परिवहन विभाग डग्गामार वाहनों के मकड़जाल को तोड़ने में फ़ेल साबित हो रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। परिवहन विभाग व पुलिस के संरक्षण में दिल्ली लुधियाना, गुजरात, कानपुर,आगरा लखनऊ मार्ग पर बेखौफ दौड़ रहे,परिवहन विभाग व पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। परिवहन विभाग डग्गामार वाहनों के मकड़जाल को तोड़ने में फ़ेल साबित हो रहा है।

शहर में कई स्थानों से डग्गामार वाहनों का संचालन कि या जा रहा, इनकी वजह से यातायात व्यवस्था भी बिगड़ रही है।रोडबेज बस स्टाप के नजदी क गुरु नानक पुलिस चौकी के पास शहर में डग्गामार वाहन संचालक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।कार्रवाई के बाद भी ऐसे वाहनों पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है।डग्गामार बसें व अन्य वाहन धड़ल्ले से सवारी ढो रहे हैं।इन वाह नों के संचालकों के आगे अधिकारी नतमस्तक हैं।कई बार डग्गामार वाहन संचालकों के खिला फ अभियान चलाया गया,मगर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई।गुरु नानक चौराहे से गोंडा-लखनऊमार्ग,गोंडा-बहराइच रोड नारायण फ्यूल पंप पर,गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर, गोंडा- बल रामपुर मार्ग ओवरब्रिज पर, झंझरी ब्लॉक के सामने,गोंडा-लखनऊ मार्गों पर डग्गामार वाहन नियमों को ठेंगा दिखाते हुए दौड़ रहे हैं टैक्सीयों की पायदान पर भी यात्री सफर कर रहे हैं। इस से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।सूत्र बता रहे है कि प्रतिबंध के बाद भी रोडवेज बस स्टॉ प के नजदीक गुरु नानक पुलिस चौकी के पासडग्गा मार बसें दौड़ रही है।सूत्र बता रहे है कि यहां वसूली भी होती है।इसमें परिवहन व याता यात पुलिस की मिलीभगत किसी से छिपी नहीं है।डग्गामारी करने वाले टैक्सीया और बस सं चालकों ने रोडवेज बस अड्डा के पास गुरु नान क पुलिस चौकी के बगल सड़क पर भी स्टैंड बना रखे हैं।लेकिन मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बावजूद भी इनके खिलाफ परिवहन विभाग व यातायात पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। इनसेट डग्गामार वाहनों से लगता है जाम गोण्डा - लखनऊ मार्ग गुरु नानक चौराहे पर डग्गामार वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है।ऐसे ही कई बार रेलवे स्टेशन के बाहर जाम लगता है।यह वाहन सड़क पर ही यात्रियों को उतारने व चढ़ाते हैं,जिससे यहां जाम लग जाता है।यह स्थिति जिले में कई स्थानों पर है।लेकिनडग्गामार वाहनों पर प्रवर्तन दल मेहरबान दिख रहे है।बिना फिटनेस वाले वाहन धड़ल्ले से सड़ कों पर दौड़ रहे हैं।अगर कोई व्यक्ति शिकायत करता है तो पीटीओ (परिवर्तन दल) सिर्फ हूटर बजा करके गाडीओ को भगा देते है और कोई कार्यवाही नहीं करते है।

## डीएम ने क्षतिग्रस्त गल्ला मंडी फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छतिग्रस्त गल्ला मंडी फ्लाईओवर का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सेतु निगम द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया था। फ्लाईओवर छतिग्रस्त होने का संज्ञान लेकर छतिग्रस्त हिस्से में बैरीकेटिंग कराकर 02 पहिया वाहनों के आवागमन हेतु खोला गया है, शेष चार पहिया वाहनों व भारी वाहनों के लिये यातायात मार्ग का डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है, चार पहिया वाहन व भारी वाहन रायबरेली बस स्टॉप से जहानाबाद पुलिस चौकी से त्रिपुला होते हुए लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ-जा सकेंगे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि छतिग्रस्त फ्लाईओवर की जांच कराकर शीघ्र मरम्मत का कार्य कराया जाए, जिससे आम जनमानस का यातायात सुगम बन सकें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# खेल–खेल में व गतिविधि आधारित शिक्षण का प्रयोग करें शिक्षक : बीईओ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भटहट , गोरखपुर । नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बीआरसी भटहट पर चल रहे फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफ एल एन) पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का पहला बैच मंगलवार को संपन्न हुआ। बीआरसी सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में 100 शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी साबिस्ता प्रवीण ने कहा कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने के लिए खेल खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण सबसे कारगर तरीका है । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में भाषा शिक्षण के अंतर्गत वर्ण पहचान, पठन कौशल, लेखन कौशल, स्वयं सीखने की क्षमता और पीयर लर्निंग जैसे पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि यह प्रशिक्षण प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को दिया जाएगा। अगला 100 शिक्षकों का बैच बुधवार से शुरू होगा। संदर्भदाता आनंद मोहन सिंह, अजीत उपाध्याय, आनंद श्रीवास्तव, अमरनाथ पाण्डेय और राजू भाई पटेल ने बहुत रोचक तरीके से प्रशिक्षण का संचालन किया।

# शास्त्रीय गायन एवं सुगम संगीत की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रतियोगिता में मंडल के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया एवं उनका चयन प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के द्वारा एवं जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच व नटराज संगीत संस्थान के सहयोग से संभागीय शास्त्रीय गायन एवं सुगम संगीत की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बहराइच में किया गया। जिसमें पूरे मंडल के 50 बच्चों में प्रतिभाग किया एवं उनका चयन प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हुआ है। जिसमें शास्त्रीय गायन, वादन नृत्य एवं सुगम संगीत में भजन व ग़ज़ल में बच्चों ने अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी से जजेस की पैनल बच्चों की कठिन परीक्षा ले रहा है जिसमें टेबल वाद्य यंत्र में श्री मोहित जी, कथक नृत्य से राघवेंद्र जी, सुगम संगीत से दीपक जी एवं शास्त्रीय गायन में द्रव जी अकादमी से आए थे एवं श्री पवन तिवारी जी एडमिन के तौर पे आए थे। श्री पवन तिवारी जी ने बातचीत में बताया कि अकादमी का ये प्रयास है कि देवीपाटन मंडल जैसे तमाम ऐसे मंडल जहां गीत संगीत बहुत पिछड़ा गौर उसमें ने शास्त्रीय संगीत तो ऐसे जगह में ये कला कैसे आगे जाए इसकी बेहतरी के लिए ही ऐसा आयोजन किए जाते है और सच में ये देख अच्छा लगता है कि जहां बड़े शहर जहां हर तरह के संसाधन मौजूद है बाजूद बच्चे करते है वहां ऐसे जिले जहां संसाधनों का अभावों है बावजूद इसके बच्चे अच्छा सीख रहे एवं इससे हमारी आने वाली पीढ़ी बहुत कुछ सीखेगी व अपनी धरोहर शास्त्रीय संगीत को आगे लेके जाएगी। प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन में सरगम शर्मा ने राग गुणकाली में 9.5 मात्रा ताल में बंदिश सुनिए जिसे निर्णायकों सुन मंत्रमुग्ध हो गए एवं उससे मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग ने प्रथम प्रियांशु शर्मा द्वितीय आरोही श्रीवास्तव का रहा, कथक नृत्य में वृति रस्तोगी प्रथम , श्रेष्ठी अग्रवाल द्वितीय, उपाध्याय तृतीय स्थान प्राप्त किया, युवा वर्ग में अन्नपूर्णा ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय एवं परीक्षित उपाध्याय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भजन गायन में बाल वर्ग में ध्रुव माहेश्वरी प्रथम, द्वितीय अथर्व बंसल , तृतीय स्थान प्रतीक्षा यादव एवं किशोर वर्ग में नमन अग्रवाल व युवा वर्ग में रितिका मिश्रा, बांसुरी वादन में आदित्य त्रिपाठी। प्रथम स्थान द्वितीय अनुपमा यादव ,तबला वादन में युवा वर्ग में कमल गुप्ता प्रथम एवं किशोर वर्ग में दिव्यांशी राज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं ग़ज़ल गायन में आदर्श त्रिवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को सभी अन्य बच्चों को संस्थान के द्वारा सांत्वना सर्टिफुएक्ट दिया गया। इस अवसर पर की संस्थान से अध्यक्ष जसवीर सिंह जी, प्रबंधक जगदीश केशरी जी, संस्थान की उपाध्यक्ष एवं नटराज संगीत संस्थान की सुप्रिटेंडेंट श्रीमती श्रद्धा पांडे जी, संयोजक पंकज कुमार, शिवम कुमार, नवोदय विद्यालय से अजय शर्मा गुरू जी आदि लोग मौजूद रहे।

# धोखे से कराया बैनामा, दीवानी न्यायालय से स्टे के बावजूद भूमाफियाओं की दबंगई जारी

**गगहा थाने पर मिलीभगत का आरोप, प्रार्थिनी और पुत्र को मिल रही जान से मारने की धमकी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पांडेयपार की निवासी प्रार्थिनी कालिंदी पांडेय, पत्नी स्वर्गीय विश्वामित्र पांडेय, ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि भूमाफियाओं ने उनकी कीमती जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। आरोप है कि एग्रीमेंट कैंसिल कराने के बहाने से धोखे से बैनामा कराया गया, जिसमें 16 लाख रुपये का लेनदेन दर्शाया गया, जबकि वास्तविक रूप से खाते में मात्र ?1,30,000 ही भेजे गए।प्रार्थिनी को जब धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने न्याय की आस में गगहा थाने के चक्कर लगाए, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। थक-हार कर उन्होंने दीवानी न्यायालय की शरण ली, जहां से उन्हें स्टे आदेश प्राप्त हुआ।प्रार्थिनी का आरोप है कि स्टे के बावजूद भूमाफिया पुलिस की मिलीभगत से जमीन पर जबरन बाउंड्री वॉल बनवा रहे हैं। उन्होंने गगहा थाने के दरोगा पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं कि वे समझौता करने का दबाव बना रहे हैं और धमकी भी दे रहे हैं। वहीं भूमाफियाओं द्वारा प्रार्थिनी और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं।प्रार्थिनी ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।पिड़िता ने बताया कि कौड़ीराम से बड़हलगंज रोड पर गोयल फ्लोर मिल के पास में रोड पर ही उनकी जमीन है जिनको क्षेत्र के ही भूमाफियाओं ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एग्रीमेंट कैंसिल कराने के बहाने ले जाकर जमीन का बैनामा करा लिया।पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि या तो उनकी जमीन वापस दिलाई जाए या तो उसे जमीन की वास्तविक कीमत दिलवाई जाए। पीड़िता ने बताया कि अगर न्याय नहीं मिला तो सीएम के जनता दरबार में न्याय की मांग करेगी।

# खाद की किल्लत को लेकर शासन ने लेखाकार, जिला प्रबंधक पीसीएफ को किया निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। उर्वरक आवंटन के सापेक्ष समयबद्ध प्रेषण में लापरवाही,शिथिलता की शिकायतें प्राप्त होने के फलस्वरूप,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने 14 अगस्त को पीसीएफ बफर गोदा म मुण्डेरवा माफी का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उर्वरक के वितरण व भंडारण में गंभीर अनियमितताएँ तथा प्रबंधन स्तर पर घोर लापरवाही पाई गई।निरीक्षण में लेखाकार,जिला प्रबंधक पी.सी.एफ नृपेन्द कुमार की कार्यप्रणाली में स्पष्ट रूप से उदा सीनता व शिथिलता दे खी गई,जिसके कारण किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो सका।यह स्थिति न केवल शासन की योजना ओं के क्रियान्वयन में बाधक है,बल्कि कृषक हितों के प्रतिकूल भी है।जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर शासन स्तर से त्वरित कार्यवाही करते हुए नृपेन्द कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।निलंबन अवधि में उन्हें पी.सी.एफ मु ख्यालय से सम्बद्ध किया गया है।साथ ही प्रक रण की सम्यक जांच हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक अयो ध्या को जांच अधिकारी नामित किया गया है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शा सन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।ऐसे किसी भी का र्मिक अथवा अधिकारी द्वारा कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतना असहनीय है और संबंधित के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।जिले के समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यों में पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ का र्य करें,अन्यथा उनके विरुद्ध भी दंडात्मक कार्य वाही अमल में लाई जाएगी।

## सहायक शिक्षा निदेशक ने बलहा ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मंगलवार को सहायक शिक्षा निदेशक रामसागर त्रिपाठी ने ब्लाक संसाधन केंद्र बलहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तक वितरण, डीबीटी, आधार क्रियेशन, यू-डायस एवं अन्य शैक्षिक योजनाओं के तहत विकास खंड बलहा में किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न पैरामीटर पर बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सहायक शिक्षा निदेशक ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आधार निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद सहायक शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल, गोण्डा ने न्याय पंचायत जगन्नाथपुर के शिक्षक संकुल की मासिक बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में छात्र उपस्थिति तथा शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली गई। इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, मोनिका श्रीवास्तव समेत अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

# जिले में सड़क पर गोवंशों का डेरा पैदा कर रहा हादसे का डर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में छुट्टा गोवंश की समस्या से हर कोई परेशान है।गांव से लेकर शहरों तक में छुट्टा गोवंश लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। हाईवे पर छुट्टा गोवंश दिन भर जमे रहते हैं जि ससे वाहन चालक भी खतरे से बाहर नहीं हैं।लोगो ने जिला प्रशासन को कई बार शिकायतकि लेकिन छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिली।गोंडा-बहराइच रोड हाइवे सड़क पर स्थित ग्राम मुडेरवा में दर्जनों से अधिक छुट्टा गोवंश हैं।छुट्टा गोवंश सड़क से लेकर खेतों में रात दिन घूमते हैं।इससे लोगों की फसलें नष्ट हो रही हैं।गोंडा- बलरामपुर रोड सुभागपुर में रोड पर है इसलिए इस हाईवे पर छुट्टा गोवंश हर समय खड़े रहते हैं।रोड से गुजरने वाले वाह न चालक छुट्टा गोवंश से बच कर निकलते हैं। बीच रोड पर सांड़ सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं।बस और ट्रक जैसे बड़े वाहन भी कभी कभी काफी देर तक खड़े रहते हैं।जब गोवंश को ला ठी लेकर दौड़ाया जाता है तो वाहन निकलते हैं ग्रामीणों ने बताया कि छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर जिला प्रशासन से कई बार लोगों ने इसकी शिकायत की और गोवंश को गोशाला में संरक्षित कराने की मांग की गई,मगर किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उधर, गोंडा- फैजाबाद रोड पराग दुग्ध डेरी के पास दर्जनों गोवंश रात को हाईवे पर बैठते हैं जिससे वाहन चालकों को दिक्कत होती है।फैजाबाद रोड निवासी राजीव ने बताया कि इस रोड पर दिन में गोवंश सड़क पर ही बैठते हैं।इससे ऑ टो ई रिक्शा चालकों को दिक्कत होती है।आए दिन सड़क पर गोवंश के बैठने से लोग चोटिल हो रहे हैं।वही एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि दिन में गोवंश को दुकानों के आगे से हटाते रहते हैं, लेकिन गोवंश वहां पर कूड़ा कचरा खा ते रहते हैं।इससे दुकानदारों को परेशानी होती है।वही कुछ लोगो ने बताया कि गोशालाओं से गोवंश को छोड़ दिए जाते है जो अब खेतों में सड़कों पर इधर-उधर बैठते हैं। जिससे कि किसानों का भी नुकसान होता है और लोग सड़क पर गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं।

## सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति ने एसडीएम को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन



नानपारा, बहराइच। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर समिति ने मंगलवार को एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान तहसीलदार अंबिका चौधरी, आरएसएस के कार्यवाह आनंद श्रीवास्तव, उमेश चन्द्र शाह, सुरेश चन्द्र शाह समेत कई लोग मौजूद रहे। मंदिर समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव ने बताया कि ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मांगें की गई हैं। पहली, मंदिर के सामने बने खुले नाले पर ढकवाने की, ताकि आए दिन वहां गिरकर जानवरों की मौत और चोट की घटनाओं पर रोक लग सके। दूसरी, मंदिर और विद्यालय मार्ग पर भारी आवाजाही को देखते हुए दो स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की। तीसरी, सआदत इंटर कॉलेज से रेलवे क्रॉसिंग तक जर्जर सड़क की मरम्मत व चौड़ीकरण की। उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने कहा कि शिव मंदिर व सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर दोनों पर सालभर धार्मिक कार्यक्रमों में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। खराब व संकरी सड़क के कारण उन्हें असुविधा होती है। इसलिए मार्ग की चौड़ाई और मरम्मत को लेकर यह मांग पत्र दिया गया। इस मौके पर अभिलाष श्रीवास्तव, हर्ष गुप्ता, नीरज गौड़, मुस्तफा खान, डॉ. वीरांगना कान्त, पंडित राम उजागर मिश्रा, अजय गुप्ता, आशुतोष मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने समर्थन जताया।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिवम की गला दबा कर हत्या की पुष्टि

**मृतक शिवम के पिता ने बहू और उसके प्रेमी पर लगाया हत्या का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में 25 साल के शिवम शुक्ला की रविवार देर रात हुई मौत को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिवम की गला दबा करके हत्या करने की पुष्टि हुई है।मामला कटरा बाजार थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर गांव का है।घटना की जानकारी मिलते ही पंजाब से शिवम के पिता लल्लू शुक्ला और भाई शुभम शुक्ला घर पहुंचे।उन्होंने कटरा बाजार थाने में तहरीर देकर शिवम शुक्ला की पत्नी उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।पिता लल्लू शुक्ला ने आरोप लगाया कि मेरा बेटा शिवम शुक्ला अपनी पत्नी निशा शुक्ला और अपने दो बच्चों के साथ मेरे गांव में रहता था।मेरे लड़के की शादी तीन साल पहले निशा शुक्ला से हुई थी मेरी बहू निशा शादी से पूर्व माधवपुर थाना कटरा बाजार की रहने अक्षय शुक्ला के साथ भाग गई थी इस बात की जान कारी हम लोगों को शादी के बाद हुई।हमारे लड़के की शादी की बाद से ही मेरी बहू निशा शुक्ला हमारे लड़के शिवम शुक्ला से बेवजह का झगड़ा किया करती थी।मुझे पूर्ण विश्वास है।कि मेरी बहू निशा शुक्ला उसके प्रेमी अक्षय शुक्ला और साथी प्रदीप दुबे और भागीरथी शुक्ला के साथ मिलकर के मेरे बेटे शिवम शुक्ला की इन लोगों ने बीते 16 और 17 अगस्त की मध्य रात्रि में हत्या कर दिया है।मैं चाहता हूँ कि इन चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।वही जब पूरे मामले को लेकर के मृतक शिवम शुक्ला के पिता लल्लू शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मैं थाने पर इसलिए आया हूं कि मेरे लड़के की हत्या हो गई है हम लोग लुधियाना पंजाब में रहते थे मेरा बेटा मेरी बहु यहां घर पर रहते थे। मुझे शंका है तभी हमने इन लोगों के खिलाफ तहरीर लिख करके दिया है।मेरी बहू खुद कह रही है कि हमने उसको बुलाया है हम चाहते हैं पुलिस इसमें कठोर कार्रवाई करें।वही जब पूरे मामले को लेकर के कटरा बाजार थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबा कर के हत्या करने की पुष्टि हुई है।पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए कटरा बाजार थाने की पुलि स द्वारा जांच की जा रही है जल्द ही पूरी घटना का खुलासा जांच करके किया जाएगा।मृतक के पिता ने जो तहरीर दी है उसके आधार पर भी जांच की जा रही है अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है।

# राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्रामीणों को बांटे फलदार पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नया कदम उठाते हुए छायादार वृक्षों के साथ-साथ फलदार पौधे भी लगाने की पहल कर रहा है।ग्राम पंचायत कलवारी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के डायरेक्टर एस.पी. सिंह ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जल, जंगल, जलवायु, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में ग्रामीणों को आम, अमरूद और जामुन के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी पवन सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों को यह पौधे उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से लोगों से अपील की गई कि पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल भी अवश्य करें, क्योंकि वृक्ष ही शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान कर जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखते हैं।

# नानपारा उद्योग व्यापार मंडल ने डिवाइडर निर्माण की रखी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । नानपारा उद्योग व्यापार मंडल ने नगर के व्यस्त मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुधारने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए डिवाइडर निर्माण कराए जाने की मांग की है। व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी नानपारा को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है, परंतु नगर के अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर अब तक डिवाइडर नहीं बने हैं। इसके कारण आमजन को आए दिन जाम और अव्यवस्थित यातायात का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गोयल तिराहा से लेकर कर्तिनया तिराहे तक डिवाइडर का निर्माण कराया जाए। इससे नागरिकों को सुगम यातायात मिलेगा और शहर की छवि भी निखरेगी। व्यापार मंडल ने भरोसा जताया है कि इस कदम से नगर की यातायात व्यवस्था और समग्र छवि में सकारात्मक सुधार होगा। इस मौके पर सुहैल अहमद, प्रकाश वीर गुप्ता, रजनीश रस्तोगी (सत्या), मोहम्मद रजा, नीतीश कुमार अग्रवाल, सर्वेश टेकडीवाल, राम प्रकाश गुप्ता, जय प्रकाश साहू, मोनिस आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# दिल्ली से लौटे प्रधान विवेकानंद सरकार ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार को स्वतंत्रता दिवस की परेड में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निमंत्रण पत्र भेजा गया था।ब्लॉक पूरनपुर जनपद पीलीभीत ही नहीं बल्कि यह निमंत्रण पत्र पूरे मंडल में एकमात्र ग्राम प्रधान को भेजा गया था। दिल्ली में आयोजित परेड में शामिल होने के बाद ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और विकासखंड पूरनपुर और जनपद पीलीभीत की समस्याओं के बारे में विचार साझा किए। ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निमंत्रण पत्र ग्राम प्रधान को स्वतंत्रता दिवस की परेड में शामिल होने के लिए भेजा गया।दिल्ली में परेड में शामिल होना ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने दिल्ली में आयोजित परेड में शामिल होकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया। प्रधानमंत्री से मुलाकात ग्राम प्रधान ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की।ग्राम प्रधान के दिल्ली से लौटने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत से ग्राम प्रधान का उत्साह और भी बढ़ गया और वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए और भी मेहनत करने के लिए प्रेरित हुए है।

# एएनएम जितेंद्र कौर को सीएमओ ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। 79 वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने कार्यालय के आरोग्य सभागार में स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ,एएनएम जितेंद्र कौर सहित अन्य एवं आशा बहनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके कार्य दायित्वों का बोध कराते हुये उनसे और उत्कृष्ट कार्य करने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिये प्रेरित किया,साथ ही उनसे उनकी कार्य करने में आ रही परेशानियों के विषय में पूछा एवं तत्काल उनके समाधान के निर्देश प्रदान किये। डीपीएम मो0 नाज़िर के द्वारा सी0एच0ओ0 को उनके ऑन लाइन पोर्टल पर रिर्पोटिंग के विषय में बताया गया। सभी सीएचओ, एएनएम जितेंद्र कौर सहित अन्य को और आशा बहनों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी का आभार प्रकट किया एवं भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार शर्मा, डीपीएम मो0 नाज़िर, मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता नितिन गंगवार,परिवार नियोजन प्रबन्धक अमित शर्मा, डीडीएम कौशल कुमार सहित मो0 जुबैर,कमल कुमार, सुशील पाल,मो0 इमरान,अनिल कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

## कई सप्ताह बाद खुला विद्यालय उत्साह के साथ पहुंचे बच्चे चेहरे पर दिखी मुस्कान

**पूरनपुर।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मथना जप्ती में स्थित प्राथमिक विद्यालय विलय होने के बाद लगभग 42 दिन बाद खुला बच्चे पहुंचे तो विद्यालय में रौनक फिर से वापस लौट आई। विद्यालय आने की खुशी बच्चों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी।विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने का आदेश जारी कर दिया गया था। जिसके बाद विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। अभिभावकों और प्रधान की सक्रियता से यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा हैं।स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर देशभक्ति का जज्बा बच्चों और ग्रामीणों में दिखाई दिया।इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पारुल पुनिया के नेतृत्व तिरंगा फहराया गया।विद्यालय कई सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत कर देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए हैं।इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पारुल पुनिया और समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया हैं।कार्यक्रम में आए सभी लोगों का प्रधानाध्यापिका ने आभार व्यक्त किया है।

## तराई क्षेत्र के 22 किलोमीटर कच्चे बांध को पर्यटन के रूप में विकसित करने की प्रधान ने प्रधानमंत्री से की मांग

**पूरनपुर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र में स्थित 22 किलोमीटर लंबा शारदा सागर बांध जोकि एशिया का सबसे बड़ा और लंबा कच्चा बांध है। यहां पर स्थित चूका पर्यटन स्थल पर प्रतिवर्ष देश-विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं। पर्यटक चूका घूमने के बाद शारदा सागर बांध पर पहुंचकर भी उसकी सुंदरता को निहारते हैं।शारदा सागर बांध में भी देखने में काफी खूबसूरत और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक दिखाई देता है। शारदा सागर बांध को पर्यटन स्थल बनाए जाने से इसकी खूबसूरती गोवा से कम नहीं होगी ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र देकर शारदा सागर बांध को पर्यटन स्थल का दर्ज़ा देने की मांग की है।

## अवैध प्लाटिंग से पानी की निकासी हुई बंद फसले डूबने से किसान परेशान मचा हड़कंप

**पूरनपुर।** जिले में लगातार बारिश से सभी नदी नाले पुलिया खेत खलिहान उफान पर थे। बारिश बंद होने के बाद जलस्तर घटने से स्थिति सामान्य हो गई है। लेकिन लोधीपुर,धरमंगदपुर,तकिया दीनारपुर गांव में लगभग 200 एकड़ की फसल अभी भी डूबी हुई है पीड़ित किसानों के मुताबिक कृषि भूमि ग्राम तकिया दीनारपुर,धरमंगदपुर, लोधीपुर मे जिसमें बरसाती एवं बाढ़ के पानी का निकास माधौटांडा हाईवे रोड से लोधीपुर जाने बाले लोक निर्माण विभाग के लिंक मार्ग में बनी चार पुलियो व पुल के माध्यम से होता था। किन्तु अब वहाँ पर अबैध रूप से प्लाटिंग करने बाले प्रधान फरजन्द ग्राम लोधीपुर आदि ने अपने निजी स्वार्थ हेतु पानी निकास के लिए बनी पुलियो व पुल को अबैध रूप से पाटकर बंद कर दिया है। जिससे पानी निकास की समस्या हो गई है। जिससे बरसात व बाढ के पानी का निकास नहीं हो पा रहा है और प्रधान द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। जिसका स्थायी समाधान किसान चाहते है। आक्रोशित किसानों ने चक्काजाम की चेतावनी दी है किसान अपनी समस्या को लेकर एसडीएम से पिछले कुछ समय से गुहार लगा चुके हैं।लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं एसडीएम ने निरीक्षण कर समाधान का आश्वासन दिया है पिछले सालों से खेतों में जल भराव की समस्या झेल रहे। रियाजउद्दीन खा,आविद खा, शरफुद्दीन खा,शादाब,जलीश खा, सहित सैकड़ों किसानों ने अपने दर्द साझा किया वही 70 साल के बुजुर्ग किसान ने बताया कि कहा कि वह पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं। उनके खेतों का पानी आसानी से निकलता था। लेकिन रोड के उस पार पानी निकालने के रास्ते को अवैध प्लाटिंग करने वालों ने बंद कर दिया है। माधोटांडा रोड के बाएं तरफ उनकी खेत पहली ही बारिश में डूब गई है। पहले पानी आसानी से निकल जाता था।लेकिन अवैध प्लाटिंग करने वालों ने पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में बंगाली समुदाय के साथ बैठक हुई सम्पन्न

**पीलीभीत।** डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बंगाली समुदाय के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, अधिकतर शिकायतें भूमि एवं मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने के सम्बन्ध में थी। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी गांव में फैमिली ट्री में नाम दर्ज करने हेतु जाएं तो उन्हें पूरा सहयोग दिया जाये। इस अवसर पर तहसील कलीनगर के ग्राम नगरिया खुर्द कलां के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया हैं।

# गोमती उदगम स्थल पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व प्रधान एवं विधायक ने रोपित किया हरिशंकरी पौधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। ग्राम प्रधान नईम एवं विधायक ने ग्राम माधोटांडा के गोमती उदगम स्थल पर सामाजिक संगठन लोकभारती के तत्वाधान में ''हरिशंकरी पौधरोपण'' अभियान के निमित्त मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचकर पौधारोपण किया वहीं अधिक से अधिक पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाया जा सकता है। जिससे आम जनमानस में खुशहाली आएगी इस मौके पर उन्होंने डीएफओ से जिले में हो रहे पौधरोपण की जानकारी भी ली जिले को हरा भरा बनाने के लिए वन विभाग द्वारा जिले भर में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य कराया जा रहा है जिसके तहत मंगलवार को गोमती उदगम स्थल में विधायक बाबूराम पासवान ने वन विभाग द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पीपल, पाकड़, बरगद हरिशंकरी पौध का रोपण किया उन्होंने बताया कि तीन पौधों के एक साथ रोपित होने से शीतल छाया के साथ ही अक्सीजन भी मिलती है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर धरती को हरा भरा बनाने के लिए वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के साथ ही उनकी देखभाल की भी जरूरत है विधायक ने पौधरोपण के बाद प्रभागीय वनाधिकारी से वृक्षारोपण से जुड़ी जानकारी हासिल की वृक्षारोपण के समय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रधान नईम अली,पूरनपुर चीनी मिल सभापति बहादुर सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य सोनपाल गौतम, उपजिलाधिकारी कलीनगर महिपाल सिंह, उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, ध्रुव सिंह, जितेंद्र सिंह, रामपाल पांडेय, संदीप खंडेलवाल, गुहाय प्रधान भारत लाल , राममूर्ति सिंह,निर्भय सिंह,सहित विद्यालय के छात्र छात्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने प्रयागराज पहुंची शिक्षिकाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राज्य परियोजना कार्यालय सर्वशिक्षा अभियान के निर्देश के क्रम में जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालय फलईया की शिक्षिका निधि मिश्रा,कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर विकास खंड मरौरी की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल,कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर विकास खंड पूरनपुर की प्रधानाध्यापिका डाक्टर निराजना शर्मा, प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर गोटिया विकास खंड मरौरी की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी,उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ विकास खंड अमरिया की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूपपुर कमालू विकास खंड ललौरीखेड़ा की शिक्षका अवंती गंगवार में सक्रिय मीना मंच की मीना प्रेरक एवं पावर एंजिल का दो दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग करने प्रयागराज पहुंची हैं। जिसका आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने जारी किया है।कार्यशाला में जनपद की छः शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया है। इस प्रशिक्षण में अभिव्यक्ति क्षमता संवर्धन, लिंग-भेद, कुरीतियों, असुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

## युवक ने किया आत्महत्या, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**सुल्तानपुर।** जिले में एक युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। परिजनों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। यह पूरा मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव का है। मृतक की पहचान 28 वर्षीय चंद्रेश श्रीवास्तव के रूप में हुई है। मंगलवार की सुबह में चंद्रेश की पत्नी जब कमरे में पहुंचीं तो उन्होंने पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी वहां पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि चंद्रेश शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और अक्सर घर पर ही रहते थे। तीन साल पहले उनकी शादी हुई थी और उनकी 15 महीने की एक बच्ची भी है। फिलहाल, मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है।

बिजली विभाग का सीसीवी पोर्टल सर्वर कई दिनों से ठप, उपभोक्ता परेशान

सुलतानपुर। बिजली विभाग का सीसीवी पोर्टल पिछले कई दिनों से ठप होने के कारण उपभोक्ताओं और विभागीय कर्मचारियों दोनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर लगातार डाउन रहने से उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं करा पा रहे हैं, वहीं शिकायत दर्ज कराने और भुगतान की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। जानकारी के अनुसार, सीसीवी पोर्टल के माध्यम से विभाग बिजली बिलों की जांच, सुधार, भुगतान, शिकायत निस्तारण आदि कार्य करता है। लेकिन सर्वर के ठप रहने से उपभोक्ताओं को घंटों दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं कर्मचारी भी पोर्टल पर कार्य न होने के कारण फाइलों का निस्तारण नहीं कर पा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर बिल जमा न कर पाने से लेट फीस का खतरा बढ़ रहा है और कई मामलों में बिजली कनेक्शन काटे जाने जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि तकनीकी टीम को समस्या सुधारने के लिए लगाया गया है और जल्द ही पोर्टल सामान्य रूप से कार्य करने लगेगा। लगातार कई दिनों से पोर्टल का सर्वर डाउन रहना विभागीय कार्यप्रणाली और उपभोक्ताओं की सुविधा, दोनों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है।

## पार्किंग स्थल बन गया सामुदायिक मिलन केंद्र

**भदैया/सुल्तानपुर।** सामुदायिक मिलन केंद्र यहां के प्रबंधन की अनदेखी के कारण अव्यवस्थाओं से जकड़ा हुआ है। भदैया विकास खण्ड परिसर में लाखों की लागत से बने समुदायिक मिलन केंद्र क्षेत्र पंचायत के हाल में ब्लाक के कर्मचारियों ने उसको मोटरसाइकिल पार्किंग बना दिया गया। वहीं गई बाइकें पूरे दिन मिलन केंद्र की शोभा बढ़ा रहीं हैं। जिससे पूरा मिलन परिसर बाइकों से पटा पड़ा रहता है। जबकि उसी भवन में कैंटीन भी मौजूद है जहां दूर दूर से आने वाले फरियादियों को कैंटीन के बाहर ही खड़े होने को मजबूर होना पड़ता है। यहां पर बैठने की व्यवस्था ना होने के कारण फरियादी पास के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाते हैं यहां इस हाल में लोग बाइक खड़ी कर देते हैं। जहां कुर्सी भी रखने की जगह नहीं मिलती। वहीं लोगों ने सहायक खंड विकास अधिकारी से शिकायत करने की बात कही है।

## मनरेगा लोकपाल महेन्द्र विक्रम का कार्यकाल बढ़ा

**सुल्तानपुर।** मनरेगा लोकपाल महेन्द्र विक्रम सिंह का कार्यकाल बढ़ा। श्री सिंह को राज्य व केंद्र सरकार ने उनकी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्ष कार्यशैली को देखते हुए एक शासन ने फिर कार्यकाल का विस्तार प्रदान किया है। महेन्द्र विक्रम सिंह अपने पूर्व के कार्यकाल में साबित किया है कि अगर इच्छाशक्ति मज़बूत हो तो सबसे बड़ी योजनाओं में भी पारदर्शिता और जवाबदेही कायम की जा सकती है। मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार की हर शिकायतों की जांच को ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर और श्रमिकों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण समयबद्ध तरीके से की। आज मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर शिकायत दर्ज करने के आसान और भरोसेमंद विकल्प हैं। लोकपाल महेंद्र सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार से संबंधित कोई भी शिकायत चाहे कितनी छोटी क्यों न हो उसे पूरी गंभीरता और निष्पक्षता से निस्तारित किया जाएगा।

## लापता सफाईकर्मी! गांव नहीं आ रहा, फोन तक नहीं उठा रहा

भदैया/सुलतानपुर। गांव की गलियां गंदगी से पटी हैं, नालियां बजबजा रही हैं और मच्छरों का आतंक बढ़ रहा है। लेकिन जिम्मेदारी संभालने वाले सफाईकर्मी का कहीं अता-पता नहीं। यह हाल है जादीपुर ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी राजेश यादव की।

# बल्दीराय रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार बेलगाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रजिस्ट्रार बीना झाँ के संरक्षण में बिचैलियों का राज**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले का बल्दीराय रजिस्ट्री ऑफिस आज भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा गढ़ बन चुका है। यहां पर कानून और नियमों की कोई अहमियत नहीं, बल्कि बिचैलियों और रिश्वतखोरी का राज खुलेआम चल रहा है।

रजिस्ट्रार बीना झाँ के संरक्षण में कार्यालय में दर्जनों प्राइवेट कर्मचारियों को अवैध रूप से रखा गया है। जबकि हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि सरकारी कार्यालयों में निजी व्यक्ति किसी भी तरह का काम नहीं करेंगे। इसके बावजूद आदेश की धज्जियाँ उड़ाकर जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का खेल जारी है। रजिस्ट्री कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए, ताकि भ्रष्टाचार की परतें बाहर न आ सकें। आम नागरिक जब सीधी रजिस्ट्री कराने पहुंचते हैं तो उन्हें घंटों दौड़ाया जाता है, वहीं बिचैलियों के ज़रिए आने वाले लोगों का काम मिनटों में निपटा दिया जाता है। रिश्वत और दलाली का ऐसा संगठित तंत्र बना दिया गया है, जिसमें बिना जेब ढीली किए कोई भी काम होना नामुमकिन है। जनता का आरोप है कि भूमाफिया और बिचैलियों की सीधी पहुँच रजिस्ट्रार तक है। यही वजह है कि यहां आम आदमी की आवाज़ दबा दी जाती है और हाईकोर्ट के आदेश को भी नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। अब सवाल यह है कि जब न्यायालय के आदेशों को ही ठेंगा दिखाया जा रहा है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा? यदि शासन-प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नही की तो बल्दीराय रजिस्ट्री ऑफिस में भ्रष्टाचार और दलाली का यह खेल और ज्यादा बेलगाम हो जाएगा। जो आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत बन रही है।

# सुल्तानपुर में सड़क निर्माण पर विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**25 लाख रंगदारी के आरोप पर विधायक बोले- गुणवत्ता जांच को गए थे, एक्सईएन का दावा-शुरू नहीं हुआ काम**



सुल्तानपुर। सड़क निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। सदर विधायक पर कॉन्ट्रैक्टर से 25लाख रंगदारी मांगने का आरोप लगा है।

पीडब्लूडी के एक्सीक्यूटिव इंजीनियर अरुण कुमार ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का कार्य अभी शुरू ही नहीं हुआ है। इसलिए गुणवत्ता की जांच का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने रंगदारी के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि वे सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच के लिए गए थे। विधायक के अनुसार, कुछ लोग जल्दबाजी में काम करके निकलना चाहते थे। उन्होंने कहा कि नियमों के विपरीत गड्ढा खोदकर काम किया जा रहा था, जबकि पहले रोलिंग होनी चाहिए। सिद्धार्थ इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर शशि सिंह ने आरोप लगाया है कि स्थानीय विधायक ने उनसे 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। कंपनी को बरौसा से 84 आश्रम तक का सड़क चौड़ीकरण का काम मिला है। इस काम को पूरा करने की समय सीमा एक वर्ष है। शशि सिंह के अनुसार, एक महीने पहले उनका बॉन्ड बना है। 15 अगस्त को कंपनी ने अपना स्टाफ काम शुरू करने के लिए भेजा। 16 अगस्त को जैसे ही चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ, विधायक अपने समर्थकों के साथ 10 गाड़ियों में वहां पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। विधायक के समर्थकों ने साइट पर तोड़फोड़ की। ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की। कंपनी के मैनेजर अनिल वर्मा का मोबाइल छीन लिया। साइट पर रखे डेढ़ लाख रुपए भी ले गए। शशि सिंह ने बताया कि उनकी सास वर्तमान में कुड़वार की ब्लॉक प्रमुख हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। घटना का वीडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। विधायक और एक्सईएन के बयानों में विरोधाभास है। जहां विधायक गुणवत्ता जांच का दावा कर रहे हैं, वहीं एक्सईएन का कहना है कि काम शुरू ही नहीं हुआ। यह विरोधाभास रंगदारी के आरोपों को और गंभीर बना रहा है। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस मामले की जांच करवाता है या नहीं।

# बीईओ ने शिक्षक बनकर स्कूली बच्चों को पढ़ाया

**कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिर्ज़ागढ़ का किया निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कक्ष में पहुंचकर बच्चों को पढ़ाने में जुट गये और विज्ञान विषय के बारे में विस्तार से अवगत कराया।उन्होंने छात्राओं को निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने के लिये प्रेरित किया।

परिषदीय विद्यालयों के नियमित निरीक्षण के दौरान मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिर्ज़ागढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे तो खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी विद्यालय में संचालित कक्षाओं में पहुंच गये और बच्चों के बीच वह स्वयं को रोक नही पाये।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं से संवाद करते हुये विज्ञान विषय पढ़ाने लगे और छात्राओं को निष्ठा और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिये प्रेरित किया। इसके उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के अभिलेखों के साथ ही बन रहे भोजन का बारीकी से निरीक्षण किया और वार्डे न को प्रांगण को साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने इसके बाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिर्ज़ागढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां पर बच्चों को संस्कृत विषय पढ़ाने लगे।उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिये प्रेरित किया और कहा कि पढ़ाई के साथ ही साथ आप सब लोग खेलकूद में भी भाग लेकर अपने विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं।सरकार द्वारा खेलकूद सामग्री भेजी गई है और शिक्षकों से शिक्षक डायरी चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने एमडीएम पंजिका, छात्र शिक्षक उपस्थित पंजिका का निरीक्षण कर अवलोकन किया और मातहतों को दिशा निर्देश दिया।

# लकड़ी कारोबारी ने काट डाला लाखों रुपये के यूकेलिप्टस के पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकहा रामपुर के सरकारी अभिलेखों में अन्य जंगल के नाम अंकित भूमि पर लगे बेशकीमती यूकेलिप्टस के पेड़ों की अवैध कटान सुबह से ही जारी है जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जाती है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद सरकारी नुमाइंदे कुम्भकर्णी नींद में सोते रहे और लकड़ी कारोबारी का आरा सरकारी पेड़ों पर चलता रहा।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकहा रामपुर के गांव मिर्ज़ागढ़ में मडहरा देवी मंदिर के पास स्थित अन्य जंगल की भूमि पर काफी संख्या में यूकेलिप्टस के बेशकीमती पेड़ लगे हुये हैं। इन पेड़ों पर एक स्थानीय व्यक्ति ने अपनी नजरें गड़ा ली।राजस्व और पुलिस कर्मियों की सांठ गांठ से एक लकड़ी कारोबारी के हाथों उक्त पेड़ों को अच्छे दामों में बेंच दिया गया। मंगलवार की सुबह से ही बेखौफ लकड़ी कारोबारी का आरा सरकारी पेड़ों पर चलने लगा तो ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल से लेकर तहसील तक के अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन नतीजा टांय टांय फुस्स साबित हुआ। ग्रामीणों की मानें तो अवैध कटान स्थल पर स्थानीय थाने की पुलिस दो चक्कर पहुंची लेकिन फिर भी अवैध कटान बंद नही हुई और चंद घंटों में दर्जनों की संख्या में यूकेलिप्टस के पेड़ कट गये और पलक झपकते ही मौके से कारोबारी द्वारा लकड़ी भी हटाकर ठिकाने लगा दी गई। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल के साथ ही हल्का के सिपाहियों पर सरकार की सुरक्षित भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटान में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। क्षेत्रीय लेखपाल राजेश वर्मा ने बताया कि उक्त मामला मेरे भी संज्ञान में आया है लेकिन आज मैं राजधानी में हूं शिकायतकर्ता को स्थानीय पुलिस से शिकायत कर अवैध कटान पर रोक लगाने की बात कही है।

# चुनौतियां और संकल्प

पंद्रह अगस्त पर लाल किले से प्रधानमंत्री का राष्ट्र के लिये संबोधन महज एक औपचारिकता नहीं होता, बल्कि समकालीन राष्ट्रीय चुनौतियों व अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर सरकार की रीति-नीति का परिचय होता है। आने वाले समय की योजनाओं का खाका और राष्ट्रीय संकल्पों की बानगी होता है। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन निस्संदेह, इन्हीं रीति-नीतियों का विस्तार था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी। निश्चय ही यह कामयाबी हमारी तकनीकी व सुरक्षा जरूरतों के लिये महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स के उत्पादन पर भी जोर दिया, जो रक्षा उत्पादों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। पं. नेहरू के बाद लगातार बारहवीं बार लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करने वाले मोदी का यह संबोधन अब तक का सबसे लंबा अवधि वाला था। लेकिन समकालीन चुनौतियों के मद्देनजर यह तार्किक था। उन्होंने उर्वरकों, परमाणु ऊर्ज़ा, जीएसटी, अर्थव्यवस्था के लिये रिफोर्म टास्क फोर्स के गठन, अंतरिक्ष अभियान जैसे तमाम मुद्दों को संबोधित किया। निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता के प्रयासों से जहां हम अपने आर्थिक लक्ष्य पा सकते हैं, वहीं हम अपनी संप्रभुता की रक्षा भी कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। निश्चित रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के परिदृश्य के बीच भारत को अपने सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने के लिये उत्पादन क्षेत्र में आशातीत वृद्धि करनी होगी। तभी हम चीन के साथ लगातार बढ़ते व्यापार असंतुलन को दूर कर पाने में किसी हद तक सफल हो सकते हैं। फिर हम वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अपनी भूमिका बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिये चुनौती बनती घुसपैठ की समस्या को भी संबोधित किया और उच्च शक्ति वाला डेमोग्राफी मिशन चलाने की बात कही। दरअसल, आज घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव की स्थिति तक पहुंच गई है। देश में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ डेढ़ करोड़ बतायी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जिक्र करके देश को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आने वाले दशक में उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले को उन्होंने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करने की बात कही। जिसमें रक्षा उत्पादों का आधुनिकीकरण भी शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि बाह्य दबाव अस्वीकार करके किसानों, पशुपालकों व मछुआरों के हितों की रक्षा की जाएगी। उनका मानना था कि हम इतने मजबूत बनें कि चुनौतियां हमारी सफलता का मार्ग तय करें। कुल मिलाकर उन्होंने देश के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को संबोधित करते हुए समाधान की राह का विस्तार से जिक्र किया। विश्वास किया जाना चाहिए कि देश के आंतरिक मोर्चे पर उन्होंने किसानों के संरक्षण व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के मुद्दे पर जो कहा, उसे यथाशीघ्र हकीकत बनाया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के बीच स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर बल दिया। साथ ही यह भी दोहराया कि विश्व में पहुंच बनाने के लिये हमारी प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की होनी चाहिए। उन्होंने रक्षा उत्पाद निर्माण को वरीयता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि साल के अंत तक पहली मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी।

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

**विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिशयोक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है। लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है।**

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं। हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है। विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्ज़ा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है। लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज़ है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है। लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज़ को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाज़ी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। 1977 में आपातकाल के विरोध से लेकर 1989 तक विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया। लेकिन 2014 के बाद से जिस तरह विपक्ष अपरिपक्व, निरंतर बिखरा हुआ, नेतृत्वविहीन और नकारात्मक एजेंडे पर केंद्रित रहा है, उसने लोकतांत्रिक संस्कृति को आघात पहुँचाया है। विदेशी ताकतें हमेशा से भारत की आंतरिक कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में रहती हैं। जब विपक्ष सरकार की नीतियों का विरोध करने के नाम पर राष्ट्र-विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की कार्रवाई या विदेश नीति तक पर सवाल उठाने लगता है, तो इसका सीधा लाभ पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को मिलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करना विपक्ष का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से हालात यही इशारा कर रहे हैं। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को 'विघटन' में बदल देना खतरनाक है। विपक्ष को याद रखना होगा कि उसकी जिम्मेदारी केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश की स्थिरता और विकास को सही दिशा देने की भी है। अगर विपक्ष अपने दायित्वों को नकारात्मक राजनीति में खोता रहा तो यह न केवल उसके लिए बल्कि पूरे लोकतंत्र के लिए आत्मघाती सिद्ध होगा। आज समय की मांग है कि विपक्ष आत्ममंथन करे, अपनी नीतियों और रणनीतियों को परखे तथा केवल विरोध के लिए विरोध करने की बजाय वैकल्पिक दृष्टि और ठोस समाधान प्रस्तुत करे। यही सच्चे लोकतंत्र का तकाज़ा है और यही राष्ट्रहित का मार्ग। **-ललित गर्ग**

# अभी कई चुनौतियों से निपटना होगा

**प्रेम शर्मा**

निश्चत तौर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारतश पर जोर दिया। उनके भाषण से यह तो स्पष्ट है उनका उद्देश्य क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई, ताकि वैश्विक बाजार में भारत की छवि को बेहतर बनाया जा सके। लेकिन भाषण का सार लगभग यही है कि जो कुछ हासिल हुआ है उसके सापेक्ष देश के समक्ष चुनौतियॉ अभी काफी है। काफी हद तक अन्तरिक चुनौतियों से निजात तो मिली लेकिन पूरी तरह नही। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी भयावह दौर से गुजर रहा है। आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले से दिया गया भाषण अगर याद रखे जाने लायक कहा जाएगा तो सिर्फ इसलिए नहीं कि यह उनका अब तक का सबसे लंबा भाषण रहा या लाल किले के प्राचीर से उन्होंने लगातार बारहवीं बार राष्ट्र को संबोधित किया, जिसका मौका पंडित जवाहरलाल नेहरू के अलावा किसी और प्रधानमंत्री को अब तक नहीं मिला। जिन हालात में और जिन चुनौतियों के बीच पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया वह इस बॉत संकेत था कि उन्हें देश में व्याप्त समस्याओं का पूरा आभास है। पिछले कुछ सयम से अमरीका के भारत के खिलाफ बनते आ रहे रूख और अमेरिका टैरिफ वॉर के जरिये अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश कर रहा है, जबकि चीन ने दुर्लभ मृदा खनिज को हथियार बनाया हुआ है। ऐसी स्थिति में भारत को तरक्की जारी रखने के लिए रास्ता तलाशना ही होगा। स्वाभाविक दुर्लभ मृदा खनिज, तेल और गैस, सेमीकंडक्टर से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता अब भारत की अस्मिता का प्रश्न है। दुनिया जिस तरह से बदल रही है, उस स्थिति में किसी पर भरोसा करना अपने आप को धोखा देना है। फिलहाल देश की डीजीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान केवल 12 प्रतिशत और वैश्विक आपूर्ति में केवल 2.8 प्रतिशत है। जबकि चीन दुनिया के लिए 28.8 प्रतिशत सामान बना रहा है। भारत सरकार इसे 23 प्रतिशत के बराबर करना चाहती है। सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है, वह नामुमकिन बिल्कुल नहीं है। ऑटो इक्विपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, खासतौर पर आईफोन की बात करे तो भारत में वैश्विक जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है। एपल करीब 20 प्रतिशत आईफोन अब भारत में बना रही है, जबकि कभी चीन इसका केंद्र हुआ करता था। पीएम मोदी ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि दुनिया गुणवत्ता की कद्र करती है और अगर ग्लोबल मार्केट में भारत की छवि को चमकाना है तो हाई क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स बनाने होंगे।पीएम मोदी चुनौतियों की ओर संकेत करना भी नहीं भूले। उन्होंने न केवल किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की बात की बल्कि सिंधु जल समझौते को मौजूदा स्वरूप में स्वीकार न करने की दो टूक घोषणा भी कर दी। स्पष्ट है कि भारत किसी भी सूरत में अवांछित दबाव को स्वीकार नहीं कर सकता। भारत 1990 का दशक बदलाव का सबसे बड़ा वाहक था, जब भारत ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाया और तय किया कि इस दुनिया में उसे किस रास्ते पर चलना है। भारत के बाजार को खोलने का वह फैसला लिया गया, क्योंकि ऐसी मजबूरी खड़ी हो गई थी। तब देश के पास आयात के लिए विदेशी मुद्रा नहीं बची थी, और आज फॉरेन करंसी रिजर्व के मामले में भारत टॉप 4 में है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। इनके बावजूद अभी भी देष के सामने कई चुनौतियॉ मुँह खोले खड़ी है। भारत में हर साल खराब स्वच्छता और सफाई के कारण एक लाख से अधिक बच्चों की मौत हो जाती है और 3.6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। भारत की जनसंख्या एक बड़ी चुनौती है। विश्व में सबसे बड़ा युवा जनसंख्या होने के बावजूद, यह एक अवसर भी हो सकता है यदि सही तरीके से इसका प्रबंधन किया जाए। शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता होगी ताकि भारत की बढ़ती युवा आबादी को समुचित अवसर मिल सकें। इसके साथ ही जनसंख्या का दबाव संसाधनों, सेवाओं और बुनियादी ढांचे पर पड़ेगा, जिसके कारण गरीबी, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसी समस्याएँ बढ़ सकती हैं।

## सेहत मंत्र

# डायबिटीज रोगियों के लिए बेहतरीन स्नैक है बादाम

बादाम सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। बचपन से आप सुनते होंगे कि बादाम खाने से याददाश्त तेज होती है। बादाम में मौजूद ढेर सारे पोषक तत्वों के कारण ये सिर्फ बुद्धि क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि शरीर को ढेर सारी बीमारियों से भी बचाते हैं। बादाम खाना हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा बादाम का सेवन शरीर में खून बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। डायबिटीज एक ऐसा रोग है, जिसमें गलत आहार खाने से शरीर में ब्लड शुगर बढ़ जाता है, जो मरीज के लिए खतरनाक हो सकता है। रोजाना बादाम खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है और डायबिटीज रोगी स्वस्थ रह सकते हैं। आइए आपको बताते हैं डायबिटीज में बादाम खाने के फायदे और खाने का सही तरीका। बादामों पर हुई कई तरह की रिसर्च बताती हैं कि बादाम का सेवन करनने से ब्लड शुगर को कंट्रोल होता है। इसीलिए बादाम को डायबिटीज रोगियों के लिए बेस्ट स्नैक्स में गिना जाता है। दरअसल बादाम में मैग्नीशियम की मात्रा ज्यादा होती है। टाइप-2 डायबिटीज के ज्यादातर मरीजों में मैग्नीशियम की कमी होती है। ऐसे में बादाम के सेवन से डायबिटीज रोगियों को पर्याप्त मैग्नीशियम मिल जाता है, जिससे उनके शरीर में इंसुलिन का लेवल अच्छा रहता है। इसके अलावा बादाम में विटामिन ई और हाई क्वालिटी का प्रोटीन होता है, जो त्वचा में चमक लाने, बालों को टूटने-झड़ने से बचाने में मददगार है। डायबिटीज रोगियों में भी त्वचा की समस्याएं देखने को मिलती हैं, इसलिए बादाम उन्हें इन समस्याओं से भी बचाता है। आमतौर पर डायटीशियन मानते हैं कि एक दिन में एक मुट्ठी बादाम खाना सेहत के लिए अच्छा होता है। एक मुट्ठी में लगभग 15-17 बादाम आते हैं। ठद्गद्वप्द्द ट्टथ्थ्द्गप क्द्धथ्थन्द्वद्गद्रप धद्ध इद्न्द्वदफ्घ्यफ्न्द (ठट्टक्ष) के मुताबिक एक दिन में 28 ग्राम से ज्यादा कच्चे बादाम नहीं खाने चाहिए। 1 औंस (लगभग 28 ग्राम) बादाम खाने से आपको- 164 कैलोरीज एनर्जी 6 ग्राम प्रोटीन और 3.5 ग्राम डाइट्री फाइबर मिलता है। हालांकि बादाम की तासीर गर्म होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में कम बादाम खाने चाहिए। स्लिम-ट्रिम सेंटर दिल्ली की डायटीशियन सोनम धींगरा बताती हैं कि, ''डायबिटीज रोगियों के लिए बादाम खाना अच्छा होता है, मगर इसके साथ ही उन्हें अपने आहार में दूसरी हेल्दी चीजें भी शामिल करनी चाहिए।

## धर्म मंत्र

# खाटू श्याम के दर्शन एकादशी और द्वादशी तिथि पर करना माना जाता है शुभ

खाटू श्याम को कई नामों से जाना जाता है, जिसमें हारे का सहारा, तीन बाण धारी और शीश का दानी काफी ज्यादा फ़ेमस है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक खाटू श्याम को जग से हारे हुए व्यक्ति का सहारा बनते हैं। साथ ही अपने भक्तों को सभी दुखों से उभारते हैं। खाटू श्याम घटोत्कच के पुत्र और भीम के पोते हैं। खाटू श्याम का असली नाम बर्बरीक है। उनको भगवान श्रीकृष्ण से अपने शीश दान देने पर आशीर्वाद मिला था कि उनको कलियुग में पूजनीय स्थान और प्रसिद्धि मिलेगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक खाटू श्याम के दर्शन एकादशी और द्वादशी तिथि पर करना शुभ माना जाता है। खासकर खाटू श्याम के दर्शन आमलकी एकादशी, जोकि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। उस दिन पर खाटू श्याम के दर्शन करने का विशेष महत्व माना जाता है। कई भक्त इस दिन खाटू श्याम के जन्मदिन के रूप में भी मनाते हैं। वहीं कुछ भक्त कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को भी खाटू श्याम के जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। ऐसे में आप इस दिन खाटू श्याम के दर्शन का लाभ उठा सकते हैं। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी और द्वादशी तिथि पर खाटू श्याम के दर्शन और पूजा-अर्चना करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इससे जातक के जीवन में आने वाली परेशानियां भी दूर होती हैं। क्योंकि खाटू श्याम जातक का सहारा बनकर उसको दुखों से उभारते हैं।

## पर्यटन



# सैलानियों की पहली पसंद है पिंक सिटी जयपुर

पर्यटन एवं मेहमान नवाजी के लिए राजस्थान की राजधानी और गुलाबी नगर के नाम से विश्व में मशहूर सबसे बड़ा नगर जयपुर सैलानियों की खास पसन्द है। यह पहला ऐसा प्राचीन नियोजित शहर है जहां चौड़ी सड़कें, चौपड़, प्राचीन ऊँचे-ऊँचे कलात्मक गुलाबी द्वार, महल, किले, राजाओं की छतरियां, मंदिर एवं बाग-बगीचे आदि अपने समय के वैभव की कहानी सुनाते हैं। जयपुर शहर को महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने 1727 ई. में बसाया था और इस नगर का निर्माण एक बंगाली वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य ने किया था। देशी एवं विदेशी सैलानी बड़ी संख्या में पूरे वर्ष जयपुर में चहल-कदमी करते हुए नजर आते हैं। पुराने शहर के हृदय स्थल में राजस्थानी एवं मुगल शैली में निर्मित शासकों का महल जिसे ''सिटी पैलेस'' कहा जाता है स्थित है। यहां संगमरमर के स्तम्भों पर नक्काशीदार मेहराब, सोने व रंगीन पत्थरों की फूलों वाली आकृतियों के अलंकरण दर्शक को अचम्भित कर देते हैं। प्रवेश द्वार पर दो नक्काशीदार हाथी पहरेदार के रूप में खड़े नजर आते हैं। सिटी पैलेस में एक संग्रहालय बनाया गया है। इसमें राजस्थानी पोशाकों तथा मुगलों व राजपूतों के अस्त्र-शस्त्रों का बेहतरीन संग्रह किया गया है। विभिन्न रंगों व आकार वाली तराशी गई मूठ वाली तलवारें हैं जो मीनाकारी का जड़ाऊ कार्य एवं जवाहरतों से अलंकृत हैं। संग्रहालय में शाही कालीनों, साज-सामान, लघु चित्र, अरबी, फारसी, लेटिन व संस्कृत में दुर्लभ ज्योतिष एवं खगोल विज्ञान की रचनाओं के उत्कृष्ट संग्रह देखने को मिलते हैं। सीटी पैलेसे खुलने का समय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक है। प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क देना पड़ता है। सिटी पैलेस के समीप ही स्थित 'जंतर-मंतर' पत्थरों से बनाई गई एक खूबसूरत वेदशाला है। सवाई जयसिंह द्वारा देश में पाँच स्थानों पर बनाई गई वेदशालाओं में जयपुर की वेदशाला सबसे बड़ी और आकर्षक है। जंतर-मंतर के सभी यंत्रों का आकार और विन्यास वैज्ञानिक आधार पर किया गया है। सबसे बड़ा यंत्र है सूर्य घड़ी एवं प्रभावशाली यंत्र राम यंत्र है। सूर्य घड़ी से समय मालूम किया जाता है कि जबकि राम यंत्र ऊँचाई नापने के लिए बना है। यहां तारों की गणना करने वाले कई यंत्र तथा बारह राशियों के यंत्र देखते ही बनते हैं। जंतर-मंतर खुलने का समय प्रातः 9 बजे से सायं 4.30 बजे तक है।

# खाद के लिए हाहाकार, अमला मूकदर्शक

## सड़क पर गुजरती है रात, फिर भी किसान खाली हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उर्वरक के लिए किसान सडक पर उतर पड़े हैं। जिम्मेदार अधिकारी किंकर्तव्यविमूढ़ और जनप्रतिनिधि धृतराष्ट्र की भूमिका में है। कृषकों को खाद की दुकान सहकारी समितियां पर रात गुजरती पड़ रही है। कागजात जमा करवाए जाते हैं और शाम को उन्हें ठेंगा दिखा दिया जाता है। रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि

सहकारी समिति बिछलखा पर यूरिया उर्वरक लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।सैकड़ों किसान सुबह 9 बजे खतौनी व आधार कार्ड लेकर कतार में लग गए।निजी दुकानों पर यूरिया उपलब्ध न होने के कारण किसान मजबूरी में समितियों पर आ जमे हैं।गणेशपुर क्षेत्र के ग्रामों से आए किसानों ने बताया कि निजी दुकानदारों को इस सीजन में बहुत कम यूरिया मिली है।दूरस्थ किसानों को दर्जनों किलोमीटर दूर जाकर संघर्ष कर समितियों से खाद लेनी पड़ रही है।बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क हुआ तहसीलदार लेखपाल पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे।समिति के सचिव ललित शर्मा ने बताया कि शाम 4 बजे तक 130 बोरी यूरिया फिंगरप्रिंट लेकर वितरित की गई है।शेष किसानों का कहना था कि जब तक खाद नहीं मिलेगी वे समिति से नहीं जाएंगे। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि की रिपोर्ट सहकारी समिति सादुल्लापुर में खाद की कमी के कारण किसानों ने मोहमदपुर चोराहे के पास

अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। किसानों का आरोप है कि समिति में खाद का वितरण सही तरीके से नहीं हो रहा है और सचिव की मनमानी के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है।समिति पर खाद्य लेने आए किसान राजीतराम, मुकेश,शंकर , रामनाथ, श्यामू ,शिवम ने कहा कि समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी फसल प्रभावित हो रही है।तीन दिनों से खाद लेने के लिए टोकन लेकर लाईन लगानी पड़ रही है समीत के चक्र लगा रहे हैं।पुलिस ने किसानों को समझाकर जाम हटवाया और उन्हें ई रिक्शा व पुलिस के वाहन से थाने ले गई।सचिव रवि सिंह ने बताया कि खाद का वितरण विभाग द्वारा बनाए गए रोस्टर के अनुसार किया जाता है। आज वितरण का आदेश नहीं था, इसलिए खाद नहीं दी जा सकी।

# रोटरी क्लब बाराबंकी ने किया छातों का वितरण, बच्चों के चेहरों पर खिला उल्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी । समाज सेवा व जनहित के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाले रोटरी क्लब बाराबंकी ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्राथमिक विद्यालय दरामनगर के छात्र-छात्राओं के बीच छातों का वितरण किया। क्लब के मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन एवं सचिव डॉ. विमल बैसवार के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य में मैनकाइंड फार्मा के अभिषेक श्रीवास्तव व शहाबुद्दीन जी का विशेष सहयोग रहा।

विद्यालय के लगभग 40 बच्चों को छाते भेंट किए गए, जिससे बरसात के मौसम में उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिल सके। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य पूरे विश्व से अशिक्षा को समाप्त करना है। शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यह छोटा सा प्रयास बच्चों को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनेगा।'' विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता कुमारी ने रोटरी क्लब व मैनकाइंड फार्मा का आभार जताते हुए कहा कि ‟आज के इस सहयोग ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाया है। संस्था द्वारा उठाया गया यह कदम निश्चित रूप से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। छाते पाकर बच्चों के चेहरों पर अपार हर्ष झलक रहा था। विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और माहौल में खुशी एवं कृतज्ञता का वातावरण व्याप्त हो गया।

# फिर उफनाई घाघरा, लाल निशान पार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनी सहारा

## आफत की घड़ी में प्रशासन बना सहारा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने संभाली कमान



प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नज़र बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया गया है तथा राहत व बचाव कार्य के लिए टीमें तैनात हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी की जा रही सूचनाओं का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम या स्थानीय प्रशासन को सूचना दें।

**सुश्री गुंजिता अग्रवाल**
**ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बाराबंकी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में घाघरा नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। नेपाल से लगातार आ रहे पानी के कारण नदी उफान पर है और तटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मंगलवार शाम चार बजे तक नदी का जलस्तर 106.360 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से लगभग 28 सेंटीमीटर ऊपर है। बढ़ते जलस्तर के मद्देनज़र प्रशासन ने तुरंत अलर्ट मोड अपना लिया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी सुश्री गुंजिता अग्रवाल ने स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने मातहतों को लगातार निगरानी बनाए रखने, राहत और बचाव कार्यों में तत्परता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में तीन चौकियां बनाई गई हैं और बचाव दलों को सक्रिय कर दिया गया है। ग्रामवासियों का कहना है कि कठिन समय में प्रशासन की यह तत्परता उन्हें हिम्मत और सुरक्षा का भरोसा दिला रही है। विशेष सराहना की जा रही है ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल की, जो केवल एक अधिकारी बनकर नहीं बल्कि ''बेटी'' की तरह पीड़ितों के बीच पहुंच रही हैं। वह स्वयं गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रही हैं, बच्चों और महिलाओं से बातचीत कर उनके दर्द को महसूस कर रही हैं और हर संभव मदद का आश्वासन दे रही हैं। गांववासियों ने भावुक होकर कहा कि ‟मैडम सिर्फ आदेश देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारे बीच खड़ी होकर हमारे दुख-दर्द में सहभागी बन रही हैं। इससे हमें भरोसा है कि हम अकेले नहीं हैं।” प्रशासन की यह सक्रियता और संवेदनशीलता बाढ़ पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। लगातार मॉनिटरिंग, बचाव दलों की तैनाती और प्रभावित परिवारों के बीच व्यक्तिगत उपस्थिति ऽ ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि जिम्मेदार अधिकारी ही आपदा को अवसर में बदल सकते हैं और जनता के बीच विश्वास की नई मिसाल कायम कर सकते हैं।

# नशे में नहाने गया युवक नदी में डूबा मौत

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा व करमुल्लापुर मार्ग पर स्थित एक तालाब मे नहाने के दौरान एक 40 वर्षीय युवक की डूब कर मृत्यु हुई। थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी सफाईकर्मी पप्पू वाल्मीकि पुत्र जीवन वाल्मीकि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े बजे अपने कुछ रिस्तेदारो के साथ दादरा करमुल्लापुर मार्ग पर स्थित देशी शराब ठेका पर शराब पीने के बाद थोड़ी ही दूरी पर स्थित तालाब मे नहाने चला गया नहाते समय मे गहरे पानी मे जाने के कारण युवक डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाल के सहारे शव को तालाब से निकलकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । मृतक के 4 पुत्र है।

# गैरहाजिर और लापरवाही के आरोप में 11 डॉक्टरों को नोटिस जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बगैर किसी सूचना के लगातार गैरहाजिर रहने व पदीय दायित्वों का प्रति लापरवाही व अनुशासनहीनता बरतने वाले डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बाबत लखनऊ के सीएमओ डॉ एनबी सिंह ने ऐसे डॉक्टरों को नोटिस जारी करते हुए 20 अगस्त को समिति के समक्ष स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राजधानी के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर जिला स्वास्थ्य समिति के अधीन संविदा पर डॉक्टर और कर्मचारी तैनात हैं। इन डॉक्टरों की तैनाती आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर की गई है। इनमें 11 चिकित्सक और दो कर्मचारियों पर अनुपस्थित रहने और अभद्रता करने के आरोप लगे हैं। जिसकी जांच के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई गई है। जांच के दौरान आरोप सिद्ध होने पर इनकी बर्खास्तगी तय मानी जा रही है। फिलहाल, जिन डॉक्टरों को नोटिस जारी की गई है उनमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर दसौली की डॉ. शीतल सोनकर (एमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदर्श नगर के डॉ. अभय नारापन यादव (एमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमराईगांव के डॉ. अभिषेक सिंह (एमओ), पीएचसी तोप दरवाजा डॉ. सुभाष प्रसाद (एमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्लन खेड़ा की डॉ. कीर्ति राय (एमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौपटिया के डॉ. मोहसिन रजा (एमओ), लोकबंधु अस्पताल की डॉ. नीलम गंगवार (ईएमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर कटरा विजनबेग के डॉ. मुस्तकुल आफरीन कुरैशी (एमओ), पीएचसी निलमथा की डॉ. शिल्पी गुप्ता (एमओ), आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुबारकपुर के डॉ. देवांश सिंह (एमओ), जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय की डाटा इन्ट्री आपरेटर सरिता कुमारी, सीएचसी माल में तैनात विवेक नवल मिश्रा (बीसीपीएम), केजीएमयू में तैनात डॉ. जिगनेश मिश्रा (ईएमओ) शामिल हैं। गौरतलब है कि बगैर सूचना के ड्यूटी से लगातार गैरहाजिर चल रहे चार डॉक्टर्स को अभी बीते पहली अगस्त को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बर्खास्त किया गया था। इनमें स्वास्थ्य विभाग के तीन डॉक्टर सहित कन्नौज मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग के सहायक आचार्य भी शामिल हैं।

# 53 बच्चों के बावजूद बंद हुआ विद्यालय, अभिभावकों में गहरी नाराजगी

## विद्यालय बंद होने से शिक्षा से वंचित हो रहे मासूम बच्चे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिद्धौर बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर के प्राथमिक विद्यालय चंद्रभानपुर को अधिकारियों ने ख्वाजापुर पंचायत के विद्यालय में मर्ज कर दिया, जबकि विद्यालय में 53 बच्चे नामांकित थे। शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि केवल 50 से कम बच्चों वाले विद्यालयों का ही विलय किया जाएगा। इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही से विद्यालय को बंद कर दिया गया और वर्तमान में यहां मात्र बाल वाटिका संचालित की जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार खंड शिक्षा अधिकारी को इस विषय में लिखित सूचना दी, लेकिन किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। अभिभावकों का कहना है कि ख्वाजापुर का विद्यालय डेढ़ किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित है, जहां छोटे बच्चों को भेजना उनके लिए असंभव है। गांव के राजा बाग मजरे चंद्रभानपुर के करीब 25 बच्चे, जो मुख्यतः दलित समाज से आते हैं, विद्यालय बंद होने के बाद पढ़ाई से वंचित हो गए हैं। अभिभावक कहते हैं कि शिक्षा का अधिकार सिर्फ कागजों पर रह गया है और बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विद्यालय के मर्जिंग के समय बच्चों की संख्या 46 थी, बाद में यह संख्या बढ़कर 53 हो गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नई रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि शासन इस मामले का गंभीरता से संज्ञान ले और चंद्रभानपुर प्राथमिक विद्यालय को पुनः संचालित कराया जाए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# कर्मचारी महासंघ ने की विश्वविद्यालयों में एक समान वेतन की मांग

लखनऊ उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार से प्रदेश के विश्वविद्यालयों में एक समान वेतन की मांग की है।

उप्र राज्य विवि कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की।शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में कर्मचारियों की भूमिका पर श्री प्रधान ने चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के वेतनमान में विसंगत का मसला उठाया।

शुक्ला का कहना था कि प्रदेश के विश्वविद्यालय में तैनात कर्मचारियों के वेतनमान में काफी भिन्नता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि वेतन विसंगति को दूर करने के लिए सभी विश्वविद्यालयों का स्ट्रक्चर एक समान होना चाहिए। जिससे कर्मचारियों में किसी भी प्रकार का रोष उत्पन्न ना हो सके। इस दौरान उन्होंने महासंघ की तरफ से केंद्रीय मंत्री को लखनऊ आने का भी निमंत्रण दिया।

# 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने किया उपमुख्यमंत्री आवास का घेराव

लखनऊ एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किये जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया। पटेल ने कहा कि उन्होंने दो सितंबर को भी केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया था तब उन्होंने त्वरित न्याय किए जाने की बात कही थी और हम अभ्यर्थियों से मुलाकात भी की थी। लेकिन उनकी बात को भी अधिकारियों ने नहीं माना अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया।

# पंचायत सहायक आफरीन बानो ने रचा इतिहास सर्वाधिक फैमिली आईडी बनाने पर सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। केंद्र एवं राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी फैमिली आईडी योजना के अंतर्गत सर्वाधिक फैमिली आईडी बनाने का कीर्तिमान स्थापित करने पर विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर की पंचायत सहायक आफरीन बानो को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर की पंचायत सहायक आफरीन बानो ने अपनी अदम्य मेहनत, लगन और कार्य के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए ब्लॉक स्तर पर सर्वाधिक फैमिली आईडी बनाने की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अल्प समय में ही बड़ी संख्या में परिवारों का पंजीकरण कर इस योजना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुँचाना आफरीन बानो की प्राथमिकता रही है। फैमिली आईडी बनाने की प्रक्रिया में उन्होंने न केवल लोगों को जागरूक किया बल्कि घर-घर जाकर आवश्यक दस्तावेजों को एकत्र करने और ग्रामीणों को योजना की महत्ता समझाने का भी कार्य किया। इससे ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ और उन्होंने बड़ी संख्या में अपनी फैमिली आईडी बनवाई। आफरीन बानो की इस सफलता पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आफरीन बानो ने अन्य पंचायत सहायकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद आफरीन बानो ने विनम्र भाव से कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि पूरी त्रिलोकपुर पंचायत का है। ग्रामीणों का सहयोग और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मेरा कर्तव्य है कि हर परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाऊँ और आगे भी इसी तरह कार्य करती रहूँ। उनकी इस उपलब्धि से न केवल त्रिलोकपुर पंचायत का नाम रोशन हुआ है बल्कि पूरे विकासखंड रामनगर को भी गर्व की अनुभूति हुई है।

**श्यामा देवी कालेज ऑफ एजूकेशन, बड़ेल, फैजाबाद रोड, बाराबंकी-225001**

Email: shyamadevi.education@gmail.com
Web: www.shyamadevi.org
Mob. No. 9451364738, 7905143234

**आवश्यकता है**

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) हिन्दी-प्रवक्ता 01 पद। (2) अंग्रेजी-प्रवक्ता 01 पद। (3) समाज शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (4) शिक्षा शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (5) राजनीति शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (6) गृहविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद। (7) भूगोल-प्रवक्ता 01 पद। एवंविज्ञानसंकाय के अंतर्गत बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) गणित-प्रवक्ता 01 पद। (2) जीवविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।(3) रसायन विज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।

**हेतु निम्न लिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है:-**

**नोट**:-शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान डॉ0 रा.म.लो.अ.वि.वि. अयोध्या/यू.जी.सी./उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी अपना बायो डाटा समस्त शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड,02 कलर फोटोग्राफ के साथ 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन के 15 कार्य दिवसों में स्पीड पोस्ट अथवा महाविद्यालय में आकर आवेदन जमा करें।

**इं0 अभिनव गुप्ता**
**(प्रबन्धक)**

# एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान, बुमराह और कुलदीप की वापसी

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने मंगलवार को यूएई में 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टी20 टीम की घोषणा कर दी है। टी20 विश्व कप 2024 के नायक जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव की एक साल से अधिक समय बाद टीम में वापसी हुई है। श्रेयस अय्यर को एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया है। बुमराह ने आखिरी बार जून 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था, जहां उन्होंने 2/18 के शानदार आंकड़े के साथ भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह उस टूर्नामेंट के प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुने गए थे। हालांकि, चोटों और वर्कलोड मैनेजमेंट की वजह से वह लंबे समय से सफ़ेद गेंद क्रिकेट से दूर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल उपकप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगे। गिल की भी टी20 फॉर्मेट में वापसी हुई है। इस पर कप्तान सूर्यकुमार ने कहा, ल्लजब गिल ने पिछली बार टी20 खेला था तो वह उपकप्तान थे। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट के कारण उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। हम खुश हैं कि वह वापस आए हैं। टीम चयन को लेकर सूर्यकुमार ने अभिषेक शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया है और वह टीम को बैटिंग के साथ बॉलिंग विकल्प भी देते हैं। हालांकि, टीम कॉम्बिनेशन के कारण कुछ खिलाड़ियों को बाहर होना ही था। हालांकि विस्फोटक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह नहीं मिली है, बल्कि उन्हें स्टैंडबाय के रूप में रखा गया है। भारत की एशिया कप 2025 टी20 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह। स्टैंडबाय खिलाड़ी- प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

# ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

एजेंसी



सेंट लुई (अमेरिका)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने सोमवार को पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रा खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने भी हमवतन अलीरेजा फिरौजा के साथ ड्रा खेला। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है। प्रज्ञाननंदा ने गुकेश के खिलाफ सफ़ेद मोहरों से खेलने का पूरा फायदा उठाया और केवल 36 चाल में जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा, ''मुझे नहीं पता कि आज क्या हुआ। मुझे लगता है कि वह थोड़ा असहज था। मैंने लगभग दो साल से उसके खिलाफ क्लासिकल शतरंज में जीत हासिल नहीं की थी। इसलिए आखिरकार जीत हासिल करके अच्छा लग रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के ओम पवार और 64 वर्षीय संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

नोएडा। यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया। टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ल्लमैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। हर आयु वर्ग के लोगों को पिकलबॉल में सक्रिय रूप से भाग लेते देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं नोएडा के निवासियों से अपील करता हूं कि वे इस खेल को सिर्फ प्रतियोगिता के लिए नहीं, बल्कि फिट और स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं। यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के मानद सचिव प्रभात मणि वत्स को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। उन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35+ पुरुष युगल वर्ग में तरुण गोस्वामी के साथ और 50+ स्प्लिट एज मिश्रित युगल वर्ग में विभा चौधरी के साथ स्वर्ण पदक जीते। इसके अतिरिक्त 35+ मिश्रित युगल वर्ग में आदिति जोशी के साथ रजत पदक भी प्राप्त किया। दिल्ली के 18 वर्षीय ओम पवार ने भी तीन पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक और ओपन पुरुष युगल (राकेश बंसल के साथ) व ओपन मिश्रित युगल (सोनिया कौर के साथ) वर्गों में उन्होंने रजत पदक हासिल किया। ओम पवार ने अपने शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा, ल्लमैं इंडिपेंडेंस कप में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मैंने आठ वर्ष की उम्र से पिकलबॉल खेलना शुरू किया और तब से ही इस खेल का दीवाना हो गया। इस खेल से मेरा परिचय मेरे माता-पिता ने कराया था। मैंने अब तक जिला, जोनल और राज्य स्तर पर कई ट्रॉफियां जीती हैं। अब मेरा सपना है कि मैं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामेंट जीतूं। पिकलबॉल की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशी प्रकृति है। यह खेल सभी आयु वर्ग और लिंग के लोगों के लिए उपयुक्त है। इस टूर्नामेंट में 60 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों ने भी न केवल भाग लिया, बल्कि पदक भी जीते। 64 वर्षीय संदीप जैन, जिन्होंने 50+ पुरुष युगल वर्ग में जस्मिंदर सिंह के साथ मिलकर स्वर्ण पदक जीता, ने कहा, ल्लइस टूर्नामेंट में खेलना एक शानदार अनुभव रहा। पिकलबॉल की सबसे खास बात यह है कि यह सभी उम्र के लोगों के लिए है। इसे परिवार के सभी सदस्य एक साथ खेल सकते हैं। मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन को इतनी व्यवस्थित और पेशेवर तरीके से टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए बधाई देता हूं। दिल्ली-एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा में कई पिकलबॉल कोर्ट्स खुल चुके हैं और मैं हर भारतीय से कहूंगा कि इस खेल को अपनाएं। यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) की स्थापना अक्टूबर 2022 में कुछ उत्साही खेल प्रेमियों द्वारा की गई थी, जिनका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में पिकलबॉल खेल को लोकप्रिय बनाना और इसे हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाना है।

### स्वियाटेक ने पाओलिनी को हराकर पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता

सिनसिनाटी। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। विंबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

### टीसीएस ने मेक्सिको में खोला नया केंद्र

मुंबई। देश की अग्रणी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस ने लातिन अमेरिका में नवाचार बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुये मंगलवार को मेक्सिको में नया एआई आधारित ऑपरेशन केंद्र खोलने की घोषणा की। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मेक्सिको सिटी स्थित नया कार्यालय मेक्सिको में उसका आठवां ऑपरेशन केंद्र है। कंपनी ने पिछले 22 साल में देश में 11 हजार कुशल एसोसिएट्स का कार्यबल तैयार किया है। नया केंद्र अगले दो साल में रोजगार के और अवसर पैदा करेगा। इस केंद्र पर एआई विशेषज्ञों और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की तैनाती की जायेगी। टीसीएस ने बताया कि इस नये कार्यालय के स्थापना लातिन अमेरिका में उसकी विकास रणनीति का महत्वपूर्ण अंग है। यह नवाचार का इंजन होगा जहां से स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय क्लाइंटों को एआई, क्लाउड, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और एप्लिकेशन डेवलपमेंट जैसी सेवाएं प्रदान की जायेंगी। लातिन अमेरिका में मेक्सिको टीसीएस के लिए नवाचार का केंद्र रहा है। कंपनी पिछले 22 साल से वहां सक्रिय है और वहां सबसे ज्यादा रोजगार देने वाली कंपनियों में शामिल है।

# जूनियर विश्व नंबर 1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम-विश्व तेज मजबूत भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, ''हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो-चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा। स्थानीय प्रशंसकों के समर्थन से राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के अंदर ऊर्ज़ा बढ़ने और देश के लिए ऐतिहासिक परिणाम हासिल करने के लिए युवा शटलरों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। 25 सदस्यों में, वेन्नाला लड़कियों के युगल में रेशिका यू के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि भव्य छाबड़ा और विष्णु केदार कोडे लड़कों के युगल और मिश्रित युगल में भाग लेंगे। भारतीय टीमः लड़कों का एकल (अंडर-19): रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथाजुआला एच., सूर्याक्ष रावत लड़कियों का एकल (अंडर-19): तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुड्डा, रक्षिता श्री एस.। लड़कों का युगल (अंडर-19): सुमित ए.आर. / भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला / विश्व तेज गोब्बुरू, विष्णु केदार कोडे / मिथिलेश पी. कृष्णन।

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 : मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज़ मनु भाकर ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु ने फाइनल में 219.7 अंक हासिल किए। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की कियान्के मा (243.2 अंक) ने जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की जीइन यांग (241.6 अंक) को रजत पदक मिला। टीम इवेंट में भी भारत को कांस्य पदक मिला। मनु, सुरूचि सिंह और पलक गुलिया की तिकड़ी ने 1730 अंक जुटाए। भारत की टीम केवल एक अंक से कोरिया (1731) से पीछे रही, जबकि चीन ने 1740 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में मनु ने 583 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। चीन की कियान्शुन याओ 584 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। सुरूचि और पलक फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं।

# कोल इंडिया ने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ किया समझौता

एजेंसी



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) के साथ कोलकाता में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियों के बीच यह गैर-बाध्यकारी समझौता रेल अवसंरचना परियोजनाओं का विकास करने के लिए किया गया है। शेयर बाजार को मंगलवार को दी गई जानकारी में बताया गया कि? इस समझौता ज्ञापन पर सीआईएल के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक और केआरसीएल के निदेशक (वित्त) राजेश भड़ंग ने सीआईएल अध्यक्ष पीएम प्रसाद और दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी ने कहा कि कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के लिए रेल अवसंरचना परियोजनाओं के विकास और रखरखाव के लिए कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की गई है। यह समझौता कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के लिए कोयला परिवहन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80 फीसदी से अधिक का योगदान देने वाली सीआईएल कोयला परिवहन में सुधार के लिए अपने रेल बुनियादी ढांचे को सक्रिय रूप से मजबूत कर रही है। कोयला खनन कंपनी सीआईएल ने इससे पहले इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ भी समझौता किया था।

# गौतम अडानी ने दूसरे देशों पर निर्भरता के खिलाफ 'स्वतंत्रता संग्राम' का किया आह्वान

एजेंसी

खड़गपुर। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने सोमवार को युवाओं से विदेशी तकनीक, ऊर्ज़ा और डेटा प्रणालियों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता के खिलाफ 'दूसरे स्वतंत्रता संग्राम' की शुरुआत करने का आह्वान किया। आईआईटी खड़गपुर के हीरक जयंती समारोह में श्री अडानी ने कहा कि भारत ने भले ही 1947 में राजनीतिक बंधनों की बेड़ियाँ तोड़ दी थीं, लेकिन 2025 में भी आयातित सेमीकंडक्टर, ऊर्ज़ा और सैन्य प्रणालियों पर निर्भरता के कारण यह बाहरी शक्तियों के सामने असुरक्षित बना हुआ है। उन्होंने कहा, ल्लआज हमें जो युद्ध लड़ने हैं, वे अक्सर अदृश्य होते हैं। ये युद्ध सर्वर फार्म में लड़े जाते हैं, खाइयों में नहीं। ये हथियार एल्गोरिदम हैं, बंदूकें नहीं। ये साम्राज्य जमीन पर नहीं, बल्कि डेटा सेंटरों में बनते हैं। आईआईटी छात्रों को 'देश के नये स्वतंत्रता सेनानी' बताते हुए श्री अडानी ने कहा कि उनके हथियार विचार और नवाचार हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुनें। उन्होंने कहा, ल्लएक रास्ता आपको वेतन तक ले जाता है, दूसरा आपको विरासत तक ले जाता है और सिर्फ एक रास्ता है जो भारत निर्माण के गौरव की राह दिखाता है। इस मौके पर अरबपति उद्योगपति ने छात्रों के साथ सफल कारोबारी बनने के मंत्र भी साझा किए। उन्होंने कहा कि अपनी जीवन यात्रा में उन्हें एक गहरी बात का एहसास हुआ है कि अच्छा बिजनेसमैन वही बन सकता है जो सचमुच स्वतंत्र विचारों वाला हो और उसमें जोखिम उठाने, तेजी से निर्णय लेने और नुकसान के साथ सहज रहने की क्षमता हो। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की कोई भी कंपनी तभी तरक्की हासिल कर सकती है जब वह किसी दूरदर्शी सरकार की नीतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। श्री अडानी ने आईआईटी प्लैटिनम जुबली चेंज मेकर्स फ़ेलोशिप की शुरुआत की घोषणा भी की। इसे सभी आईआईटी संस्थानों में शुरू किया जायेगा।

# स्कूट शुरू करेगी चियांग राय, ओकिनावा और टोक्यो (हनेडा) के लिये उड़ानें

एजेंसी

नयी दिल्ली। सिंगापुर एयरलाइंस की सहायक कंपनी स्कूट ने मंगलवार को थाईलैंड के चियांग राय और जापान के ओकिनावा तथा टोक्यो (हनेडा) के लिये सिंगापुर से नयी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ये उड़ानें दिसंबर 2025 और मार्च 2026 के बीच एक-एक करके शुरू होंगी, जिससे साल के अंत और नये साल के मौके पर घूमने जाने की योजना बना रहे पर्यटकों के लिए ज्यादा विकल्प उपलब्ध होंगे।

भारत से यात्री अमृतसर, चेन्नई, कोयम्बटूर, तिरुवनंतपुरम्, तिरुचिरापल्ली और विशाखापत्तनम् से सिंगापुर के रास्ते तीनों गंतव्यों की बुकिंग करा सकते हैं। थाईलैंड के सबसे उत्तरी भाग में स्थित पर्वतीय इलाका चियांग राय अपनी सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। वहां की आबादी में विभिन्न पहाड़ी जनजातियां शामिल हैं। स्कूट 01 जनवरी 2026 से एम्ब्रेयर ई190-ई2 विमान से चियांग राय के लिए उड़ान शुरू करेगी। सप्ताह में पाँच उड़ानें होंगी। जापान का उपोष्णकटिबंधीय स्वर्ग कहा जाने वाला ओकिनावा एक द्वीपसमूह है जो अपने प्राचीन समुद्र तटों, साफ पानी और अद्वितीय रयूकू संस्कृति के लिए जाना जाता है। सांस्कृतिक और प्राकृतिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों से समृद्ध ओकिनावा और जापान की राजाधानी टोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे के लिए भी स्कूट सेवाएं शुरू करेगी। ओकिनावा के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें 15 दिसंबर 2025 से शुरू होंगी। एरलाइंस इस मार्ग पर एयरबस ए320 परिवार के विमान का परिचालन करेगी। हनेडा के लिए दैनिक उड़ान 1 मार्च 2026 से शुरू होगी जिसके लिए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर का परिचालन करने की योजना है।

# सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, चांदी की कीमत में मामूली उछाल

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है। आज सोना 400 रुपये से लेकर 430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,350 रुपये से लेकर 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भारत की कूटनीति विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि भारत के कूटनीतिक प्रयास देश की घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े होने चाहिए। उन्होंने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को न केवल भारत के हितों के संरक्षक, बल्कि उसकी आत्मा के राजदूत के रूप में भी देखें। वह राष्ट्रपति भवन में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने के लिए बधाई दी और कहा कि वे अपनी यात्रा शुरू करते हुए जहां भी जाएं, भारत के सभ्यतागत ज्ञान के मूल्यों- शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद को अपने आचरण में दर्शाएं। साथ ही उन्हें हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुले रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। भू-राजनीतिक परिस्थितियां, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और बहुपक्षवाद की चुनौतियां सामने हैं। ऐसे समय में युवा अधिकारियों की चपलता और अनुकूलन क्षमता, भारत की सफलता की कुंजी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है चाहे वह वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच असमानता से उत्पन्न मुद्दे हों, सीमापार आतंकवाद का खतरा हो, या जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हों। भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक निरंतर उभरती हुई आर्थिक शक्ति भी है। हमारी आवाज़ का महत्व है। राजनयिकों के रूप में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया उनके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में देखेगी। राष्ट्रपति ने आज के समय में सांस्कृतिक कूटनीति के बढ़ते महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद, मिलेट्स (मोटे अनाज) के साथ-साथ भारत की संगीत, कला, भाषा और आध्यात्मिक परंपराओं को दुनिया के सामने और अधिक रचनात्मक तथा प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।



# केंद्र ने 6-लेन भुवनेश्वर बाईपास को दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली,। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को ओडिशा में हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर 8307.74 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास - 110.875 किमी) के निर्माण को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी आबादी वाले शहरों के कारण रामेश्वर से तांगी के बीच काफी भीड़भाड़ रहती है। इससे निपटने के लिए 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास का प्रस्ताव है।

उन्होंने बताया कि परियोजना से प्रत्यक्ष तौर पर लगभग 74.43 लाख व्यक्ति-दिवस और अप्रत्यक्ष तौर पर 93.04 लाख व्यक्ति-दिवस रोज़गार सृजित होगा। आसपास के क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेंगे। यह परियोजना 3 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-55, एनएच-57 और एनएच-655) और एक राज्य राजमार्ग (एसएच-65) को जोड़ती है। यह ओडिशा के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगी। यह परियोजना कटक, भुवनेश्वर और खोरधा शहरों से भारी वाणिज्यिक यातायात को मोड़कर ओडिशा और अन्य पूर्वी राज्यों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेगी। इससे माल ढुलाई की दक्षता बढ़ेगी, रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। विकसित कॉरिडोर 10 आर्थिक केंद्रों, 4 सामाजिक केंद्रों और 5 लॉजिस्टिक्स केंद्रों से जुड़कर बहु-मॉडल एकीकरण को बढ़ाएगा। साथ ही यह 1 प्रमुख रेलवे स्टेशन, 1 हवाई अड्डा, 1 प्रस्तावित मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और 2 प्रमुख बंदरगाहों के साथ कनेक्टीविटी बेहतर करेगा। इससे पूरे क्षेत्र में माल और यात्रियों की तेज़ आवाजाही संभव होगी। सरकार का कहना है कि पूरा होने पर यह बाईपास क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रमुख धार्मिक और आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। साथ ही व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## केंद्र ने कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के विकास को दी मंजूरी, 1507 करोड़ होंगे खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राजस्थान के कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का 1507 करोड़ की लागत से विकास करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज कोटा-बूंदी में हवाई अड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इस परियोजना में 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले एक टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है। व्यस्त समय में यह टर्मिनल भवन 1000 यात्रियों (पीएचपी) को संभालने में सक्षम होगा। इसकी वार्षिक क्षमता 20 लाख यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी। रनवे 11/29 का आकार 3200 मीटर गुना 45 मीटर होगा। ए-321 प्रकार के विमानों के लिए 07 पार्किंग बे के साथ एक एप्रन भी होगा।

## अमूल दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में आज कहा कि अमूल को दुनिया के सबसे सशक्त खाद्य और डेयरी ब्रांड का दर्ज़ा दिया गया है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड है। श्री शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल के अनुसार गुजरात में 15740 डेयरी सहकारी समितियां कार्यशील है। गुजरात में एक सुविकसित डेयरी सहकारी नेटवर्क है जिसका नेतृत्व गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (अमूल) करता है जिसमें 18 जिला संघ और 36 लाख से अधिक सदस्य शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गुजरात से अमूल अपने सहकारी नेटवर्क के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 250 लाख लीटर दूध प्राप्त करता है जिससे गुजरात देश के अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्यों में से एक बन गया है। अमूल को दुनिया के सबसे सशक्त खाद्य और डेयरी ब्रांड का दर्ज़ा दिया गया है और सालाना 24 अरब पैक बिकने के साथ यह दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला ब्रांड है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत गुजरात को 515 करोड़ के कुल परियोजना परिव्यय के साथ 315 करोड़ की अनुदान सहायता प्राप्त हुई है जिसके परिणामस्वरूप 2052 बल्क मिल्क कूलर, 4309 स्वचालित दूध संग्रहण प्रणालियां और दूध में मिलावट का पता लगाने वाली एक हजार मशीनें स्थापित की गयी हैं।

## अठावले लंदन समारोह में कोहिनूर ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित

मुंबई। केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावले को लंदन में एक समारोह में 'भारत का कोहिनूर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। श्री अठावले को यह सम्मान दलितों, वंचितों और बहुजन समाज के सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए उनके पाँच दशक लंबे प्रयासों का प्रतिफल है। वेदांता समूह के अध्यक्ष, उद्योगपति अनिल अग्रवाल और हिंदुजा समूह के प्रमुख संजय हिंदुजा ने सोमवार को अठावले को यह पुरस्कार प्रदान किया। यह कार्यक्रम एक स्थानीय दैनिक की ओर से वैश्विक आर्थिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में आयोजित किया गया था, जिसमें समूह के विजय दर्डा और राजेंद्र दर्डा भी उपस्थित थे। श्री अठावले ने इस सम्मान के लिए दर्डा बंधुओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पुरस्कार भारत के सामाजिक न्याय आंदोलन में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सम्मान करता है।

# बीकेआई आतंकवादी मॉड्यूल के दो और कार्यकर्ता गिरफ्तार, एक हैंड ग्रेनेड बरामद

एजेंसी

जालंधर/ चंडीगढ़। बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के कुछ दिनों बाद, काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने उसी मॉड्यूल के दो और गुर्गों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक 86पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान विश्वजीत और जैक्सन के रूप में हुई है, जो नकोदर के शंकर इलाके के निवासी हैं।

पंजाब पुलिस ने नवांशहर ग्रेनेड हमले में शामिल होने के आरोप में बीकेआई मॉड्यूल के ऋतिक नरोलिया और सोनू कुमार उर्फ काली समेत पांच गुर्गों और तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया था और उनके पास से एक 86पी हैंड ग्रेनेड और एक .30 बोर की पिस्तौल बरामद की थी। श्री यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले राजस्थान से बीकेआई के दो गुर्गों ऋतिक नरोलिया और एक किशोर की गिरफ्तारी के बाद, जालंधर के सीआई ने आगे और पीछे के लिंकेज पर तेज़ी से कार्रवाई करते हुए एक 86पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे के बाद उनके सहयोगी विश्वजीत को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया - जब वह मलेशिया भागने की कोशिश कर रहा था, जबकि उसके साथी जैक्सन को नकोदर से गिरफ्तार किया गया है, जिससे उक्त हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये गये सभी आरोपी कनाडा स्थित बीकेआई के सरगना जीशान अख्तर और अजय गिल के निर्देशों पर काम कर रहे थे। एआईजी सीआई नवजोत सिंह महल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विश्वजीत और जैक्सन ने इस साल जुलाई के आखिरी हफ्ते में अपने साथियों के जरिये ब्यास से दो हथगोले बरामद किये थे। उन्होंने बताया कि इनमें से एक हथगोला 10 दिन पहले एसबीएस नगर स्थित एक शराब की दुकान में इसी मॉड्यूल के अन्य सदस्यों ने विस्फोट किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# गलत तथ्यों के आधार पर देश को गुमराह कर रहे हैं राहुल : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह गलत तथ्यों के आधार पर देश को गुमराह कर रहे हैं।

श्री गांधी के मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए यह बात कही है। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित एक संवाददता सम्मेलन में पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सीएसडीएस पर झूठ परोसने का आरोप लगाया और कहा कि श्री गांधी ने इन गलत आंकड़ों से भ्रम फैलाने का काम किया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पिछले कुछ दिनों से हम सभी ने देखा है कि एक तरफ संविधान, सत्य और भारत की जनता की सच्चाई की ताकत है और दूसरी तरफ अराजकता और गलत तथ्यों को फैलाने का राहुल गांधी का मॉडल... जिसमें संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाना और जब आरोप का प्रमाण मांगा जाए तो भाग जाना उनका काम है। उन्होंने कहा, जो वोट चोरी का आरोप तमाम विपक्षी दल लगा रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खराब है, वीवीपैट से मिलान ठीक नहीं होता है, यह सब श्री गांधी और विपक्ष के सिर्फ बेबुनियाद आरोप हैं। श्री भाटिया ने कहा कि श्री गांधी ने 03 फरवरी 2025 को कहा महाराष्ट्र में 70 लाख वोट बढ़े हैं और 09 जुलाई 2025 को बिहार में कहते हैं कि एक करोड़ वोट बढ़े हैं। आखिर आंकड़ों में इतना बड़ा बदलाव पर आखिर वह कहना क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जब चुनाव आयोग शपथ पत्र देने और बात करने को कहता है तो वे ऐसा नहीं करते हैं, क्योंकि वे सिर्फ झूठ की दुकान चला रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## भारत को उर्वरक...

विदित हो कि प्रधानमंत्री मोदी के इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से इतर चीन का दौरा करने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक करने की उम्मीद है। गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं। उन्होंने कहा, ़ पिछले कुछ वर्षों में हमें जो मुश्किलें झेलनी पड़ीं, वे हमारे हित में नहीं थीं। सीमा विवाद से जुड़े विशेष मुद्दों के समाधान और परस्पर विश्वास बढाने की मंशा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, चीन भारत के साथ और अधिक आम सहमति बनाने के लिए तैयार है। हमें सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को उचित ढंग से सुलझाना चाहिए और रणनीतिक बातचीत के माध्यम से आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की पिछले वर्ष कजान में हुई बैठक के बाद सीमा पर स्थिरता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि चीन शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का का स्वागत करता है। उन्होंने कहा , ़ प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कज़ान में मुलाकात की। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब सीमाओं पर स्थिरता बहाल हो गई है। हम एससीओ के लिए प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा का स्वागत करते हैं। इतिहास और वास्तविकताएं साबित करती हैं कि भारत और चीन के बीच स्वस्थ और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करता है। श्री वांग ने कहा, बीजिंग में सीमा वार्ता के 23वें दौर में, हमने असहमतियों को दूर करने, सीमाओं को स्थिर करने और समझौते की दिशा में आगे बढ़ने पर नई और महत्वपूर्ण सहमति हासिल की। भारत और चीन ने विशिष्ट लक्ष्यों की पहचान की और एक कार्यकारी ढाँचा तैयार किया। श्री डोभाल ने वार्ता में हिस्सा लेने आये चीन के शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं। शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मज़बूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशेष प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जायेंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। श्री डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आयेगी। इससे पहले श्री वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ एस़ जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी।

## भारत-चीन के...

में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ निरंतर प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि वह इस महीने के अंत में चीन यात्रा के दौरान श्री शी से मिलने के लिए उत्सुक हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा , ़ विदेश मंत्री वांग यी से मिलकर खुशी हुई। पिछले साल कज़ान में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मेरी मुलाक़ात के बाद से, भारत-चीन संबंधों में एक-दूसरे के हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के साथ निरंतर प्रगति हुई है। मैं शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान तियानजिन में होने वाली हमारी अगली मुलाक़ात का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ। भारत और चीन के बीच स्थिर, विश्वसनीय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## राष्ट्रपति के संदर्भ का उत्तर...

अंतर-न्यायालयीय अपील बताते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने दावा किया कि राष्ट्रपति का परामर्श क्षेत्राधिकार पुनर्विचार याचिका का विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने तर्क दिया कि संविधान पीठ से तमिलनाडु मामले में निर्णय, गुण-दोष और विषय-वस्तु को बदलने के लिए कहा जा रहा है। पीठ ने श्री सिंघवी से पूछा, यह उस निर्णय को कैसे बदलेगा जो पहले ही एक खंडपीठ द्वारा दिया जा चुका है? आप इस तरह आगे बढ़ रहे हैं मानो निर्णय स्वतः ही रद्द हो जाएगा। यह सही नहीं है। आप ऐसा क्यों मान रहे हैं। केरल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के के वेणुगोपाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही संविधान के अनुच्छेद 200 के संबंध में इसी तरह के प्रश्नों की व्याख्या कर चुका है, जिसके अनुसार राज्यपालों को पंजाब, तेलंगाना और तमिलनाडु से संबंधित मामलों में राज्य के विधेयकों पर 'यथाशीघ्र' कार्रवाई करनी होती है। वरिष्ठ अधिवक्ता वेणुगोपाल ने दलील दी कि तमिलनाडु मामले में पहली बार विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर स्वीकृति के लिए एक समय सीमा तय की गई थी। और इस बात पर ज़ोर दिया कि एक बार जब फ़ैसले इस क्षेत्र को शामिल कर लेते हैं तो राष्ट्रपति के नए संदर्भ पर विचार नहीं किया जा सकता। उन्होंने ने ज़ोर देकर कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रपति से संदर्भ प्राप्त करने के लिए अनुच्छेद 143 का सहारा लेने के बजाय औपचारिक समीक्षा की मांग करनी चाहिए थी। इस पर पीठ ने उनसे कहा, ़हमें एक भी ऐसा फ़ैसला दिखाइए जहाँ खंडपीठ में संदर्भ मान्य न हो। हम इस मुद्दे पर फ़ैसला नहीं कर रहे हैं कि तमिलनाडु सही है या नहीं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने केरल और तमिलनाडु दोनों सरकारों की दलीलों का विरोध किया। गौरतलब है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पहले लिखित दलील में तर्क दिया था कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति पर निश्चित समय-सीमाएँ थोपना सरकार के एक अंग द्वारा संविधान द्वारा उसे प्रदान न की गई शक्तियों को ग्रहण करने के समान होगा तथा इससे 'संवैधानिक अव्यवस्था' पैदा होगी। शीर्ष अदालत ने 29 जुलाई को कहा था कि वह राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय करने से संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से करेगी। मुख्य न्यायाधीश गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने कहा था शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे। उसके बाद, हम 19, 20, 21, 26 अगस्त को संदर्भ का समर्थन करने वाले अटॉर्नी जनरल और केंद्र सरकार की सुनवाई शुरू करेंगे। संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की सुनवाई 28 अगस्त, 2, 3 और 9 सितंबर को होगी। यदि कोई प्रत्युत्तर होगा, तो उस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी। पीठ ने केंद्र सरकार और संदर्भ का विरोध करने वाले पक्षों की ओर से अधिवक्ता अमन मेहता और मीशा रोहतगी को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया था।

## युवाओं में ग्लोबल...

वे इस अवसर का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं। इस छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग 38,048 पाउंड से 42,076 पाउंड (लगभग 45 से 48 लाख रुपये) का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 19,800 पाउंड (23 लाख रुपये) वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा। ब्रिटिश हाई कमिश्नर टू इंडिया, लिंडी कैमरन ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि लखनऊ आकर इस समझौते पर हस्ताक्षर करना बेहद खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा। यह यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूके विजिट के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा ट्रेड एग्रीमेंट और विजन 35 साइन किया गया है, जिससे शिक्षा के साथ-साथ व्यापार के शानदार अवसर भी खुलेंगे। इस साझेदारी से भारत और विशेषकर उत्तर प्रदेश के छात्रों को वैश्विक मंच पर बड़ा फायदा होगा।

## अब तक 22...

वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाश किया गया। फिर 12 अगस्त तक सभी जिलों को सूचना पंचायतीराज निदेशालय को भेजनी थी लेकिन अभी तक 53 जिलों ने निदेशालय को जानकारी नहीं भेजी। अभी ग्राम पंचायतों में 731811 वार्ड हैं और अब 4608 वार्ड घट जाएंगे। वहीं क्षेत्र पंचायतों के 75855 वार्ड हैं और इसमें से 250 घटेंगे। जिला पंचायतों में 3051 वार्ड हैं और इसमें से 12 वार्ड अब कम हो जाएंगे। प्रदेश में 1000 की जनसंख्या पर वार्डों की संख्या नौ, 1001 से 2000 तक 11, 2001 से 3000 तक 13 और इससे अधिक कितनी भी जनसंख्या होने पर 15 वार्ड बनाए गए हैं।

## अयोध्या में स्थापित...

को भूमि सर्च का आदेश मिल गया है। फुंडे ने बताया कि अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए तीन नए थाना स्थापित करने की योजना है। इससे कानून व्यवस्था पर और नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। एटीएस यूनिट स्थापित हो जाने के बाद राममंदिर सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी।

## मोदी की विपक्ष से...

करते हुए समाज और देश के लिए काम किया है। अगर ऐसा व्यक्ति देश का उपराष्ट्रपति बने, तो यह देश के लिए बहुत खुशी की बात होगी। श्री राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान श्री मोदी और राजग के घटक दलों के सांसदों के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। राजग ने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। इस संबंध में सोमवार देर शाम केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर एक अहम बैठक हुई और उसमें तय हुआ कि श्री राधाकृष्णन बुधवार को सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा कई केंद्रीय मंत्री समेत एनडीए के शीर्ष नेता मौजूद थे। राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन बुधवार (20 अगस्त) को दाखिल कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले गक्ष को लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों वाले निर्वाचक मंडल में पूर्ण बहुमत प्राप्त है, ऐसे में राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है। इस बीच, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) से संकेत मिल रहे हैं कि वह अपना उम्मीदवार उतारेगा और चुनाव लड़ेगा। भाजपा के अनुभवी नेता राधाकृष्णन (67) तमिलनाडु से ताल्लुक रखते हैं और महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। (एजेंसी इनपुट्स के साथ)

## पूर्व न्यायाधीश सुदर्शन...

संघर्ष में एकजुट हैं और उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। श्री खरगे ने कहा कि श्री रेड्डी देश के प्रतिष्ठित न्यायविद् हैं और कई उच्च न्यायालयों में सेवाएं देने के बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश भी रहे हैं। विपक्षी के दलों के नेताओं के साथ गहन विचार विमर्श के बाद श्री रेड्डी के नाम पर सबकी सहमति बनी है और उन्हें सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि श्री रेड्डी अपने पूरे कार्यकाल में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के अडिग समर्थक रहे हैं। सत्ता पक्ष के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन आरएसएस पृष्ठभूमि के हैं और विपक्ष को यह मंजूर नहीं है। इन सब स्थितियों में विपक्ष के उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय एक वैचारिक संघर्ष का परिणाम है। विपक्ष जिन मूल्यों के लिए लड़ रहा है उनकी हिफाजत के लिए श्री रेड्डी का नाम सर्वमान्य और सबसे उपयुक्त है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री रेड्डी उन मूल्यों को पूरी तरह से प्रतिबिंबित करते हैं जिन्होंने हमारे देश के स्वतंत्रता आंदोलन को आकार दिया, जिन मूल्यों पर देश का संविधान और लोकतंत्र टिका हुआ है। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को एक वैचारिक संघर्ष करार देते हुए कहा है कि श्री रेड्डी जीवनभर संविधान के मूल्यों को प्रतिविम्बित कर इन मूल्यों के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं। श्री खरगे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रहे श्री रेड्डी देश के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका लंबा कानूनी अनुभव रहा है, जिसमें आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्य करना शामिल है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए लड़ने वाले श्री रेड्डी सबके लिए समान न्याय के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर हमला किया जा रहा है और इंडिया गठबंधन इन हमलों का सख्ती से जवाब दे रहा है। विपक्षी दलों ने सत्ता पक्ष के इस हमले की चुनौती को स्वीकार किया है और इससे लड़ने तथा दृढता से इन चुनौतियों का मुकाबला करने का संकल्प लिया गया है और उसी संकल्प का प्रतिबिम्ब है कि श्री रेड्डी को विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकन के बाद अपना कानूनी करियर शुरू करने वाले श्री रेड्डी ने शुरुआत में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में दीवानी और रिट मामलों में वकालत की और 1988 से 1990 तक उच्च न्यायालय में सरकारी वकील रहे श्री रेड्डी केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के साथ ही उस्मानिया विश्वविद्यालय के कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील भी रहे। वह मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बने और फिर दिसंबर 2005 में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए। श्री रेड्डी जनवरी 2007 में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त हुए और जुलाई 2011 को सेवानिवृत्त हुए। श्री रेड्डी का मुकाबला राजग के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े के बाद, उपराष्ट्रपति पद खाली है। इसके लिए चुनाव 09 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त है।

